दैनिक
सुनहरा संसार
न्यूज़ नेटवर्क

सुनहरा संसार NEWS NETWORK CHANNEL

प्रतिदिन
अंक : 5
दिनांक : 23 नवम्बर
वर्ष : 21
पृष्ठ : 12
मूल्य : 5 रुपये

राजस्थान | पंजाब | हरियाणा | उत्तरप्रदेश | मध्यप्रदेश | बिहार | गुजरात | महाराष्ट्र | में पढ़े जाने वाला समाचार पत्र

DAVP No. 0810F21125/05 | RNI No. UPHIN/2005/24731 | Email : sunahara.sansar@gmail.com | व आगरा, गाजियाबाद व पंजाब से प्रकाशित

चुनाव से पहले कार्यकर्ताओं में जोश भरने पहुंचे राजनाथ सिंह, कहा- हैट्रिक बनाएगी भाजपा

हरिद्वार

विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों में जुटी भाजपा ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए सदस्यता अभियान तेज करने की रणनीति बनाई है। आज प्रदेश विस्तृत कार्यसमिति की बैठक हो रही है। इसमें प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्यों और पदाधिकारियों की मौजूदगी में बूथ से लेकर मंडल और जिला स्तर तक के कार्यक्रमों को अंतिम रूप दिया जाएगा। सरकार की उपलब्धियों को लेकर जनआशीर्वाद यात्रा के माध्यम से सभी विधानसभा क्षेत्रों तक पहुंचने की योजना पर भी चर्चा होगी। बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी पहुंचे।वह आगामी विधानसभा चुनाव में सुरक्षित जीत का मंत्र देंगे। पार्टी के वरिष्ठ नेता राजनाथ के संगठन व सरकार में काम करने के उनके लंबे अनुभव से प्रदेश भाजपा को जीत के लिए मार्गदर्शन मिलेगा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ,प्रदेश प्रभारी, सह प्रभारी समेत अन्य पदाधिकारी कार्य समिति में शामिल हैं। रक्षामंत्री ने अपने संबोधन में कार्यकर्ताओं को पार्टी की ताकत बताया। उन्होंने कहा कि मैं शीश झुकाकर कार्यकर्ताओं का अभिनंदन करता हूं। मैं चार दिन से जापान में था। लेकिन संगठन के नेता राम माधव का आदेश हुआ, इसलिए आना पड़ा। उत्तराखंड आने पर बहुत सुखद अनुभूति होती है। यहां आने पर मुझे शांति का भाव पैदा होता है । दूसरा भाव लंबे समय से कार्य कर रहे कार्यकर्ताओं से मिलने की प्रसन्नता का भाव पैदा होता है। तीसरा भाव उपलब्धि और संतोष का भाव पैदा होता है। उत्तराखंड में लगातार दो बार सरकार बनेगी, यह हम नहीं सोचते थे, लेकिन आप सब कार्यकर्ताओं का भाव देखकर लगता है कि हम फिर सरकार बनाने में सफल होंगे। उत्तराखंड में हमारी सरकार बनेगी, इसका पूर्ण भाव मेरे अंदर पैदा हो रहा है। इस आयोजन को मैं साधारण आयोजन नहीं



मानता। यह संकल्प लेने का दिन है। एक बार फिर हम मजबूत और घुसपैठियों को भगाने वाली सरकार बनाएंगे। कहा कि एक देश, दो विधान नहीं चलेगा, यह बात हमारे नेता ने कही थी। एकात्म मानववाद सामान्य विषय नहीं है। एकात्म मानवाद के दर्शन पर हमारी पार्टी चल रही है। संगठन और विचारधारा के अभाव में कोई भी पार्टी कमजोर होती है। जहां कल्पना नहीं थी, आज भाजपा वहां भी विकास कर रही है। सत्ता रहे या जाए, हम अपने विचारों से कोई समझौता नहीं करते। हमारा मूल्यांकन इस आधार पर होना चाहिए कि हम अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के लिए कार्य करने में कितना सफल रहे। भाजपा को चुनाव हारना मंजूर है, लेकिन विचारधारा से समझौता करना मंजूर नहीं है।

राजनाथ ने 'मंत्र' साधे

1. आपको समझना होगा कि भाजपा का बल संगठन है। भाजपा का बल सरकार नहीं है। यह बल तभी बना रहता है जब बात होती रहती है।
हर कार्यकर्ता को यह एहसास होना चाहिए।
2. जनप्रतिनिधि के लिए सबसे बड़ी चीज जनता का भरोसा होता है। यह हर हाल में बना रहना चाहिए।
3. आज के डिजिटल युग में संवाद के नए तरीके हैं। उनसे लोगों से जुड़े रहें। आपके पास मोबाइल है। सोशल मीडिया का इस्तेमाल हवा का रुख समझने में करें। किसी पर व्यक्तिगत हमला न करें।
4. प्रधानमंत्री के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी हो रही है, लेकिन हम उनकी भाषा में जवाब नहीं देंगे।
5. राहुल गांधी उस पर ताली बजाते रहे। क्या इनके हाथ में सत्ता जानी चाहिए। किसी विदेशी आदमी के द्वारा प्रधानमंत्री पर आपत्तिजनक टिप्पणी करवाना बहुत गलत है। युवाओं को साथ जोड़ना हमारी ताकत है।
6. विपक्ष की झूठी बातों को तथ्यों के आधार पर खंडन करें। तथ्यों में पैनी धार होती है।
7. मोदी मिशन के बारे में सबको बताइए। साढ़े 12 साल जनसेवा और राष्ट्र निर्माण की कहानी है।
8. राजनीति में नैतिकता और अनुशासन बनाए रखें। नीचे का कार्यकर्ता ऊपर देखता हूं। हम दूसरे दलों से इसी कारण अलग हैं।

एससीओ का इंद्रप्रस्थ घोषणापत्र : हर सभ्यता को बराबर सम्मान; सांस्कृतिक विरासत बचाने पर जोर



नई दिल्ली

भारत की मेजबानी में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सभ्यता संवाद मंच में रविवार को 'इंद्रप्रस्थ घोषणापत्र' जारी किया गया। इस दस्तावेज में दुनिया की हर सभ्यता को समान सम्मान और अपनी बात रखने का बराबर अधिकार देने पर जोर दिया गया है। इसके साथ ही सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखने और उसकी अवैध तस्करी रोकने की जरूरत भी बताई गई है। तीन दिवसीय इस मंच में एससीओ के सदस्य देशों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। यह आयोजन दिल्ली के ऐतिहासिक पुराना किला में आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 20 नवंबर को इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया था। इसमें एससीओ के विभिन्न सदस्य देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए। पाकिस्तान के संघीय मंत्री मुसादिक मलिक ने भी मंच में हिस्सा लिया। इस आयोजन के समापन के दौरान इंद्रप्रस्थ घोषणापत्र को परिणाम दस्तावेज के रूप में सामने लाया गया। कार्यक्रम में पाकिस्तान के संघीय मंत्री मुसादिक मलिक की मौजूदगी के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच संभावित बातचीत को लेकर सवाल पूछा गया। इस पर केंद्रीय संस्कृति सचिव विवेक अग्रवाल ने कहा कि दोनों देशों के बीच कोई औपचारिक द्विपक्षीय बातचीत नहीं हुई। हालांकि, उन्होंने बताया कि भोज के दौरान भारतीय पक्ष के सदस्यों की पाकिस्तानी मंत्री के साथ बातचीत हुई थी। इसके अलावा मंच के दौरान भी दोनों पक्षों के बीच कुछ अनौपचारिक बातचीत हुई। इस तरह कार्यक्रम के दौरान संपर्क तो हुआ, लेकिन इसे औपचारिक द्विपक्षीय वार्ता नहीं कहा गया।

केंद्रीय संस्कृति सचिव विवेक अग्रवाल ने समापन सत्र से कुछ समय पहले बताया कि मंच के दौरान हुई चर्चाओं और एससीओ सदस्य देशों की ओर से दिए गए सुझावों के आधार पर परिणाम दस्तावेज तैयार किया गया है। इसे समापन सत्र में अपनाया गया। घोषणापत्र में सभ्यताओं को समान महत्व देने और सांस्कृतिक विरासत को अवैध तस्करी से बचाने जैसे मुद्दों को प्रमुखता दी गई है।

जेलेंस्की की दो टूक: नाटो की सदस्यता ही यूक्रेन की मजबूत सुरक्षा; बोले- दो साल नहीं, हमेशा के लिए चाहिए गारंटी

कीव



यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने दोहराया है कि देश की सुरक्षा की सबसे स्पष्ट गारंटी नाटो की सदस्यता है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन के इस सैन्य गठबंधन में शामिल होने से नाटो भी मजबूत होगा। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में उन्होंने बताया कि बर्लिन में 'कोएलिशन ऑफ द विलिंग' यानी इच्छुक देशों के गठबंधन की बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि सहयोगी देश भी नाटो सदस्यता को सबसे प्रभावी विकल्प मानते हैं। जेलेंस्की ने नाटो के अनुच्छेद-5 जैसी सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि ऐसी व्यवस्था कैसे काम करेगी। उन्होंने पूछा कि रूस के नए हमले की स्थिति में सहयोगी देश यूक्रेन की रक्षा के लिए कितने तैयार होंगे। उनके मुताबिक, किसी भी वैकल्पिक व्यवस्था में ठोस सैन्य प्रतिबद्धताएं जरूरी हैं। जेलेंस्की ने कहा कि सुरक्षा गारंटी केवल बयानों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। इन्हें लिखित रूप में स्पष्ट किया जाना चाहिए, ताकि संकट के समय सहयोगी देशों की जिम्मेदारियां तय रहें। उन्होंने जोर दिया कि यूक्रेन को ऐसी व्यवस्था चाहिए, जो हमले की स्थिति में उसकी रक्षा कर सके। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा कि सुरक्षा गारंटी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी प्रभावी रहनी चाहिए। उन्होंने कहा, "हमें दो साल के लिए नहीं, बल्कि हमेशा के लिए सुरक्षा गारंटी चाहिए।" उनके अनुसार, अस्थायी व्यवस्था से स्थायी शांति सुनिश्चित नहीं हो सकती।

इंडोनेशिया की कैंडी फैक्टरी में भीषण आग: तीन की मौत; 36 कर्मचारी लापता, अपनों की तलाश में भटक रहे परिजन

जकार्ता

इंडोनेशिया के बैंटन प्रांत में शनिवार को एक कैंडी फैक्टरी में भीषण आग लग गई। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं, 36 कर्मचारी गायब हैं। बचाव दल उनकी तलाश में जुटे हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। आग बैंटन प्रांत के सेरांग जिले में स्थित पीटी फोनुसा अगुंग मुलिया फैक्टरी में लगी। यह इलाका राजधानी जकार्ता के पास है। यह फैक्टरी मिल्किटा नाम के ब्रांड की कैंडी और स्नैक्स बनाती है। ये उत्पाद दूध से तैयार किए जाते हैं। राष्ट्रीय खोज और बचाव एजेंसी ने एक बयान जारी किया। इसके मुताबिक, फैक्टरी से 15 लोगों को जिंदा बचाया गया है। इनमें चार घायल कर्मचारी भी शामिल हैं। वहीं, बचाव दल अब भी लापता 36 कर्मचारियों की तलाश कर रहे हैं। बैंटन खोज और बचाव एजेंसी के



संचालन अधिकारी रिज्की द्वियांतो ने बताया कि फैक्टरी के कई हिस्सों में अब भी आग लगी हुई है। उन्होंने कहा, कई जगहों पर आग अब भी जल रही है। दमकलकर्मी आग बुझाने के साथ ही प्रभावित जगहों को ठंडा करने में जुटे हैं। उन्होंने बताया कि आग लगने के 12 घंटे से ज्यादा समय बाद भी दमकलकर्मी आग पर काबू पाने में जुटे थे। सेरांग जिले और बैंटन प्रांत की दमकल टीमें फैक्टरी के अलग-अलग हिस्सों में आग बुझा रही थीं। टेलीविजन पर दिखाई गई तस्वीरों में तीन मंजिला फैक्टरी आग की लपटों से घिरी नजर आई। आसमान में काले धुएं का गुबार उठ रहा था। इससे आसपास रहने वाले लोगों और कर्मचारियों में दहशत फैल गई। आग से जली इमारत के फर्श पर मुड़ी हुई धातु के टुकड़े बिखरे पड़े थे। छत की लोहे की चादरें भी जलकर काली हो गई थीं। वहां अन्य मलबा भी फैला हुआ था। फैक्टरी के बाहर लापता कर्मचारियों के परिजन बेचैन होकर इंतजार कर रहे थे। वे अपने परिवार के उन सदस्यों की खबर मिलने की उम्मीद कर रहे थे, जिनसे संपर्क नहीं हो पा रहा था। आग लगने की सही वजह का अभी पता नहीं चला है। अधिकारियों ने यह भी नहीं बताया कि आग लगने के समय सभी लापता कर्मचारी फैक्टरी के अंदर ही थे या नहीं।

प्रयागराज : संगम की रेती पर फिर सजेगा आस्था का संसार, माघ मेला-2027 का भूमि पूजन



प्रयागराज

संगम की पावन धरती पर लगने वाले माघ मेला-2027 की तैयारियों का रविवार को विधि-विधान के साथ शुभारंभ हो गया। मेला क्षेत्र में पुलिस लाइन के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान साधु-संतों के साथ पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। भूमि पूजन के साथ ही आगामी माघ मेले को सुव्यवस्थित, सुरक्षित और श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक बनाने की दिशा में तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। माघ मेला प्रयागराज की धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक परंपरा का महत्वपूर्ण पर्व है। इसमें देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु, साधु-संत और कल्पवासी संगम की पावन भूमि पर आस्था और श्रद्धा के साथ पहुंचते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने अभी से तैयारियों की शुरूआत कर दी है।

पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी रहे मौजूद

भूमि पूजन कार्यक्रम में महंत बलवीर गिरि जी महाराज, पुलिस आयुक्त पीयूष मोर्डिया, अपर पुलिस आयुक्त डॉ. अजय पाल शर्मा, अपर पुलिस आयुक्त विजय ढुल, जिलाधिकारी मनीष वर्मा, कर्नल महिम शर्मा, पुलिस उपायुक्त पंकज, ज्ञानेंद्र सिंह, कुलदीप गुनावत, सागर जैन, विवेकचंद्र यादव और मनीष शांडिल्य मौजूद रहे। इसके अलावा प्रयागराज विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ऋषि राज, पुलिस अधीक्षक रेलवे प्रशांत वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह, अपर पुलिस उपायुक्त श्रुति श्रीवास्तव, विजय आनंद, सहायक नोडल मेला अरुण पाराशर और सहायक पुलिस आयुक्त एस. दीप्ति चौहान आदि मौजूद रहे।

सुरक्षा और आवागमन पर रहेगा विशेष जोर

माघ मेला-2027 में श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगम आवागमन और बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभाग आपसी समन्वय से काम करेंगे। प्रशासन का उद्देश्य श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुगम और सुव्यवस्थित मेला अनुभव उपलब्ध कराना है। भूमि पूजन के साथ ही इस दिशा में तैयारियों का विधिवत आगाज हो गया है।

सोने की कीमत घटने पर CTI ने PM मोदी को लिखा धन्यवाद पत्र: कहा- लाखों व्यापारियों व निवेशकों की रकम डूबने से बची

नई दिल्ली



चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (CTI) ने सोने की कीमतों में 65 लाख रुपये प्रति किलोग्राम की गिरावट के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी अपील की सराहना की है। संगठन ने कहा कि समय पर दी गई इस सलाह ने न केवल व्यापारियों को बड़े घाटे से बचाया, बल्कि 52 लाख शादियों के मौजूदा सीजन में आम उपभोक्ताओं को भी बड़ी राहत दी है। सीटीआई (CTI) ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि जब प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों से सोना खरीदने से बचने की अपील की थी, तब शुरूआत में इस सलाह को कुछ आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था। उस समय सोने की कीमत 1.90 करोड़ रुपये प्रति किलोग्राम के उच्च स्तर पर थी, जो अब घटकर 1.25 करोड़ रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई है। संगठन के अनुसार, देशभर में लाखों जौहरी कई महीनों का स्टॉक रखते हैं; यदि उन्होंने पुराने ऊंचे भाव पर स्टॉक खरीद लिया होता, तो उन्हें सीधे 65 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के हिसाब से करोड़ों रुपये का नुकसान उठाना पड़ता। सीटीआई ने दावा किया कि जिन जौहरियों और व्यापारियों ने पहले प्रधानमंत्री की इस सलाह का विरोध किया था, वे अब इसे बेहद लाभकारी मान रहे हैं। संगठन के व्यापारिक समूहों में लगातार संदेश आ रहे हैं कि 'मोदी जी ने हमें बचाया है'। साथ ही, सोने की दरों में कमी आने से इस शादी के मौसम में होने वाली लगभग 52 लाख शादियों के लिए आम परिवार भी कम दरों पर सोना खरीद पा रहे हैं। सीटीआई ने प्रधानमंत्री से सोने और चांदी जैसे संवेदनशील बाजारों पर भविष्य में भी समय-समय पर मार्गदर्शन जारी रखने का आग्रह किया है।

यूपी चुनाव 2027: तीसरी बार सरकार बनाने के लिए भाजपा का ब्लूप्रिंट तैयार, पार्टी ने बनाया 'ट्रिपल एस' फॉर्मूला

नई दिल्ली

सत्तारूढ़ भाजपा आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 में कानून-व्यवस्था, महिला सुरक्षा और विकास को मुख्य मुद्दा बनाएगी। पार्टी सूत्रों ने बताया कि सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और वैचारिक मुद्दे भी इसमें अहम भूमिका निभाएंगे। भाजपा अपनी 'जीवन बदलने वाली' योजनाओं के लाभार्थियों तक मजबूत पहुंच बनाएगी। इसका उद्देश्य पिछली समाजवादी पार्टी सरकार से शासन में तीखा अंतर दिखाना है। यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) भी एक प्रमुख चुनावी मुद्दा होगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि भाजपा लगातार तीसरी बार सत्ता में आने पर इसे लागू करेगी। विपक्ष के 'राम मंदिर चंदा चोरी' के आरोपों पर भाजपा आक्रामक वैचारिक पलटवार करेगी। पार्टी अयोध्या में राम मंदिर के दान चोरी के मुद्दे पर कार्रवाई का हवाला दे रही है। भाजपा



नेताओं ने मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि के मुद्दे को उठाकर विपक्ष के हमलों को कुंद किया है। एक भाजपा सूत्र ने बताया कि 2027 में लोग तीन बातों पर निर्णय लेंगे। ये हैं बेटियों की सुरक्षा, योजनाओं का लाभ और राज्य में 'गुंडा राज' से बदलाव। कानून-व्यवस्था, महिला सुरक्षा और लाभार्थी नेटवर्क अभियान के केंद्र में रहेंगे। भाजपा ने 'मिशन-2027' के तहत 'ट्रिपल एस' फॉर्मूला तैयार किया है। इसमें 'संगठन, सरकार और सहयोगी दल' शामिल हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार, यह बहु-आयामी दृष्टिकोण भाजपा की चुनावी रणनीति को आकार देगा। भाजपा, उसके सहयोगी और सरकार मिलकर लोगों के मुद्दों का समाधान करेंगे। पार्टी हर लाभार्थी परिवार से संपर्क गहरा कर रही है। स्थानीय कार्यकर्ता और स्वयं सहायता समूह भी इसमें शामिल हैं। पार्टी रणनीतिकारों ने गहन 'लाभार्थी संपर्क' और मतदाता-सूची अभियान की योजना बनाई है। योगी सरकार के अपराध नियंत्रण रिकॉर्ड पर लगातार बात की जाएगी। पूर्वांचल, बुंदेलखंड और गंगा एक्सप्रेसवे जैसे विस्तार होते एक्सप्रेसवे नेटवर्क प्रमुख उपलब्धियां हैं। जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा और एक ट्रिलियन डॉलर की राज्य अर्थव्यवस्था भी इसमें शामिल है। प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि और एमएसएमई को बढ़ावा भी महत्वपूर्ण हैं। अयोध्या, काशी और मथुरा-वृंदावन कॉरिडोर का विकास धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देगा।

अयोध्या से नेपाल तक सीधी ट्रेन: 604 किमी का सफर 19 घंटे में, गाड़ी में चढ़ने से पहले दिखाने होंगे दस्तावेज

अयोध्या

भारत और नेपाल के बीच रेल संपर्क मजबूत होने जा रहा है। भगवान श्री राम की जन्मभूमि अयोध्या और माता सीता की जन्मस्थली जनकपुर धाम अब सीधी ट्रेन सेवा से जुड़ेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह 23 नवंबर को इस सेवा का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। करीब 604 किलोमीटर लंबे इस रेल मार्ग पर गोरखपुर, बस्ती, रक्सौल और सीतामढ़ी समेत कई प्रमुख स्टेशन पड़ेंगे। इससे दोनों देशों के श्रद्धालुओं को धार्मिक स्थानों तक पहुंचने में आसानी होगी। नई ट्रेन का नाम जनकपुर धाम-अयोध्या कैंट एक्सप्रेस रखा गया है। इसका संचालन ट्रेन संख्या 15595 और



15596 के तहत होगा। 23 नवंबर को अयोध्या से उद्घाटन यात्रा प्रस्तावित है, जबकि आम यात्रियों के लिए नियमित सेवा 28 नवंबर से शुरू होगी। यानी उद्घाटन के पांच दिन बाद यात्री इस ट्रेन से नियमित सफर कर सकेंगे।

इस नई साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन का रूट उत्तर प्रदेश, बिहार और नेपाल को जोड़ेगा। रास्ते में कुल 10 प्रमुख भारतीय स्टेशनों पर व्यावसायिक ठहराव निर्धारित किया गया है। इनमें जयनगर, मधुबनी, शीशो(दरभंगा), सीतामढ़ी, रक्सौल, नरकटियागंज, गोरखपुर, बस्ती, मनकापुर और अयोध्या धाम है। जनकपुर धाम और अयोध्या कैंट इसके टर्मिनल स्टेशन होंगे। इस ट्रेन के अयोध्या कैंट और जनकपुर धाम इसके शुरूआती और अंतिम स्टेशन होंगे। जयनगर इस मार्ग का अंतिम भारतीय स्टेशन होगा। यहां से ट्रेन नेपाल में प्रवेश करेगी और जनकपुर धाम पहुंचेगी।

इस सेवा में आधुनिक एलएचबी (लिंक हॉफमैन बुश) कोच लगाए जाएंगे। ट्रेन में वातानुकूलित और स्लीपर श्रेणी की सुविधा होगी। नेपाल में जयनगर से जनकपुर धाम तक का रेलखंड अभी विद्युतीकृत नहीं है।

राजस्थान में बढ़ी ठंड, माउंट आबू में लगातार दूसरे दिन पारा 0 डिग्री

नई दिल्ली



उत्तर भारत के पहाड़ी इलाकों से आ रही बर्फीली हवाओं ने राजस्थान में सर्दी बढ़ा दी है। माउंट आबू में लगातार दूसरे दिन न्यूनतम तापमान 0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यहां ओस जमने लगी है। वहीं, चूरू, सीकर, झुंझुनूं, फतेहपुर और बीकानेर समेत कई इलाकों में रात के समय गलन वाली ठंड महसूस हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में अगले एक सप्ताह तक मौसम साफ और शुष्क रहने का अनुमान है। हिल स्टेशन माउंट आबू में रविवार सुबह लगातार दूसरे दिन न्यूनतम तापमान 0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यहां पोलो ग्राउंड में ओस की बूंदें जम गईं। मैदानी इलाकों में खड़े वाहनों के शीशों पर भी ओस जमती दिखाई दी। चूरू, सीकर, झुंझुनूं और फतेहपुर सहित कई इलाकों में भी सर्दी का असर बढ़ गया है। पिछले 24 घंटे के दौरान प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में मौसम साफ रहा। हालांकि, हल्के पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ में शनिवार को दिनभर हल्के बादल छाए रहे। बादलों के कारण धूप कमजोर रही और श्रीगंगानगर के अधिकतम तापमान में करीब 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। श्रीगंगानगर में शनिवार को अधिकतम तापमान 26.2 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं, सिरोही में तापमान 2 डिग्री गिरकर 22.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा चलने के कारण दोपहर के समय भी लोगों को हल्की ठंड महसूस हुई।

सम्पादकीय

कश्मीर में आखिरी स्थानीय आतंकी के मारे जाने का दावा, क्या अब कमजोर होगा आतंक का नेटवर्क



जब कोई बड़ा आतंकवादी घाटी में मारा जाता है, तब सरकार की प्रतिक्रिया आमतौर पर ऐसी होती है, मानो वहां इस समस्या का अंत हो गया है। मगर फिर कुछ समय बाद कोई आतंकी हमला यह बताने के लिए काफी होता है कि वहां अब भी इस समस्या की जटिलता में कमी नहीं आई है। इसमें कोई दोराय नहीं कि जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में हुई मुठभेड़ में एक आतंकी का मारा जाना एक बड़ी कामयाबी है। इसकी वजह यह बताई जा रही है कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मारे गए व्यक्ति को घाटी का आखिरी स्थानीय आतंकी बताया। पिछले काफी समय से जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद की समस्या किस स्तर पर कायम है, यह छिपा नहीं है। हर कुछ दिनों के बाद जिस तरह सुरक्षाबलों के शिविरों पर आतंकियों ने हमले जारी रखे हैं, उसमें जवान शहीद या घायल होते रहे, उससे साफ है कि राज्य में आतंकवाद के खिलाफ चलाए गए तमाम अभियानों में आतंकियों को खत्म करने के दावे जरूर किए गए, लेकिन हर अगली घटना यह बताती रही कि अभी वहां यह समस्या अपने जटिल स्वरूप में मौजूद है। गौरतलब है कि आतंकियों की गतिविधियों के बारे में खुफिया सूचना के बाद सुरक्षा बलों ने देवसर इलाके के जंगलपोरा गांव में खोज अभियान चलाया था। वहीं आत्मसमर्पण से इनकार करने पर लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर लतीफ भट को मुठभेड़ में मार गिराया गया। जाहिर है, समूची घाटी में आतंकवाद का जाल जिस तरह काम करता है और उसमें आए दिन सुरक्षाबलों से लेकर आम लोगों को निशाना बनाया जाता है, उसमें लतीफ भट का खात्मा एक बड़ी उपलब्धि है। अगर उसके घाटी का आखिरी स्थानीय आतंकी होने के बारे में सरकार के दावे सही हैं, तो उसका मारा जाना इस लिहाज से भी अहम है कि सीमा पार के आतंकी संगठनों की एक बड़ी ताकत स्थानीय आबादी में फैला उनका जाल ही होता है। ऐसे में अगर लतीफ भट कश्मीर में इसी भूमिका में था, तो उसकी मौत के बाद अब आतंक के दुश्चक्र के एक मजबूत आधार को कमजोर करने में मदद मिलनी चाहिए, क्योंकि कई बार बाहरी हस्तक्षेप का मुंहतोड़ जवाब दिया जा सकता है, लेकिन जब उसे स्थानीय समर्थन और संरक्षण मिलता है, तो उसकी पकड़ को ढीला करना एक चुनौती होती है। विचित्र यह है कि जब कोई बड़ा आतंकवादी घाटी में मारा जाता है, तब सरकार की प्रतिक्रिया आमतौर पर ऐसी होती है, मानो वहां इस समस्या का अंत हो गया है। मगर फिर कुछ समय बाद कोई आतंकी हमला यह बताने के लिए काफी होता है कि वहां अब भी इस समस्या की जटिलता में कमी नहीं आई है। सही है कि बीते कुछ समय से सुरक्षाबलों और स्थानीय पुलिस और खुफिया तंत्र के बीच बेहतर तालमेल की वजह से आतंकियों के स्थानीय संजाल को कमजोर करने में मदद मिली है। बल्कि कई बार स्थानीय लोगों की ओर से भी आतंकी संगठनों का सहयोग करने से इनकार करने की खबरों ने इस समस्या का सामना करने को लेकर एक सकारात्मक परिस्थितियों का निर्माण किया। मगर इसके बरक्स यह भी सच है कि कुछ समय के अंतराल पर सुरक्षाबलों या उनके शिविरों पर घात लगाकर हमला करने या फिर लक्षित हमलों के तहत महज रोजी-रोटी के लिए अन्य राज्यों से वहां जाकर मजदूरी करने वाले लोगों को निशाना बनाने की घटनाएं अक्सर सामने आती रही हैं। इसका मतलब यही है कि किसी न किसी स्तर पर आतंकी नेटवर्क वहां काम कर रहा है और उसकी जड़ों तक पहुंचना अभी बाकी है। पाकिस्तान स्थित ठिकानों से अपनी आतंकी गतिविधियां संचालित करने वाले संगठनों के तार भी स्थानीय संजाल से जुड़े हो सकते हैं। इसलिए जरूरी है कि आतंक के समूचे ढांचे को खत्म करने के लिए इसके विरुद्ध अभियान की निरंतरता में फिलहाल कोई ढिलाई न हो।

इंद्रप्रस्थ विरासत पुनर्विकास निगम की बैठक में मुख्यमंत्री के अतिक्रमण हटाने के निदेशों का असर 24 घंटे में दिखा

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली

नई दिल्ली, 21 नवम्बर: दिल्ली भाजपा के मीडिया प्रमुख एवं चांदनी चौक नागरिक मंच के महासचिव श्री प्रवीण शंकर कपूर ने आज मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता के निर्देश पर दिल्ली नगर निगम एवं दिल्ली पुलिस द्वारा पुरानी दिल्ली के पीली कोठी, पुल मिठाई, रानी अवंतिका चौक एवं तीस हजारी चौक पर अतिक्रमण के विरुद्ध की गई निर्णायक कार्रवाई का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि इस बड़ी कार्रवाई का असर अब शीघ्र ही एस.पी. मुखर्जी मार्ग, रेलवे स्टेशन, एच.सी. सेन रोड, एस्प्लेनेड रोड, चांदनी चौक मुख्य मार्ग एवं खारी बावली में भी देखने को मिलेगा।

श्री प्रवीण शंकर कपूर ने कहा कि अत्यधिक अतिक्रमण एवं अवैध रिक्शों के कारण पूरे पुरानी दिल्ली क्षेत्र में ट्रैफिक जाम की समस्या बनी रहती है, साथ ही इससे छोटे अपराधों में भी वृद्धि होती है।

कल दिल्ली सरकार के सचिवालय में इंद्रप्रस्थ विरासत पुनर्विकास निगम की विशेष बैठक मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में पुनर्विकास निगम के अतिरिक्त दिल्ली सरकार, पुलिस एवं नगर निगम के अधिकारी उपस्थित थे। इसके साथ ही शहरी विकास मंत्री श्री आशीष सूद, सांसद श्री प्रवीण खंडेलवाल, पार्षद श्री सुमन कुमार गुप्ता, दिल्ली भाजपा मीडिया प्रमुख एवं चांदनी चौक नागरिक मंच के महासचिव श्री प्रवीण शंकर कपूर तथा चांदनी चौक भाजपा अध्यक्ष श्री अरविंद गर्ग आदि भी उपस्थित रहे।

शुक्रवार, 20 नवम्बर की शाम को हुई इस बैठक में चांदनी चौक से जुड़े जनप्रतिनिधियों ने सड़कों और पटरियों पर अतिक्रमण, अवैध रिक्शों एवं पूरे क्षेत्र में बेघर लोगों द्वारा पटरियों पर कब्जे की समस्याएं उठाईं। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने बैठक में उपस्थित पुलिस एवं नगर निगम के अधिकारियों को सड़कों और पटरियों पर अतिक्रमण के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई तुरंत शुरू करने के निर्देश दिए।

आज दोपहर इसकी पहली झलक पीली कोठी, रानी अवंतिका चौक एवं तीस हजारी क्षेत्र में हुई बड़ी कार्रवाई के रूप में देखने को मिली। वहीं आज नगर निगम एवं पुलिस ने चांदनी चौक, खारी बावली एवं चर्च मिशन रोड पर भी कार्रवाई की चेतावनी जारी की है।

इंद्रप्रस्थ विरासत पुनर्विकास निगम की बैठक में मुख्यमंत्री द्वारा अतिक्रमण हटाने के दिए गए निदेशों का असर 24 घंटे के भीतर दिखाई दिया है, जिसका पुरानी दिल्ली के नागरिक एवं व्यापारी दोनों स्वागत करते हैं।

हौज काजी थाने में जनसुनवाई के दौरान पुलिस आयुक्त अनुराग कुमार ने सुनीं लोगों की समस्याएं, अतिक्रमण और ट्रैफिक जाम के मुद्दों पर दिए त्वरित समाधान के निर्देश

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली



दिल्ली पुलिस आयुक्त अनुराग कुमार, आईपीएस ने 21 नवंबर 2026 को मध्य जिले के हौज काजी थाने में आयोजित जनसुनवाई में हिस्सा लेकर स्थानीय निवासियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके समयबद्ध समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान अतिक्रमण, ट्रैफिक जाम और स्थानीय नागरिक समस्याओं से जुड़े मुद्दे प्रमुखता से उठाए गए। पुलिस आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन समस्याओं का समाधान नगर निगम (MCD) और अन्य नागरिक एजेंसियों के अधिकार क्षेत्र में आता है, उनके साथ समन्वय स्थापित कर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

इस अवसर पर विशेष पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था जोन-1 देवेश श्रीवास्तव, संयुक्त पुलिस आयुक्त मधुर वर्मा, मध्य जिले के डीसीपी रोहित राजबीर सिंह सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। जनसुनवाई में अमन कमेटी, आरडब्ल्यूए, मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन और स्थानीय निवासियों के प्रतिनिधियों ने पुलिस आयुक्त से सीधे बातचीत कर अपनी समस्याएं रखीं तथा उनके दौरे और व्यक्तिगत संवाद के लिए आभार जताया। पुलिस आयुक्त ने कहा कि क्षेत्र में शांति, सौहार्द और कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस और आम जनता की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने जनसहयोग और आपसी विश्वास को प्रभावी पुलिसिंग का महत्वपूर्ण आधार बताया।

जनसुनवाई के बाद पुलिस आयुक्त ने हौज काजी थाने का विस्तृत निरीक्षण किया और पुलिसकर्मियों से उनके कर्तव्यों, जिम्मेदारियों तथा थाने की कार्यप्रणाली के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मध्य जिले की पुलिस टीमों से हाल के मामलों और घटनाओं में किए गए कार्यों की जानकारी लेते हुए उनके सराहनीय प्रयासों की प्रशंसा की। दिल्ली पुलिस द्वारा प्रत्येक शनिवार को आयोजित की जाने वाली जनसुनवाई का उद्देश्य आम नागरिकों को वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों तक सीधी पहुंच उपलब्ध कराना, शिकायतों का प्रभावी निस्तारण करना और पुलिस-पब्लिक के बीच विश्वास को मजबूत करना है।

बॉलीवुड सितारों से आम लोगों तक: डॉ. रजनीश कांत का ह्यदर्द मुक्त भारत मिशन पहुंचा दिल्ली

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली



नई दिल्ली: अपने दर्द मुक्त भारत अभियान को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रसिद्ध कायरोप्रैक्टर, ऑस्टियोपैथ और फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. रजनीश कांत ने हाल ही में दिल्ली में मीडिया के साथ विशेष संवाद किया। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों को कायरोप्रैक्टिक उपचार पद्धति के सिद्धांतों और प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दी तथा अपनी तकनीक का लाइव डेमोंस्ट्रेशन भी प्रस्तुत किया। इस संवाद का मुख्य उद्देश्य दर्द प्रबंधन, रीढ़ की हड्डी के स्वास्थ्य और मैनुअल थेरेपी की भूमिका के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। डेमोंस्ट्रेशन के दौरान डॉ. कांत ने बताया कि कायरोप्रैक्टिक उपचार में रीढ़ की हड्डी, जोड़ों और मांसपेशियों से जुड़ी समस्याओं का आकलन और प्रबंधन किया जाता है। उन्होंने समझाया कि किसी भी तकनीक को अपनाने से पहले व्यक्ति की शारीरिक स्थिति को समझना जरूरी है। उनके अनुसार, हर मरीज की स्थिति अलग होती है और उपचार व्यक्तिगत आकलन के आधार पर ही किया जाना चाहिए।

डॉ. कांत ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि बॉलीवुड, संगीत और राजनीति से जुड़ी कई जानी-मानी हस्तियों के साथ-साथ आम लोग भी उनसे उपचार के लिए संपर्क कर चुके हैं। उनके अनुसार, उन्होंने सलमान खान, उनके पिता सलीम खान, अर्जुन, सुरेंद्र पाल, पूनम ढिल्लों, पंकज त्रिपाठी, कुमार सानू, मनोज तिवारी और एकता जैन सहित कई लोगों को कायरोप्रैक्टिक उपचार दिया है। अपनी सोच के बारे में बात करते हुए डॉ. कांत ने कहा, चाहे कोई सेलिब्रिटी हो, नेता हो या आम आदमी, दर्द तो सभी को होता है। मेरे लिए सभी बराबर हैं। मैं किसी व्यक्ति का पद या हैसियत नहीं देखता, बल्कि उस इंसान को देखता हूं जिसे मदद की जरूरत है। मेरा सपना है कि पूरी दुनिया दर्द-मुक्त हो। मैं चाहता हूं कि लोग अपने शरीर को बेहतर समझें और लगातार दर्द को जिंदगी का सामान्य हिस्सा मानने के बजाय सही विशेषज्ञ से सलाह लें।

डॉ. कांत का कहना है कि उनका प्रयास केवल पेशेवर परामर्श और उपचार तक सीमित नहीं है। वे आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को निःशुल्क उपचार सहायता भी देते रहे हैं। वर्ष 2024 में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने बिहार में हर महीने की पहली तारीख को 100 मरीजों का निःशुल्क उपचार करने की पहल की थी। जरूरतमंद मरीजों की सहायता के लिए उनके कार्यों को एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, दुबई और वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन से भी सम्मान मिला था।

लोगों को कायरोप्रैक्टिक उपचार के प्रति जागरूक करने की दिशा में एक और कदम उठाते हुए डॉ. कांत ने हाल ही में मुंबई में अपनी पुस्तक Chiropractor & Physiotherapist प्रस्तुत की। लोकप्रिय लेखक चेतन भगत ने इस पुस्तक का विमोचन किया। पुस्तक में कायरोप्रैक्टिक उपचार, मरीजों के आकलन, रीढ़ की हड्डी के स्वास्थ्य और क्लिनिकल प्रैक्टिस से जुड़े विषयों को सरल तरीके से समझाने का प्रयास किया गया है। पुस्तक विमोचन के दौरान डॉ. कांत ने चेतन भगत की कलाई का लाइव डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से उपचार भी किया, जो कार्यक्रम का एक खास आकर्षण रहा।

इस पुस्तक में RKM (Rajneesh Kant Method) का भी उल्लेख है, जिसके बारे में डॉ. कांत का कहना है कि यह उनकी पेशेवर प्रैक्टिस और अनुभव से विकसित हुई पद्धति है। इसमें कायरोप्रैक्टिक के मूल सिद्धांतों, क्लिनिकल आकलन, रीढ़ की सेहत और मरीजों को जागरूक करने जैसे विषय शामिल हैं।

दिल्ली में मीडिया के साथ हुए इस संवाद के माध्यम से डॉ. कांत कायरोप्रैक्टिक उपचार और दर्द प्रबंधन के प्रति अधिक जागरूकता फैलाना चाहते हैं। उनका दर्द मुक्त भारत अभियान बड़े शहरों से आगे बढ़कर समाज के विभिन्न वर्गों तक स्वास्थ्य संबंधी जानकारी पहुंचाने का उद्देश्य रखता है।

डॉ. कांत का संदेश स्पष्ट है—दर्द किसी व्यक्ति की पहचान, पद या प्रसिद्धि देखकर नहीं आता, इसलिए जागरूकता, देखभाल और संवेदना का अधिकार भी सभी को समान रूप से मिलना चाहिए।

वीरांगना झलकारी बाई जी की जयंती पर आयोजित भव्य शोभायात्रा एवं जनसभा में सम्मिलित हुए विभु बंसल, जरूरतमंदों को वितरित किए कंबल

राष्ट्रीय सुनहरा संसार वन्दना जोशी ब्यूरो चीफ गाजियाबाद। विभु बंसल ने 56 गाजियाबाद सदर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पुराना विजयनगर स्थित रामलीला मैदान में वीरांगना झलकारी बाई सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा वीरांगना झलकारी बाई जी की जयंती के शुभ अवसर पर आयोजित भव्य शोभायात्रा एवं जनसभा में सम्मिलित होकर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस अवसर पर समस्त कोरी समाज एवं गाजियाबाद के गणमान्य लोगों के साथ वीरांगना झलकारी बाई के अदम्य साहस, अतुलनीय वीरता, त्याग एवं राष्ट्रभक्ति को स्मरण किया। उनका प्रेरणादायी जीवन नारी शक्ति, स्वाभिमान, साहस और राष्ट्र के प्रति समर्पण का प्रतीक है, जो सदैव आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा।



कार्यक्रम के उपरांत विभु बंसल ने जरूरतमंद एवं असहाय लोगों के बीच कंबल वितरित कर मानवीय सेवा एवं सामाजिक सहयोग का संदेश दिया। इस अवसर पर उपस्थित सभी गणमान्य लोगों एवं आयोजक संस्था का हृदय से आभार एवं धन्यवाद।

धर्मार्थ औषधालय, नेहरू नगर में हेपेटाइटिस बी यानी काला पीलिया के निशुल्क टीकाकरण शिविर का समापन हुआ इस शिविर में 35 लोगों ने टीकाकरण की पहली खुराक का लाभ लिया

राष्ट्रीय सुनहरा संसार वन्दना जोशी ब्यूरो चीफ गाजियाबाद। नेहरू नगर में लगाया गया काला पीलिया के निःशुल्क टीकाकरण शिविर का समापन हुआ। ज्ञात हो कि यह पुनीत कार्य 2022 में प्रारंभ किया गया था, जिसमें आई एम ए गाजियाबाद ने एवं कल्कि ट्रस्ट ने हाथ मिलाते हुए इस मुहिम को जारी रखा और आज 577 वी टीके के साथ शिविर का समापन हुआ। आज जिन लोगों ने टीकाकरण का लाभ लिया उनको दूसरी टीकाकरण की खुराक 27 दिसंबर26 तथा तीसरी खुराक 23/5/27को दी जाएगी। इस कार्य को अग्रसर होकर पूर्ण करने के लिए डॉ अल्पना कंसल, डॉ अर्चना शर्मा, डॉ नीलू खनेजा एवं डॉ अरुणा ने मुहिम छेड़ी हुई है। डॉ नवनीत वर्मा ने टीकाकरण में मदद की और सबको काला पीलिया के बारे में समझाया।धीरे-धीरे लोगों में जागरूकता फैल रही है और लोग आगे बढ़कर आ रहे हैं। शिव मंदिर समिति भी इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर सहयोग देती है। आगामी कैंप की सूचना शीघ्र दी जाएगी। आई एम ए गाजियाबाद के अध्यक्ष डॉ प्रहलाद चावला ने टीम को बधाई दी है तथा इम द्वारा इस पुनीत कार्य को सुचारू रूप से जारी रखने का पूर्ण आश्वासन दिया।



खारी बावली को 30-40 साल पुराने अवैध कब्जों से मुक्त कराने पर चाँदनी चौक नागरिक मंच ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का किया अभिनंदन, कहा - ₹आपने असंभव को संभव कर दिखाया है₹

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली



नई दिल्ली, 22 नवम्बर : पुरानी दिल्ली में अवैध कब्जों के खिलाफ दो दिन में दो बड़ी कार्रवाई के बाद चाँदनी चौक नागरिक मंच ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का अभिनंदन किया है।

शुक्रवार 20 नवम्बर को चाँदनी चौक सांसद प्रवीण खंडेलवाल के नेतृत्व में दिल्ली भाजपा मीडिया प्रमुख एवं चाँदनी चौक नागरिक मंच के महासचिव प्रवीण शंकर कपूर, निगम पार्षद सुमन कुमार गुप्ता एवं चाँदनी चौक भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गर्ग ने इन्द्रप्रस्थ विरासत पुनर्विकास निगम की बैठक में मुख्यमंत्री के समक्ष चाँदनी चौक, खारी बावली, स्टेशन रोड, पुल मिठाई सहित पूरी पुरानी दिल्ली में अवैध कब्जों एवं रिक्शा की समस्या उठाकर कार्रवाई की मांग की थी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बैठक में उपस्थित पुलिस एवं दिल्ली नगर निगम के अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई के आदेश दिए। मुख्यमंत्री के आदेश पर पुलिस एवं निगम ने कल पीली कोठी - पुल मिठाई पर और आज खारी बावली पर बुलडोजर कार्रवाई कर क्षेत्र को 30-40 वर्ष पुराने स्थायी अवैध कब्जों से मुक्त कराया।

इस पर प्रवीण शंकर कपूर ने मुख्यमंत्री का आभार प्रकट करते हुए कहा कि "आपने असंभव को संभव कर दिखाया है"। उन्होंने कहा कि पुरानी दिल्ली में दो दिन में अवैध कब्जों के विरुद्ध दो निर्णायक कार्रवाई करवाकर मुख्यमंत्री ने पूरी दिल्ली में अवैध कब्जा माफिया को सख्त संदेश दिया है कि "खुद हट जाओ, वरना हम हटाएंगे"।

टेस्ट राइड के बहाने बाइक लेकर भागने वाला ऑटो लिफ्टर 24 घंटे में गिरफ्तार, 2 चोरी की बाइक बरामद

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली द्वारका साउथ थाना पुलिस ने OL पर बाइक बेचने का विज्ञापन देखकर टेस्ट राइड के बहाने बाइक लेकर फरार होने वाले शातिर ऑटो लिफ्टर दीपक सिंह को मात्र 24 घंटे में गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने 13 नवंबर को HDFC Bank, सेक्टर-5 द्वारका



के पास एक व्यक्ति की हीरो स्प्लेंडर बाइक टेस्ट राइड के बहाने चुरा ली थी, जिस पर ई-एमवीटी नंबर 27941/2026 के तहत मामला दर्ज किया गया था। DCP कुशल पाल सिंह के निर्देश पर एसएचओ इंस्पेक्टर राजेश कुमार साह के नेतृत्व में गठित टीम ने 50 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले और गुप्त सूचना व तकनीकी जानकारी के आधार पर आरोपी को गांव मटियाला, उत्तम नगर से दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि वह OL पर बिक्री के लिए लगी बाइकों के मालिकों से खरीदार बनकर संपर्क करता था और टेस्ट राइड के बहाने बाइक लेकर भाग जाता था। इसी तरीके से उसने 9 नवंबर को बिंदापुर इलाके से भी एक बाइक चुराई थी। पुलिस ने उसके कब्जे से द्वारका साउथ और बिंदापुर की 2 चोरी की हीरो स्प्लेंडर बाइक बरामद कर दोनों वाहन चोरी के मामले सुलझा लिए हैं।

ख्याला में घर में लगी भीषण आग, 55 वर्षीय महिला की मौत, बहू सफदरजंग रेफर

दीपक खोसला ब्यूरो चीफ अमीर खुसरो टाइम्स रघुबीर नगर में शनिवार दोपहर करीब 12:05 बजे एक आवासीय मकान में आग लगने की सूचना पर ख्याला थाना पुलिस मौके पर पहुंची। आग टैक्सी चालक धर्मेंद्र के घर में लगी थी। घर में उस समय धर्मेंद्र की पत्नी सुनीता (55), बेटा ध्रुव (21) और बहू नीति उर्फ निक्कू (21) मौजूद थे।

आग लगते ही ध्रुव और नीति को स्थानीय लोगों ने गुरु गोबिंद सिंह अस्पताल पहुंचाया, जबकि सुनीता कमरे में फंस गईं। पुलिस टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से हथौड़े से दीवार तोड़कर उन्हें बाहर निकाला, लेकिन अस्पताल में डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

दो दमकल गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। ध्रुव को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई, वहीं नीति को सफदरजंग अस्पताल रेफर किया गया है। सुनीता का शव डीडीयू अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है।

ध्रुव ने बताया कि आग कैसे लगी, उसे नहीं पता, आग तेजी से फैल गई। पत्नी की चीख सुनकर वह बालकनी से उसे बचाने दौड़ा, लेकिन तेज लपटों के कारण मां को नहीं बचा सका। क्राइम टीम और एफएसएल टीम को मौके पर बुलाया गया है। आग लगने के सही कारणों की जांच की जा रही है।

तिलक नगर पुलिस की सतर्कता से आदतन चोर गिरफ्तार, चोरी की एक्टिवा और दो मोबाइल बरामद – तीन चोरी के मामले सुलझे

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली नई दिल्ली। पश्चिम जिले की तिलक नगर थाना पुलिस की सतर्कता से एक आदतन अपराधी को गिरफ्तार कर तीन चोरी के मामलों को सुलझा लिया गया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान 24 वर्षीय गुरप्रीत सिंह निवासी तिलक नगर, दिल्ली के रूप में हुई है, जो पहले भी चोरी और सेंधमारी के 05 आपराधिक मामलों में शामिल रह चुका है।

पुलिस के अनुसार 20 नवंबर 2026 को जनकपुरी ईस्ट मेट्रो स्टेशन पिकेट, नजफगढ़ रोड पर रूटीन चेकिंग के दौरान हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र और हेड कांस्टेबल करण ने एक सफेद होंडा एक्टिवा स्कूटर नंबर उछ-5रअह-7365 को पिकेट की ओर आते देखा। पुलिसकर्मियों को देखकर चालक ने अचानक स्कूटर घुमाकर भागने का प्रयास किया। उसके संदिग्ध व्यवहार पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उसे रोककर पकड़ लिया।

जांच में स्कूटर चोरी का निकला, जो थाना तिलक नगर में दर्ज ई-एफआईआर नंबर 2667/2026, धारा 305(इ)/317(2) बीएनएस से जुड़ा था। आरोपी की तलाशी में दो मोबाइल फोन वीवो 16 और रेडमी अ5 भी बरामद हुए, जो थाना तिलक नगर में दर्ज दो अलग-अलग चोरी के मामलों से जुड़े पाए गए।

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर बरामद चोरी का सामान कानून के अनुसार जब्त कर लिया है। इस कार्रवाई से थाना तिलक नगर के कुल तीन चोरी के मामले सुलझ गए हैं। मामले में आगे की जांच जारी है।

राज कुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में छठी अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस ए. ई. सी. ई.-2026 का समापन

राष्ट्रीय सुनहरा संसार वन्दना जोशी ब्यूरो चीफ गाजियाबाद। आरके जीआईटी में आई. ई. ई. ई. द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय "एडवांसमेंट इन इलेक्ट्रॉनिक्स & कम्युनिकेशन" विषय पर छठी अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 20-21 नवंबर को किया गया। दिनांक 21 नवंबर को कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. लियोंग वाई यी (आई. एन. टी. आई. इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, मलेशिया) डॉ. गोविंद शरण यादव (नेशनल त्सिंग हुआ यूनिवर्सिटी, ताइवान) ने शोधार्थियों को शोध करने के लिए प्रेरित किया तथा प्रौद्योगिकी क्षेत्र



में कैरियर कैसे बनाएं, पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। इस संगोष्ठी में डॉ. एम. ए. अंसारी (ऑब्जर्वर, आई. ई. ई. ई. यू. पी. सेक्शन, जी. बी. यू, ग्रेटर नोएडा), डॉ. मनोज कुमार (डी. टी. यू, दिल्ली), डॉ. महेश अबेगांवकर (आई. आई. टी, दिल्ली) ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। इस दो दिवसीय संगोष्ठी में शोधकताओं ने 20-21 नवंबर को शोध पत्रों को प्रस्तुत किया गया, जिनका प्रकाशन आई ई ई ई एक्सप्लोर में किया जाएगा। संगोष्ठी के समापन कार्यक्रम में वेलिडिक्टरी सेशन के मुख्य अतिथि श्री सुधाकर यादव (जोनल हेड-टाटा पावर कंपनी लि.), संस्थान के ग्रुप एडवाइजर डॉ लक्ष्मण प्रसाद, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. डी. के. चौहान एवं डायरेक्टर डॉ बी.सी. शर्मा ने माला सी वी, सुरेंद्रन आर, आर एम गोमती, तमिलविझी टी पनिमलर, अंकुर उत्सव, सचिन कुमार, आशीष गुप्ता एवं कुविमांची को सर्वोत्तम शोध पत्र के लिए सम्मानित किया।संगोष्ठी के सफल आयोजन के लिए संस्थान के वाइस चेयरमैन अक्षत गोयल ने संयोजक डॉ आर के यादव एवं डॉ अमित सिंघल तथा विभाग के सभी सदस्यों को बहुत शुभकामनाएं दी एवं सभी सम्मानित अतिथियों का धन्यवाद किया। इस कार्यक्रम के आयोजन में डॉ. नेहा गोयल, डॉ. शमीर्ला, डॉ. गगनजोत कौर, निधि मल्होत्रा, देवेश गर्ग, हस्मत उस्मानी, डॉ. रोबिन अब्राहम, डॉ. के. पी. जयंत, डॉ प्रमोद सागर, सचिन त्यागी, दीपक कुमार, प्रियंका त्यागी, दीप्ति गंगवार आदि ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

नोएडा में बसंत त्यागी के सुपुत्र के शुभ विवाह समारोह में सम्मिलित हुए विभु बंसल



राष्ट्रीय सुनहरा संसार वन्दना जोशी ब्यूरो चीफ

नोएडा। में बसंत त्यागी के सुपुत्र के शुभ विवाह समारोह में सम्मिलित हुए विभु बंसल आज नोएडा में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री एवं जनपद हापुड़ के प्रभारी बसंत त्यागी के सुपुत्र के शुभ विवाह समारोह में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने वर-वधू को नवदांपत्य जीवन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए उनके सुखमय, समृद्ध एवं मंगलमय वैवाहिक जीवन की कामना की। साथ ही उपस्थित गणमान्य अतिथियों से आत्मीय भेंट एवं शुभकामनाओं का आदान-प्रदान किया।

मुरादाबाद रालोद के नवनियुक्त जिला महासचिव इस्तेकार हुसैन ने संभाली कमान, संगठन को मजबूत करने का लिया संकल्प



राष्ट्रीय सुनहरा संसार वन्दना जोशी ब्यूरो चीफ

भोजपुर। राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के शीर्ष नेतृत्व द्वारा मुरादाबाद का जिला महासचिव नियुक्त किए जाने के बाद इस्तेकार हुसैन सक्रिय नजर आए। अपनी नियुक्ति के पश्चात मीडिया और पार्टी कार्यकर्ताओं से बातचीत करते हुए इस्तेकार हुसैन ने इस जिम्मेदारी के लिए पार्टी के राष्ट्रीय शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। अपने बयान में उन्होंने कहा कि पार्टी ने उन पर जो भरोसा जताया है, वे उस पर पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करेंगे। हुसैन ने स्पष्ट किया कि वे पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। उनका मुख्य उद्देश्य जिले में पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना और संगठन को जमीनी स्तर पर अधिक मजबूत करना होगा। इस दौरान स्थानीय कार्यकर्ताओं ने भी उनकी नियुक्ति का स्वागत किया।

गाजियाबाद में एयर रेड और ब्लैक आउट मॉक ड्रिल,सायरन बजते ही मचा अलर्ट;



राष्ट्रीय सुनहरा संसार आस मोहम्मद ब्यूरो चीफ

गाजियाबाद। में नागरिक सुरक्षा विभाग के तत्वावधान में राजनगर एक्सटेंशन स्थित रिवर हाइट्स सोसायटी में सिविल डिफेंस एयर रेड और ब्लैक आउट मॉक एक्सरसाइज का आयोजन किया गया। इस दौरान हवाई हमले जैसी आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए विभिन्न विभागों ने संयुक्त रूप से मॉक ड्रिल कर अपनी तैयारियों का प्रदर्शन किया। अभ्यास के दौरान हवाई हमले की काल्पनिक स्थिति बनाकर सायरन के माध्यम से अलर्ट जारी किया गया। इसके बाद विद्युत आपूर्ति बाधित कर ब्लैक आउट का अभ्यास कराया गया। अग्निशमन विभाग की टीम ने फायर टेंडर की मदद से आग बुझाने का प्रदर्शन किया, वहीं नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों ने फायर एक्सटिंगिशर का इस्तेमाल कर आग पर काबू पाने का अभ्यास किया। इसके अलावा घायलों को प्राथमिक उपचार देने, एम्बुलेंस के माध्यम से अस्पताल पहुंचाने और ध्वस्त भवन में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने का रेस्क्यू अभ्यास भी किया गया। इस संयुक्त मॉक एक्सरसाइज में NDRF, अग्निशमन एवं आपात सेवा, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, नागरिक सुरक्षा, ठउउ, ठरर सहित अन्य संबंधित विभागों की टीमों ने प्रतिभाग किया। मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य आपातकालीन परिस्थितियों में विभिन्न विभागों के बीच समन्वय, संचार व्यवस्था, त्वरित प्रतिक्रिया और राहत-बचाव कार्यों की तैयारियों को परखना था। अभ्यास के समापन पर सभी विभागों द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा भी की गई।

मंडावली पुलिस ने 24 घंटे में 8 महीने के अपहृत बच्चे को अलीगढ़ से सकुशल बरामद किया, वंश चलाने के लिए बच्चे की तस्करी की साजिश रचने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली



दिल्ली के ईस्ट जिले की मंडावली थाना पुलिस ने अपहरण और बाल तस्करी के एक सनसनीखेज मामले का महज 24 घंटे में खुलासा करते हुए 8 महीने के मासूम बच्चे को उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले के गांव वाजिदपुर से सकुशल बरामद कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी ऋषिपाल (40), छत्रू (50) और कुसमा (45) को गिरफ्तार किया है।

पांडव नगर इलाके में ई-रिक्शा चालक महिला की शिकायत पर मामला दर्ज हुआ था। महिला काम पर गई थी, तभी उसकी देखरेख में रखे 8 महीने के बेटे को केयरटेकर के पास से अगवा कर लिया गया। शिकायत के आधार पर थाना मंडावली में FIR No. 437/26 ४/२ 137(2) BNS के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

एसएचओ मंडावली के पर्यवेक्षण और एसीपी मयूर विहार के मार्गदर्शन में बनाई गई पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी जांच और स्थानीय खुफिया जानकारी के आधार पर जांच को आगे बढ़ाया। फुटेज में एक व्यक्ति बच्चे को लेकर भागता हुआ दिखाई दिया। ऑटो चालकों से पूछताछ और टाटा 407 वाहन की मूवमेंट से आरोपी ऋषिपाल की पहचान हुई, जो वाहन का चालक था। जांच में सामने आया कि बच्चे को कथित तौर पर तस्करी कर छत्रू को सौंप दिया गया था। छत्रू और उसकी पत्नी कुसमा ने करीब एक साल पहले इस तस्करी की योजना बनाई थी। उनकी तीन बेटियां हैं और वे वंश और विरासत को आगे बढ़ाने तथा बुढ़ापे में देखभाल के लिए एक बेटा चाहते थे। लगातार पूछताछ और लंबे सर्च ऑपरेशन के बाद पुलिस टीम ने बच्चे को गांव वाजिदपुर, थाना टप्पल, जिला अलीगढ़ से बरामद कर तीनों आरोपियों को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया। मामले में आगे की जांच जारी है।

रानी झलकारी बाई की जयंती पर दिल्ली भाजपा अनुसूचित मोर्चा ने किया पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली



नई दिल्ली, 22 नवम्बर 2026 : आज दिल्ली भाजपा कार्यालय में वीरांगना रानी श्रीमती झलकारी बाई की जयंती के अवसर पर दिल्ली भाजपा अनुसूचित मोर्चा की ओर से श्रद्धांजलि एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दिल्ली भाजपा के माननीय प्रभारी डॉ. विनय सहस्त्रबुद्धे एवं दिल्ली भाजपा अध्यक्ष श्री हर्ष मल्होत्रा ने सांसद श्रीमती कमलजीत सहरावत एवं अन्य प्रदेश पदाधिकारियों की उपस्थिति में रानी झलकारी बाई के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्री लाजपत राय ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस अवसर पर विधायक श्री अभय वर्मा एवं श्री गजेन्द्र यादव, प्रदेश पदाधिकारी श्री विजय सोलंकी, श्री सुमीत भसीन, श्री अमित गुप्ता, मोर्चा पदाधिकारी श्रीमती लीला सिंह, श्री रूपेश मेरा, श्री राजकुमार चौटेला एवं श्री विक्की कुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित की। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष श्री हर्ष मल्होत्रा ने कहा की रानी झलकारी बाई भारतीय नारी शक्ति और स्वाभिमान की प्रतीक थीं। 1857 की क्रांति में उन्होंने झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के रूप में अंग्रेजों से लोहा लेकर देशभक्ति का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया। एक साधारण परिवार में जन्म लेकर भी उन्होंने अपने पराक्रम से इतिहास रच दिया। झलकारी बाई का जीवन हमें सिखाता है कि जाति और परिस्थिति बड़ी नहीं होती, संकल्प बड़ा होता है। आज उनकी जयंती पर हम संकल्प लेते हैं कि उनके आदर्शों पर चलकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा और सम्मान पहुंचाएंगे। दिल्ली भाजपा उनके बलिदान को शत-शत नमन करती है। दिल्ली भाजपा प्रभारी डॉ. विनय सहस्त्रबुद्धे ने कहा की रानी झलकारी बाई दलित समाज की गौरव और वीरता की अमर गाथा हैं। 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में उन्होंने अपने प्राणों की परवाह न करते हुए मातृभूमि की रक्षा की। उन्होंने यह सिद्ध किया कि देशभक्ति किसी वर्ग, जाति या लिंग की मोहताज नहीं होती। झलकारी बाई का साहस आज भी हर युवा और नारी को प्रेरणा देता है। भारतीय जनता पार्टी बाबा साहेब और रानी झलकारी बाई के दिखाए मार्ग पर चलते हुए सामाजिक समरसता और सबका साथ-सबका विकास के संकल्प को आगे बढ़ा रही है।

दिल्ली में हुई बेअदबी की घटना के पीछे बादल पार्टी का हाथ होने की आशंका: दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली



नई दिल्ली, 22 नवंबर: दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका और महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों ने कहा है कि दिल्ली के साहिबपुरा में हुई बेअदबी की घटना के संबंध में दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गड़गज्ज से मुलाकात कर उन्हें सभी तथ्यों से अवगत कराएगी। साथ ही उनसे अपील करेगी कि वे कमेटी का पक्ष सुनने के बाद ही कोई फैसला लें। आज यहां एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि जब साहिबपुरा में बेअदबी की घटना हुई, उस समय दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी के कार्यालय में बैठक चल रही थी। घटना की जानकारी मिलते ही कमेटी सदस्य बीबी रणजीत कौर और सरदार रमिंदर सिंह स्वीटा तुरंत तिलक नगर थाने के लिए रवाना हो गए, जहां गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के प्रबंधकों ने बेअदबी के आरोपी को पकड़वाया था।

उन्होंने कहा कि जब कमेटी सदस्य थाने पहुंचे तो यह देखकर हैरान रह गए कि वहां मौजूद बादल दल के लोग गुरुद्वारा प्रबंधकों पर बेअदबी के मामले में दर्ज शिकायत वापस लेने का दबाव बना रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2015 में पंजाब में हुई बेअदबी की घटनाओं को लेकर भी बादल पार्टी पर आरोप लगते रहे हैं। तिलक नगर थाने में बादल पार्टी के लोगों का जो रवैया देखने को मिला, उससे यह आशंका पैदा होती है कि दिल्ली में हुई इस घटना के पीछे भी बादल पार्टी से जुड़े लोगों का हाथ हो सकता है। कालका और काहलों ने कहा कि हैरानी की बात है कि श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ने इस मामले में दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी के दो सदस्यों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं, जबकि वर्ष 2015 से अब तक पंजाब में बेअदबी के 453 मामले सामने आ चुके हैं, लेकिन जत्थेदार साहिब ने किसी भी शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी सदस्य के खिलाफ कार्रवाई नहीं की।

उन्होंने कहा कि इसी प्रकार श्री दरबार साहिब में गुटका साहिब की बेअदबी की घटना भी सामने आई थी, लेकिन उस मामले में भी शिरोमणि कमेटी के अध्यक्ष के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के एकतरफा फैसलों से मन को ठेस पहुंचती है, लेकिन दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी हमेशा श्री अकाल तख्त साहिब के प्रति समर्पित रही है और भविष्य में भी रहेगी। उन्होंने बताया कि कमेटी की ओर से ज्ञानी कुलदीप सिंह गड़गज्ज को पत्र लिखकर मुलाकात के लिए समय मांगा जा रहा है। दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी के सभी सदस्य जत्थेदार साहिब से मुलाकात कर दिल्ली में हुई घटना के वास्तविक तथ्यों से उन्हें अवगत कराएंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि जत्थेदार साहिब पूरे मामले की सच्चाई और सभी पक्षों को सुनने के बाद ही अगला फैसला लेंगे।

कालका और काहलों ने कहा कि दिल्ली में बेअदबी की इस प्रकार की घटना पहली बार सामने आई है। यह घटना ऐसे समय हुई है जब दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी के चुनाव भी नजदीक हैं और पंजाब में भी चुनाव होने वाले हैं। उन्होंने आशंका जताई कि बादल पार्टी चुनावी लाभ उठाने के उद्देश्य से इस प्रकार की घिनौनी हरकत करवा सकती है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2015 में पंजाब में हुई बेअदबी की घटनाओं के दोषियों के खिलाफ भी कोई कार्रवाई नहीं हुई और दिल्ली में भी बादल पार्टी यही चाहती थी कि आरोपी के खिलाफ कार्रवाई न हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी बेअदबी के आरोपी को कठोर से कठोर सजा दिलवाने के लिए पूरी तरह दृढ़ संकल्प है। कमेटी इस मामले की पूरी कानूनी पैरवी करेगी और आरोपी को सजा दिलवाकर रहेगी।

उन्होंने कहा कि यह दिल्ली है और यहां श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की बेअदबी की किसी भी घटना को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

कुलजीत सिंह चहल ने बी.के. दत्त कॉलोनी में विकसित एक पेड़ माँ के नाम पार्क का किया लोकार्पण

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली



नई दिल्ली, 22 नवंबर 2026: माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर शुरू किए गए देशव्यापी अभियान एक पेड़ माँ के नाम के अंतर्गत नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के उपाध्यक्ष श्री कुलजीत सिंह चहल ने आज बी.के. दत्त कॉलोनी स्थित नवनिर्मित एक पेड़ माँ के नाम पार्क का लोकार्पण किया और इसे क्षेत्र के निवासियों को समर्पित किया।

इस अवसर पर श्री कुलजीत सिंह चहल ने कहा कि अभियान के 50वें रविवार के विशेष अवसर पर इस पार्क का लोकार्पण करना उनके लिए खुशी की बात है। उन्होंने बताया कि पहले यह पार्क काफी खराब स्थिति में था और इसका उचित रखरखाव नहीं हो रहा था। NDMC ने इस पार्क को अपने अधीन लेकर इसके विकास और सौंदर्यीकरण की जिम्मेदारी उठाई। इसके तहत विभिन्न सिविल कार्य, रेलिंग लगाना, बाउंड्री वॉल की मरम्मत, रंगाई-पुताई, पार्क के गेट का निर्माण तथा विशेष रूप से पार्क की दीवार पर लाल कोटा स्टोन लगाया गया है। इससे पार्क को एक सुंदर और आकर्षक रूप मिला है, जो पास में स्थित ऐतिहासिक नजफ खान मकबरे के स्वरूप से भी मेल खाता है। श्री चहल ने कहा कि इस पार्क का विकास क्षेत्र के निवासियों को बेहतर हरित स्थान उपलब्ध कराने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने की दिशा में NDMC का एक प्रयास है। उन्होंने इसे स्थानीय निवासियों को समर्पित करते हुए पार्क की देखभाल और रखरखाव में उनकी भागीदारी की अपील की। श्री चहल ने कहा कि NDMC का यह प्रयास माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के एक पेड़ माँ के नाम के विजन को साकार करने तथा नई दिल्ली को और अधिक हरा-भरा, स्वच्छ एवं सुंदर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर शुरू किए गए एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत NDMC ने अपना 50वाँ लगातार रविवार का विशेष मेगा पौधारोपण अभियान बी.के. दत्त कॉलोनी स्थित नजफ खान मकबरे के पास आयोजित किया। लगातार 50 रविवार तक इस अभियान का आयोजन ठउटउ, स्थानीय निवासियों और विभिन्न सहयोगी संस्थाओं की पर्यावरण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। आज पौधारोपण के दौरान पीपल, आंवला, चीकू, नींबू, अमरूद और बेलपत्र सहित विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए। उन्होंने यह भी बताया कि भविष्य में प्रत्येक पौधे पर दफकोड लगाने की योजना है। इस दफकोड को स्कैन करके पौधे की प्रजाति, पौधारोपण की तारीख और पौधा लगाने वाले व्यक्ति का नाम सहित अन्य जानकारी प्राप्त की जा सकेगी। इससे प्रत्येक पौधे का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार होगा और लोगों में उसकी देखभाल की जिम्मेदारी की भावना भी बढ़ेगी। इस अवसर पर श्री चहल ने पौधारोपण अभियान में लगातार योगदान देने वाले पर्यावरण प्रहरियों को सम्मानित भी किया। इसमें पालिका सहायकों के साथ सिविल और उद्यान विभाग के वरिष्ठ कर्मचारियों को उनके सराहनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

पौधारोपण कार्यक्रम में स्थानीय निवासियों, महिलाओं, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (RWA), मार्केट ट्रेडर्स एसोसिएशन के सदस्यों और NDMC अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। श्री चहल ने कहा कि इस अभियान में RWA, मार्केट ट्रेडर्स एसोसिएशन, दूतावासों, स्कूल-कॉलेजों, विभिन्न संस्थानों और NDMC कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया है। सभी के सहयोग से यह अभियान जनभागीदारी का एक अच्छा उदाहरण बना है। श्री चहल ने कहा कि केवल पौधा लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसकी नियमित देखभाल, पानी देना और सुरक्षा करना भी उतना ही जरूरी है। उन्होंने सभी लोगों से अपील की कि वे अपने लगाए गए पौधों की जिम्मेदारी लें और उन्हें पेड़ बनने तक उनकी देखभाल करें, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा और बेहतर पर्यावरण मिल सके।

उन्होंने NDMC के उद्यान विभाग सहित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और विशेष रूप से फील्ड स्टाफ का आभार व्यक्त किया, जो दिन-रात मेहनत करके माननीय प्रधानमंत्री जी के एक पेड़ माँ के नाम के संकल्प को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

श्रीराम कथा में पहुंचे किसान नेता अमरीश चौहान, आयोजन समिति ने किया भव्य स्वागत

राष्ट्रीय सुनहरा संसार आस मोहम्मद ब्यूरो चीफ

दादरी। पुराना कटेड़ा, भट्ठा रोड दादरी में महागौरी सेवा संस्थान (रजि.) द्वारा आयोजित श्रीराम कथा में किसान नेता एवं जिला पंचायत वार्ड नंबर 03 के प्रत्याशी अमरीश चौहान पहुंचे और प्रभु श्रीराम की कथा का श्रवण किया। इस अवसर पर आयोजन समिति ने पटका पहनाकर सम्मानित किया तथा आचार्य पंडित ने चंदन तिलक लगाकर आशीर्वाद दिया।अमरीश चौहान ने कहा कि महागौरी सेवा संस्थान द्वारा किए जा रहे धार्मिक एवं सामाजिक कार्य सराहनीय हैं। सनातन संस्कृति पूरे विश्व को सत्य, अहिंसा, प्रेम और सद्भाव का संदेश देती है। प्रभु श्रीराम हम सभी के आदर्श एवं प्रेरणास्रोत हैं।उनका जीवन हमें धर्म की रक्षा, सत्य के मार्ग पर चलने तथा समाज एवं मानवता के हित में कार्य करने की प्रेरणा देता है। हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। इस अवसर पर संस्थान के मुख्य संयोजक एवं संस्थापक लक्ष्मण शर्मा,पंकज शर्मा अंकित शर्मा, संदीप शर्मा, संजय शर्मा सहित सैकड़ों श्रद्धालु एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



यातायात नियमों के उल्लंघन पर एटा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 359 वाहनों के चालान

इंटरसेप्टर वाहन से ओवरस्पीड के 105 चालान, अभियान में 6.01 लाख रुपये का समन शुल्क वसूला

सुनहरा संसार ब्यूरो पवन पाठक

एटा। जनपद में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने तथा यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से यातायात पुलिस द्वारा विशेष वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए कुल 359 चालान किए गए और 6 लाख 1 हजार रुपये का समन शुल्क निर्धारित किया गया।पुलिस के अनुसार, राष्ट्रीय राजमार्ग पर इंटरसेप्टर वाहन के माध्यम से निर्धारित गति सीमा से अधिक रफ्तार में वाहन चलाने वालों की जांच की गई। इस दौरान तेज गति से वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध 105 चालान किए गए, जिनके माध्यम से 2 लाख 20 हजार रुपये का समन शुल्क किया गया।इसके अतिरिक्त मद्यपान कर वाहन चलाने सहित यातायात के अन्य नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के विरुद्ध भी कार्रवाई की गई। इस श्रेणी में 254 चालान करते हुए 3 लाख 81 हजार रुपये का समन शुल्क निर्धारित किया गया। इस प्रकार विशेष अभियान के अंतर्गत कुल 359 चालान किए गए और 6 लाख 1 हजार रुपये का समन शुल्क वसूला गया।अभियान के दौरान यातायात पुलिस ने वाहन चालकों को निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने, शराब का सेवन करने के बाद वाहन न चलाने तथा यातायात के सभी नियमों का पालन करने के प्रति जागरूक किया।एटा पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि सुरक्षित यात्रा के लिए यातायात नियमों का पालन करें। स्वयं सुरक्षित रहें और दूसरों की सुरक्षा का भी ध्यान रखें। पुलिस के अनुसार, सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए जांच एवं जागरूकता अभियान निरंतर जारी रहेंगे।



टेंपो के कट मारने से बाइक सवार दो युवक सड़क पर गिरे, गंभीर रूप से घायल



सुनहरा संसार ब्यूरो पवन पाठक

अलीगंज (राजा का रामपुर)। थाना राजा का रामपुर क्षेत्र के ग्राम असदपुर के निकट बाइक और टेंपो की टक्कर में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अलीगंज में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर एटा रेफर कर दिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना जैथरा क्षेत्र के ग्राम अमृतपुर निवासी 17 वर्षीय लल्लोरी पुत्र जगतपाल और 18 वर्षीय सुरजीत पुत्र सुभाष चंद्र निवासी ग्राम टिकाथर बाइक से थाना राजा का रामपुर क्षेत्र के ग्राम भगवानपुरा स्थित अपनी बुआ के घर जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक ग्राम असदपुर के निकट पहुंची, तभी सामने से आ रहे एक टेंपो ने अचानक कट मार दिया। इससे बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई और दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।हादसे के बाद मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना राजा का रामपुर पुलिस मौके पर पहुंच गई और एंबुलेंस बुलाकर दोनों घायलों को उपचार के लिए सीएचसी अलीगंज भिजवाया।पुलिस के अनुसार दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है। दुर्घटना के कारणों की जांच-पड़ताल की जा रही है।

नीलकंठ मैदान में श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन गूंजा श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, भक्तों ने किया कथा श्रवण



सुनहरा संसार,अनुराग मिश्र

गोला गोकर्णनाथ खीरी। भगवान शिव मंदिर के निकट स्थित नीलकंठ मैदान में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस कथा व्यास नरोत्तम शास्त्री ने विविध दिव्य प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने राजा पृथु, अजामिल मोक्ष और वृत्रासुर वध की कथा सुनाने के साथ-साथ भगवान के विभिन्न अवतारों की महिमा का बखान किया। कथा व्यास नरोत्तम शास्त्री ने बताया कि भगवान ने वराह अवतार लेकर हिरण्याक्ष का वध किया तथा नृसिंह अवतार धारण कर हिरण्यकश्यप का संहार करते हुए भक्त प्रहलाद की रक्षा की। उन्होंने गज और ग्राह (मगरमच्छ) प्रसंग के माध्यम से प्रभु की शरणागति का महत्व समझाया। इसके पश्चात वामन अवतार की कथा सुनाते हुए कहा कि भगवान ने राजा बलि से तीन पग भूमि मांगी और दो पगों में ही दोनों लोक नाप लिए, जिस पर राजा बलि ने अपना शीश प्रस्तुत कर दिया। रामावतार के प्रसंग के बाद परब्रह्म परमेश्वर भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का वृत्तान्त सुनाया गया, जिससे पूरा पंडाल भक्तिमय हो उठा।?यजमानों और श्रद्धालुओं की रही उपस्थिति कथा के मुख्य यजमान अमित गुप्ता एडवोकेट व उनकी पत्नी सोनम गुप्ता एडवोकेट रहे। इसी क्रम में आज के यजमान निर्देश दीक्षित व उनकी पत्नी प्रतिभा दीक्षित, डॉ. आदर्श दीक्षित व उनकी पत्नी अनुरीता दीक्षित, तथा अयोध्या के संत राघवाचार्य के शिष्य उधौ श्याम तिवारी एवं उनकी पत्नी मंजुली तिवारी सहित अन्य यजमानों ने श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना कर कथा का श्रवण किया। इस अवसर पर कथा अध्यक्ष मुनेंद्र शुक्ला, संरक्षक श्रीराम बाजपेई, पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला, शिव मंदिर कमेटी अध्यक्ष जनार्दन गिरी, अशोक कुमार अवस्थी, सत्य प्रकाश अग्रवाल, शिवकुमार बाजपेई पिंटू, कमल बाजपेई, राजेश बाजपेई, मनोज तिवारी, कृष्णा बाजपेई, पंकज मिश्र, सुभाष मिश्र, वेदप्रकाश बाजपेई और गिरधारी लाल गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

मैलानी नेशनल हाईवे पर बेखौफ दौड़ रहे ओवरलोड गन्ना ट्रक बड़े हादसे की आशंका परिवहन विभाग की चुप्पी पर उठे सवाल



सुनहरा संसार,अनुराग मिश्र

गोला गोकर्णनाथ खीरी। तहसील गोला अंतर्गत मैलानी क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर ओवरलोड वाहनों का संचालन लगातार गंभीर चिंता का विषय बना हुआ है। खासकर गन्ने से लदे ओवरलोड ट्रक और अन्य भारी वाहन निर्धारित मानकों को ताक पर रखकर सड़कों पर बेखौफ दौड़ रहे हैं। क्षमता से अधिक भार लादकर चलने वाले इन वाहनों के कारण कभी भी बड़ा सड़क हादसा होने की आशंका बनी हुई है, लेकिन संभागीय परिवहन विभाग की उदासीनता लोगों के बीच सवाल खड़े कर रही है।

?दोपहिया चालकों और राहगीरों की बढ़ी मुश्किलें

?स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि मैलानी क्षेत्र में ओवरलोड वाहनों की आवाजाही लंबे समय से जारी है। गन्ने से भरे भारी-भरकम ट्रक हाईवे से गुजरते समय न केवल यातायात व्यवस्था को बाधित करते हैं, बल्कि कई बार जाम की स्थिति भी पैदा कर देते हैं। ओवरलोडिंग के कारण इन वाहनों का संतुलन बिगड़ने का खतरा रहता है, जिससे दोपहिया वाहन चालकों और पैदल राहगीरों को जान जोखिम में डालकर सफर करना पड़ रहा है।

?जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल

?क्षेत्र में आए दिन होने वाले सड़क हादसों के बावजूद ओवरलोड वाहनों पर अंकुश न लगना प्रशासनिक लापरवाही को दर्शाता है। स्थानीय लोगों में इस बात को लेकर रोष है कि मुख्य मार्गों से खुलेआम गुजरने वाले इन वाहनों पर संभागीय परिवहन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई क्यों नहीं कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगाई गई, तो यह अनदेखी किसी बड़ी दुर्घटना को न्योता दे सकती है।?विशेष चेकिंग अभियान चलाने की मांग ?क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन और संभागीय परिवहन विभाग से मांग की है कि मैलानी नेशनल हाईवे पर तत्काल विशेष चेकिंग अभियान चलाया जाए। लोगों की अपेक्षा है कि क्षमता से अधिक गन्ना लादने वाले ट्रकों की सघन जांच कर नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन संचालकों पर सख्त जुमार्ना व विधिक कार्रवाई की जाए, ताकि संभावित हादसों को रोका जा सके।

शहीद भगत सिंह की स्मृति में 'महासामान्य ज्ञान प्रतियोगिता 2026' आयोजित, सैकड़ों विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा

सुनहरा संसार,अनुराग मिश्र

गोला गोकर्णनाथ खीरी। महान स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद सरदार भगत सिंह की स्मृति में 'के.वी. ग्रुप ऑफ स्टडीज' (नया बाईपास, गोला) के तत्वावधान में रविवार, 22 नवंबर 2026 को 'महासामान्य ज्ञान प्रतियोगिता 2026' का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के मुख्य सूत्रधार कुमार विवेक रहे, जिनकी पहल से क्षेत्र की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मंच मिला। परीक्षा केंद्र ग्लोबल पब्लिक इंटर कॉलेज में सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ प्रतिभाग किया।

?दो पालियों में शांतिपूर्ण व पारदर्शी परीक्षा

?प्रतियोगिता को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए इसे दो पालियों में आयोजित किया गया ?प्रथम पाली (प्रातः 10 से 11 बजे): कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। ?द्वितीय पाली (दोपहर 12 से 01 बजे): कक्षा 5 से 8 के विद्यार्थियों तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं ने हिस्सा लिया।?परीक्षा केंद्र पर आधार कार्ड सत्यापन और कड़े अनुशासन के बीच पारदर्शी ढंग से परीक्षा हुई। इस दौरान स्थानीय पुलिस प्रशासन और 'गोला वॉलंटरी पुलिस' की टीम की मुस्तैदी से सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था चाक-चौबंद रही।

मात्र 300 प्रतिमाह में सरकारी नौकरी की तैयारी की पहल

?आयोजन की सबसे खास विशेषता मुख्य आयोजक कुमार विवेक की जनहितकारी पहल रही। संस्था की ओर से जहां सफल परीक्षार्थियों को नकद राशि, स्कूल बैग, जूते, घड़ी, टी-शर्ट, ट्रॉफी और पानी की बोतल जैसे पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा, वहीं प्रतियोगिता में शामिल होने वाले सभी प्रतिभागियों को मात्र ?300 प्रतिमाह के न्यूनतम शुल्क पर सरकारी नौकरी की तैयारी कराई जाएगी। ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को सशक्त बनाने के इस कदम की अभिभावकों और बुद्धिजीवियों ने सराहना की। आयोजकों ने जताया आभार कार्यक्रम के समापन पर मुख्य आयोजक कुमार विवेक एवं के.वी. ग्रुप ऑफ स्टडीज के समस्त आयोजक मंडल ने शांतिपूर्ण आयोजन के लिए पुलिस प्रशासन, गोला वॉलंटरी पुलिस टीम, परीक्षा केंद्र ग्लोबल पब्लिक इंटर कॉलेज और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। आयोजकों ने बताया कि जल्द ही परिणाम घोषित कर भव्य समारोह में विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

राठौड़ समाज ने हर्षोल्लास के साथ मनाया 26वां अन्नकूट महोत्सव

बैंड-बाजों के साथ नगर में निकला भव्य चल समारोह, जगह-जगह पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

महाआरती के पश्चात हुआ महाप्रसादी एवं भंडारे का आयोजन

रहीम शेरानी झाबुआ



झकनावदा नगर में क्षत्रिय राठौड़ समाज द्वारा 26 वां अन्नकूट महोत्सव हर्षोल्लास एवं धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें समाजजनों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की।आयोजन का शुभारंभ प्रातः स्थानीय श्रीकृष्ण मंदिर परिसर से हुआ। यहां बैंड-बाजों की मधुर धुनों के बीच भगवान श्रीकृष्ण को आकर्षक रथ में विराजमान कर नगर भ्रमण कराया गया। चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा। इस दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों द्वारा पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का आत्मीय स्वागत किया गया। चल समारोह में समाज की मातृशक्ति एवं बहनें पारंपरिक वेशभूषा में गरबा खेलते हुए चल रही थीं, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय एवं उत्साहपूर्ण हो गया। इस अवसर पर राठौड़ समाज अध्यक्ष जितेंद्र राठौड़ का हेमेंद्र जोशी, परीक्षित सिंह राठौर, राजेश कांसवा, प्रदीप बोराना एवं हरिराम पड़ियार द्वारा साफा बांधकर आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया। शोभायात्रा नगर भ्रमण के पश्चात पुनः स्थानीय श्रीकृष्ण मंदिर पहुंची, जहां विधि-विधान के साथ भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना की गई।

इस दौरान भगवान श्री कृष्ण की महा आरती का लाभ अर्जुन - शंभूलालजी राठौड़ खवासा,घड़ियाल का लाभ शैलेंद्र कुमार - बाबूलाल राठौड़,घंटी का लाभ शंभूलाल - भागीरथ राठौड़,चवर का लाभ भागीरथ - शांतिलाल राठौड़, भगवान को 56 भोग अर्पण करने का लाभ राजू - दुलीचंद राठौड़, ओर ध्वजा का लाभ रतनलाल - रामनारायण राठौड़ ने लिया। चढ़ावे पश्चात महाआरती उतारी गई तथा उपस्थित श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर धर्मलाभ लिया। महाआरती के पश्चात महाप्रसादी वितरण एवं भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजनों एवं श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। अन्नकूट महोत्सव में रायपुरिया, पेटलावद, थांदला, बामनिया, रतलाम, राजगढ़, खवासा, कुशलगढ़, धार एवं झाबुआ सहित विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में समाजजन सम्मिलित हुए। पूरे आयोजन में धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता एवं उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला।

महिला मंडल ने हर्षोल्लास के साथ संपन्न कराया श्रीकृष्ण-तुलसी विवाह

ढोल-धमाकों और गरबा की थाप के बीच निकला भव्य चल समारोह, पुष्पवर्षा कर किया स्वागत



रहीम शेरानी झाबुआ

झकनावदा स्थानीय श्रीकृष्ण मंदिर में भजन मंडली महिला मंडल के तत्वावधान में श्रीकृष्ण-तुलसी विवाह समारोह श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। धार्मिक उल्लास से परिपूर्ण इस आयोजन में महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह की समस्त रस्में निभाईं। आयोजन के अंतर्गत भगवान श्रीकृष्ण एवं माता तुलसी की आकर्षक साज-सज्जा कर ढोल-धमाकों के साथ भव्य चल समारोह निकाला गया। इसमें महिला मंडल की सदस्याएं पारंपरिक वेशभूषा में सुसज्जित होकर भजन-कीर्तन एवं गरबा करते हुए चल रही थीं। भक्ति गीतों और गरबा की मनमोहक प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

चल समारोह के दौरान मिस्त्री मोहल्ले में कल्पना-हेमेन्द्र कुमार जोशी परिवार द्वारा पुष्पवर्षा कर श्रद्धालु महिलाओं का आत्मीय स्वागत किया गया। साथ ही महिला मंडल की सभी सदस्यों को दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया। इस आत्मीय स्वागत से आयोजन की गरिमा और बढ़ गई। इसके पश्चात चल समारोह श्रीकृष्ण मंदिर परिसर पहुंचा, जहां विधि-विधान एवं वैदिक परंपराओं के अनुरूप भगवान श्रीकृष्ण और माता तुलसी के विवाह की रस्में संपन्न कराई गईं। विवाह प्रसंग के दौरान हल्दी एवं मेहंदी की पारंपरिक रस्में भी श्रद्धापूर्वक निभाई गईं। जैसे ही विवाह की रस्में पूर्ण हुईं, पूरा मंदिर परिसर 'जय कन्हैया लाल की' के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। इस प्रकार भजन मंडली महिला मंडल द्वारा आयोजित श्रीकृष्ण-तुलसी विवाह समारोह धार्मिक आस्था, सामाजिक समरसता और महिला शक्ति की सहभागिता का सुंदर उदाहरण बनकर संपन्न हुआ।

डीएम ने कहा अगर बीएलओ लापरवाही करते हुए नजर आते हैं तो होंगी कार्रवाई

सुनहरा संसार ब्यूरो
चीफ विक्रम सिंह



मैनपुरी, में विशेष बूथ दिवस के दूसरे दिन जिला निर्वाचन अधिकारी (डीएम) डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा ने राजकीय इंटर कॉलेज (बूथ संख्या 192 से 198) और गौतम बुद्ध इंटर कॉलेज (बूथ संख्या 120 से 126) का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) से फॉर्म-6, 7 और 8 की प्रगति की समीक्षा की।

मुख्य निर्देश और कार्रवाई की चेतावनीः * न्यूनतम लक्ष्यः डीएम ने प्रत्येक बीएलओ को अपने क्षेत्र के कम से कम 10 से 10 पात्र युवाओं से ऑनलाइन फॉर्म-6 भरवाने का लक्ष्य दिया है।

* वेतन रोकने की चेतावनीः उन्होंने सख्त चेतावनी दी कि यदि विशेष बूथ दिवस पर किसी भी बीएलओ की प्रगति शून्य पाई जाती है, तो उसका उत्तरदायित्व तय कर न केवल कार्रवाई की जाएगी, बल्कि उसका वेतन आहरण भी रोक दिया जाएगा।

* युवा और महिला मतदाताओं पर जोरः जिले का वर्तमान जेंडर रेशियो लगभग 823 है, जिसे मानक के अनुरूप सुधारने के लिए महिला मतदाताओं के अधिक से अधिक पंजीकरण के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा, निर्धारित आयु वर्ग के लगभग 40 से 45 हजार पात्र युवाओं के नाम अभी भी मतदाता सूची में शामिल होने शेष हैं, जिन्हें जोड़ने के लिए बीएलओ को घर-घर जाकर जागरूक करने को कहा गया है।

अब तक की प्रगतिः

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 17 नवंबर से 21 नवंबर तक जिले में नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, संशोधन और नाम विलोपित करने के लिए 10 हजार से अधिक फॉर्म-6, 7 और 8 प्राप्त हो चुके हैं। विशेष अभियान दिवस के तहत आज 10 से 15 हजार अतिरिक्त आवेदन प्राप्त होने की उम्मीद है।

मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं के निर्देशः

निरीक्षण के दौरान डीएम ने विद्यालय भवनों में बने कक्षों का जायजा लिया और उप जिलाधिकारी व अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को सभी मतदान केंद्रों पर विशेष सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी कक्ष में जंगले, खिड़की या दरवाजे क्षतिग्रस्त हैं, तो उनकी प्राथमिकता के आधार पर मरम्मत कराई जाए ताकि मतदान कर्मियों और मतदाताओं को सभी मूलभूत सुविधाएं मिल सकें।

उपस्थित अधिकारीः

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अभिषेक तिवारी, उप जिलाधिकारी सदर श्याम प्रताप सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर अशोक सिंह, क्षेत्राधिकारी क्राइम जितेंद्र कुमार सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका बुद्धि प्रकाश, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली फतेह बहादुर सिंह और जीआईसी प्रधानाचार्य अनिल कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

डीएम व एसपी ने किया मंडी समिति का निरीक्षण, अतिक्रमण हटाने के सख्त निर्देश

सुनहरा संसार
ब्यूरो चीफ विक्रम सिंह



मैनपुरी, में आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 की तैयारियों के मद्देनजर जिला निर्वाचन अधिकारी (डीएम) डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक (एसपी) गणेश प्रसाद शाहा ने शनिवार को कृषि उत्पादन मंडी समिति स्थित मतदान कार्मिक प्रस्थान, वापसी स्थल और मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मंडी परिसर में व्याप्त अव्यवस्थाओं और जगह-जगह पाए गए अस्थायी व स्थायी अतिक्रमण पर कड़ी नाराजगी जताई। निरीक्षण के दौरान डीएम ने मंडी सभापति को निर्देशित किया कि वे स्वयं नेतृत्व करते हुए नोटिस जारी करवाएं और एक सप्ताह के भीतर मंडी परिसर से सभी अवैध कब्जे हटवाना सुनिश्चित करें। साथ ही, उन्होंने स्टेडियम की ओर स्थित मंडी गेट के चौड़ीकरण और गेट से करहल-किशनी मतगणना पंडाल तक की सड़क को चौड़ा करने के लिए तत्काल प्रस्ताव तैयार कर भेजने के निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने 107-मैनपुरी, 108-भोगांव, 109-किशनी और 110-करहल विधानसभा क्षेत्रों के लिए चिह्नित टिनशेड और चबूतरों की प्राथमिकता के आधार पर मरम्मत कराने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए किः * स्ट्रांग रूम के लिए अधिग्रहीत की जाने वाली दुकानों की मरम्मत कर निर्वाचन आयोग के मानकों का पालन किया जाए।

* बफर जोन निर्धारित किया जाए ताकि अनधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश पूरी तरह वर्जित रहे।

* अधिशासी अभियंता (लोक निर्माण) पूरे मतगणना परिसर का स्पष्ट ले-आउट प्लान तैयार करें और आर.ओ. टेबल तक जाने वाले मार्गों व बरामदे में मजबूत बैरिकेडिंग करें।

* हर चुनाव में बैरिकेडिंग के लिए फर्श तोड़ने की समस्या से बचने हेतु फर्श में स्थायी रूप से लोहे के फ्रेम या सॉकेट सीमेंट से जाम कराए जाएं, ताकि बल्लियां आसानी से लगाई जा सकें।

* मंडी सचिव कार्यालय के कक्षों की बदरंग दीवारों की आकर्षक पुताई कराकर, फॉल सीलिंग व वुडन पार्टीशन के माध्यम से प्रेक्षकों और वरिष्ठ अधिकारियों के लिए उच्च स्तरीय विश्राम कक्ष विकसित किए जाएं। पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद शाहा ने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और चुनाव सेल का गठन कर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण को इसका नोडल अधिकारी बनाया गया है। उन्होंने कहा कि मतदान व मतगणना के दिन किसी भी तरह की अव्यवस्था और जाम से बचने के लिए मंडी स्थल का एक विशेष मैप तैयार किया जा रहा है। इसके तहत कुल चार गेट निर्धारित किए जाएंगे, जिसमें यह तय होगा कि निर्वाचन अभिकर्ता व अधिकारी किस गेट से प्रवेश करेंगे, वाहनों की पार्किंग कहां होगी और कौन सा गेट इमरजेंसी के लिए आरक्षित रहेगा। इस निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी संतोष बहादुर सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अभिषेक तिवारी, उप जिलाधिकारी सदर श्याम प्रताप सिंह, डिप्टी कलेक्टर अरविन्द कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर अशोक सिंह, क्षेत्राधिकारी क्राइम जितेन्द्र कुमार सिंह, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण, विद्युत ए.के. अरुण, अनिल वर्मा, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका बुद्धि प्रकाश, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली फतेह बहादुर सिंह सहित मंडी सचिव व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम बदन राम ने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर सघन पल्स पोलियो अभियान का किया शुभारंभ

जनपद फिरोजाबाद में 1170 बूथों पर 4,62,951 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ राजेश कुमार शर्मा व राजकुमार शर्मा



फिरोजाबाद जनपद में आज दिनांक 22 नवम्बर 2026 को सघन पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा अधिकारी, फिरोजाबाद डॉ. राम बदन राम द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धनपुरा, उपकेंद्र मक्खनपुर, विकासखंड शिकोहाबाद में बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया।इस अवसर पर जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, फिरोजाबाद, एस.एम.ओ., विश्व स्वास्थ्य संगठन , फिरोजाबाद, चिकित्सा अधीक्षक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनपुरा सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम बदन राम ने उपस्थित अभिभावकों एवं जनसामान्य को संबोधित करते हुए कहा कि पोलियो एक गंभीर संक्रामक बीमारी है, जिससे बचाव के लिए बच्चों का समय पर टीकाकरण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने जनपद के समस्त अभिभावकों से अपील की कि वे अपने 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलवाएं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जनपद फिरोजाबाद में सघन पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत कुल 1170 पोलियो बूथ स्थापित किए गए हैं, जिनके माध्यम से 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के 4,62,951 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।उन्होंने बताया कि दिनांक 22 नवम्बर 2026 को बूथ दिवस के आयोजन के उपरांत 23 नवम्बर से 27 नवम्बर 2026 तक स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर पात्र बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगी। इसके अतिरिक्त 30 नवम्बर 2026 को विशेष टीम गतिविधि के माध्यम से अभियान के दौरान छूटे हुए बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा समस्त चिकित्सा अधीक्षकों, प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों, स्वास्थ्य पर्यवेक्षकों, एएनएम, आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकताओं को निर्देशित किया गया कि अभियान का संचालन निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार पूर्ण जिम्मेदारी एवं गंभीरता के साथ सुनिश्चित किया जाए, ताकि कोई भी पात्र बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे। इस अवसर पर जिला प्रतिरक्षण अधिकारी एवं विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रतिनिधि द्वारा भी पल्स पोलियो अभियान के सफल संचालन, नियमित निगरानी, लक्षित बच्चों के शत-प्रतिशत आच्छादन तथा जनसहभागिता सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा स्वास्थ्य केंद्र पर पल्स पोलियो अभियान से संबंधित व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

उन्होंने कहा कि भारत को पोलियो मुक्त बनाए रखने के लिए प्रत्येक अभियान में बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाना अत्यंत आवश्यक है। पूर्व में पोलियो की खुराक पी चुके बच्चों को भी अभियान के दौरान निर्धारित खुराक अवश्य पिलाई जाए। अंत में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम बदन राम ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि "दो बूंद हर बार, पोलियो पर जीत रहे बरकरार" के संकल्प के साथ सभी अभिभावक अपने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलवाकर अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें।

छोटी खबरें

बदलते मौसम का असर: सर्दी-जुकाम और एलर्जी के मरीजों की बढ़ी संख्या

मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में 325 मरीजों का परीक्षण, खांसी-बुखार और त्वचा रोग से पीड़ित लोगों ने कराया उपचार

सुनहरा संसार ब्यूरो पवन पाठक

अलीगंज। नवंबर के अंतिम दिनों में मौसम में लगातार हो रहे बदलाव का असर लोगों के स्वास्थ्य पर दिखाई देने लगा है। सुबह और शाम ठंड तथा दिन के तापमान में उतार-चढ़ाव के कारण सर्दी-जुकाम, खांसी, बुखार और एलर्जी से पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़ रही है। रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में भी इसका प्रभाव देखने को मिला। क्षेत्र के पांच स्वास्थ्य केंद्रों पर लगे मेले में कुल 325 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक दवाइयां एवं चिकित्सकीय परामर्श दिया गया।ब्लॉक अलीगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भदकी, नायगांव, नगला गजपत और अलीपुर में आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। सुबह से ही स्वास्थ्य केंद्रों पर मरीजों की आवाजाही शुरू हो गई। बदलते मौसम के कारण गले में खराश, खांसी, जुकाम और एलर्जी की शिकायत लेकर बड़ी संख्या में लोग उपचार कराने पहुंचे। इसके अलावा दाद-खुजली सहित विभिन्न त्वचा संबंधी रोगों से परेशान मरीजों ने भी चिकित्सकों से परामर्श लिया।मेले में बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य परीक्षण पर भी ध्यान दिया गया। गर्भवती महिलाओं की जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय सलाह दी गई। चिकित्सकों ने मरीजों की समस्याओं के अनुसार दवाइयां उपलब्ध कराईं। स्वास्थ्य कर्मियों ने लोगों को मौसम के अनुरूप खानपान रखने, ठंड से बचाव करने तथा साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी। साथ ही बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर लापरवाही न बरतने और समय से उपचार कराने के प्रति जागरूक किया।इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अलीगंज के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सर्वेश कुमार ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नगला गजपत का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र पर मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं और उपचार व्यवस्था का जायजा लिया। स्वास्थ्य कर्मियों से मरीजों की संख्या, दवा वितरण तथा स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं और उपचार में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।



दो दिवसीय बूथ अभियान का निरीक्षण के साथ हुआ समापन, ली गई जानकारी

सुनहरा संसार ब्यूरो पवन पाठक

एटा/अलीगंज। तहसीलदार और बीडीओ ने कई गांवों के बूथों पर पहुंचकर देखी व्यवस्थापात्र युवाओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने के दिए निर्देशअलीगंज मतदाता सूची में नए मतदाताओं के नाम शामिल कराने और छूटे हुए पात्र नागरिकों को मतदान प्रक्रिया से जोड़ने के उद्देश्य से चलाया जा रहा दो दिवसीय बूथ अभियान रविवार को संपन्न हो गया। अभियान के अंतिम दिन भी प्रशासनिक अधिकारियों ने विभिन्न बूथों पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान मतदाता सूची में नाम बढ़ाने के लिए चल रही प्रक्रिया की जानकारी लेने के साथ ही कर्मचारियों को अधिक से अधिक पात्र लोगों के आवेदन भरवाने के निर्देश दिए गए।अभियान के समापन अवसर पर तहसीलदार संजय कुमार ने नगला उम्मेद, बिचपुरी, अंगरैया जमुनाई, राया और कैल्ठा स्थित बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने बूथों पर पहुंचकर संबंधित बीएलओ और कर्मचारियों से मतदाता सूची में नए नाम शामिल कराने के लिए प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली साथ ही यह भी जाना कि गांवों में कितने ऐसे युवक-युवतियां हैं, जिन्होंने 18 वर्ष की आयु पूरी कर ली है और अभी तक उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं हुआ है। तहसीलदार ने निर्देश दिए कि ऐसे सभी पात्र युवाओं को चिह्नित कर उनका फार्म-6 भरवाया जाए, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता बनने से वंचित न रहे। वहीं खंड विकास अधिकारी उमाकांत साहू ने विजैदपुर, अंगदपुर और सासोता दोषपुर स्थित बूथों का निरीक्षण कर अभियान की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों से आवेदन प्रक्रिया और मतदाताओं को दी जा रही जानकारी के बारे में पूछताछ की। बीडीओ ने निर्देश दिए कि गांवों में पात्र मतदाताओं को जागरूक किया जाए और जिन लोगों के नाम अभी तक सूची में शामिल नहीं हो सके हैं, उनके आवेदन प्राथमिकता के आधार पर भरवाए जाएं। अधिकारियों ने कहा कि मतदाता सूची में नाम शामिल होना प्रत्येक पात्र नागरिक का अधिकार है। विशेष रूप से 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं को इस अभियान का लाभ दिलाया जाए। आवेदन भरने में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और लोगों को सही जानकारी उपलब्ध कराई जाए। दो दिवसीय अभियान के दौरान अधिकारियों ने अलग-अलग बूथों पर पहुंचकर व्यवस्थाओं की निगरानी की। रविवार को अंतिम दिन निरीक्षण के साथ अभियान का समापन हुआ। प्रशासन का जोर मतदाता सूची को अधिक से अधिक पात्र नागरिकों के नाम से जोड़ने और आगामी निर्वाचन प्रक्रिया से पहले सूची को दुरुस्त करने पर रहा।



गरीबों, वंचितों और किसानों के मसीहा थे मुलायम सिंह : डॉ चंद्रपाल



झांसी। समाजवादी पार्टी के संस्थापक, देश के पूर्व रक्षामंत्री एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री पद्म विभूषण से सम्मानित स्वर्गीय श्री मुलायम सिंह यादव की जयंती पूर्व सांसद डॉ. चंद्रपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में मनाई गई। इस अवसर पर नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अध्यक्षीय संबोधन में पूर्व सांसद डॉ. चंद्रपाल सिंह यादव ने नेताजी के साथ जुड़े संस्मरणों और उनके राजनीतिक जीवन के विभिन्न पहलुओं को साझा करते हुए कहा कि मुलायम सिंह यादव केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और गरीबों, किसानों एवं वंचितों की आवाज थे। उन्होंने समाजवादी विचारधारा को मजबूत आधार दिया और आम आदमी को सम्मान के साथ जीने का अधिकार दिलाने के लिए जीवनभर काम किया। उन्होंने कहा कि उनके विचार और सिद्धांत आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि मुलायम सिंह यादव ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को राजनीतिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के लिए निरंतर संघर्ष किया।
वक्ताओं ने कहा कि नेताजी ने अपने लंबे राजनीतिक जीवन में जनसेवा और सामाजिक सरोकारों को सर्वोपरि रखा। रक्षा मंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल तथा समाजवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में उनकी भूमिका सदैव याद रखी जाएगी। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने नेताजी के बताए रास्ते पर चलने, समाजवादी विचारधारा को मजबूत करने तथा सामाजिक समानता, भाईचारे और न्याय पर आधारित समाज के निर्माण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में निहाल सिंह, कैलाश यादव, उमेश साहनी, लाली माते, अनिरुद्ध नायक, अरविंद खैलार , दर्शन सिंह, सिंकू यादव, करन सिंह आदि मौजूद रहे।

श्री गुरु नानक देव के 557 वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष में गुरुद्वारा साहिब नदग्राम से एक नगर कीर्तन आरंभ हुआ

राष्ट्रीय सुनहरा संसार आस मोहम्मद ब्यूरो चीफ



गाजियाबाद। श्री गुरु नानक देव के 557 वे प्रकाश पर्व के उपलक्ष में आज गुरुद्वारा साहिब नंदग्राम से एक नगर कीर्तन आरंभ हुआ नगर कीर्तन पांच प्यारों के नेतृत्व में एवं श्री गुरु ग्रंथ साहिब की छत्र छाया हेत निकाला गया नगर कीर्तन में श्री गुरु नानक गर्ल्स इंटर कॉलेज का बैंड , कॉलेज बैंड के बच्चों ने बैंड के माध्यम से लोगों का मन मोह लिया बैंड लोगों का आकर्षण का केंद्र भी रहा गतका टीम श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का सम्मान करते हुए झाड़ू जत्था पूरी सड़क पर झाड़ू लगाने का कार्य कर रहा था पालकी साहब के आगे पंच प्यारे चल रहे थे नंद ग्राम गुरुद्वारा साहिब के अध्यक्ष चेयरमैन ज्ञानी प्रीतम सिंह अध्यक्ष अवतार सिंह आनंद सचिव कुलवंत सिंह जसवंत सिंह नगर कीर्तन में गाजियाबाद सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार मनजीत सिंह अपने कार्यकारिणी के कई सदस्यों के साथ नगर कीर्तन में हिस्सा लिया जिसमें मुख्यतः तेजपाल सिंह बंटू जगतार सिंह भट्टी अमरजीत सिंह कालिंग महेंद्र सिंह कोहली रमनदीप सिंह वालिया आदि प्रमुख थे मनजीत सिंह के नेतृत्व में पांच प्यारों का शॉल व ड्राई फ्रूट के पैकेट देकर स्वागत किया गया पालकी साहब के आगे नतमस्तक होकर गुरु से आशीर्वाद लिया नगर कीर्तन में दसों गुरुओं की तस्वीर के साथ नगर कीर्तन आरंभ हुआ नंदग्राम से चलकर मेरठ रोड से होते हुए शिवबनपुरा गुरुद्वारा साहिब मुकद्दर नगर से होते हुए हापुर रोड गुरुद्वारा साहिब जगदीश नगर गुरुद्वारा साहिब गुरुद्वारा साहिब लाल क्वार्टर पर जाकर समाप्त हुआ जगह- जगह बीच में प्रसाद वितरण करने की स्टाल लगाए गए थे गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व की खुशी में चारों तरफ अच्छा मिलनसार खुशियों से भरा माहौल रहा वॉकी टॉकी से नगर कीर्तन को संचालित किया गया नगर कीर्तन का जगह-जगह पर स्वागत किया गया चारों तरफ खुशियों भरा माहौल था मनजीत सिंह ने कहा गुरु नानक देव जी ने हमें संदेश दिया एक ओंकार परमात्मा एक है गुरु नानक देव जी ने कहा किरत करो नाम जपो और बांट कर खाओ श्री गुरु नानक देव जी ने 35000 किलोमीटर की पदयात्रा की लोग जो कर्मकांड और भ्रम में पड़े थे उनसे सचेत किया जागरूक किया गुरु साहब परमात्मा के रूप थे पूरा हिंदुस्तान ही नहीं बहुत से मुल्कों का गुरु नानक देव जी ने दौरा किया और लोगों को समझाया उसे परमात्मा की नजरों में सब बराबर है कोई बड़ा छोटा नहीं है परमात्मा से शक्ति लेकर परमात्मा के विचारों को धरती पर उतरने का काम गुरु नानक देव जी ने किया आज उनके प्रकाश पर्व पर निकलेंगे नगर कीर्तन की बधाई देते हैं सभी गुरुद्वारा साहिब जहां-जहां नगर कीर्तन पहुंचा रविंदरजीत सिंह सग्गू शिबबनपुरा गुरुद्वारा साहिब जसविंदर सिंह सनी प्रधान गुरुद्वारा साहिब हापुर रोड अजीत सिंह नंदा गुरुद्वारा साहिब जगदीश नगर और समाप्ति गुरुद्वारा साहिब लाल क्वार्टर प्रधान सरनजीत सिंह आनंद कमेटी के अन्य सदस्य गण हरबंस सिंह मीत प्रधान अवतार सिंह कैशियर स्वर्ण सिंह कुलविंदर सिंह हरदेव सिंह संधू हरविंदर सिंह प्रीतम सिंह जसवीर सिंह भगत सिंह हरजीत सिंह भूपेंद्र सिंह और मिल सिंह तेजवीर सिंह बलबीर सिंह प्रभात सिंह पुरुषोत्तम सिंह प्रभात सिंह गुरदीप सिंह लकी सरदार मनजीत सिंह
अध्यक्ष गाजियाबाद सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी आदि मौजूद रहे।

वीरांगना झलकारी बाई का अदम्य साहस और बलिदान सदैव प्रेरणा देता रहेगा : अरविंद वशिष्ठ



झाँसी। 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की महान वीरांगना झलकारी बाई की जयंती पर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता अरविंद वशिष्ठ ने उन्हें नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री अजय सूद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अरविंद वशिष्ठ ने कहा कि वीरांगना झलकारी बाई का जीवन अदम्य साहस, त्याग, शौर्य और देशभक्ति का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने महारानी लक्ष्मीबाई के साथ कंधे से कंधा मिलाकर अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध संघर्ष किया। रानी लक्ष्मीबाई की महिला सेना दुर्गा दल में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। संकट के समय रानी का वेश धारण कर अंग्रेजी सेना को भ्रमित करने की उनकी वीरगाथा इतिहास में सदैव याद की जाती रहेगी। उन्होंने कहा कि झलकारी बाई केवल झाँसी ही नहीं, बल्कि पूरे देश की गौरवशाली विरासत हैं। उनका संघर्ष इस बात का प्रमाण है कि देश की आजादी की लड़ाई में महिलाओं ने भी अद्वितीय साहस और बलिदान का परिचय दिया था। पूर्व मंत्री अजय सूद ने अपने संक्षिप्त संबोधन में कहा कि वीरांगना झलकारी बाई का साहस, त्याग और राष्ट्र के प्रति समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में जो योगदान दिया, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। ऐसी महान वीरांगनाओं के इतिहास और उनके आदर्शों को नई पीढ़ी तक पहुंचाना हम सभी का दायित्व है। अंत में उन्होंने कहा कि वीरांगना झलकारी बाई का नाम भारतीय इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। उनकी वीरता और बलिदान आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करते रहेंगे। उक्त अवसर पर सर्वश्री संजय पाल, मोहर सिंह राठौड़, सौरभ राय, मनीष कश्यप, हैदर अली, अमित चक्रवर्ती, अभिषेक दीक्षित, हनीफ राइन, संचित लाल, आदिल खान, सागर आदि उपस्थित

श्री ठाकुरद्वारा बालिका विद्यालय में स्पोर्ट्स तरंग 2026 का भव्य आयोजन

राष्ट्रीय सुनहरा संसार
आस मोहम्मद ब्यूरो चीफ



गाजियाबाद। श्री ठाकुरद्वारा बालिका विद्यालय में आज स्पोर्ट्स तरंग स्केटिंग एवं योगा चैंपियनशिप 2026 का शानदार एवं भव्य आयोजन किया गया। इस खेल महोत्सव में 32 विद्यालयों के लगभग 300 छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह, उमंग एवं खेल भावना के साथ प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता में डीपीएस इंदिरापुरम, डीपीएसजी, एस्टर पब्लिक स्कूल, गुरुकुल स्कूल, गौर इंटरनेशनल स्कूल, सन वैली स्कूल, प्लैटिनम स्कूल, केडीवी स्कूल एवं बाल भारती पब्लिक स्कूल, बृज विहार सहित क्षेत्र के अनेक प्रतिष्ठित विद्यालयों के विद्यार्थियों ने अपनी भागीदारी दर्ज कराई। स्केटिंग एवं योगा प्रतियोगिताओं के दौरान बच्चों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने आत्मविश्वास, संतुलन, एकाग्रता एवं अद्भुत कौशल का परिचय दिया। नन्हे प्रतिभागियों का जोश, उत्साह और मेहनत देखते ही बन रही थी। सभी विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के परिणाम अंडर-8 (महिला इनलाइन स्केटिंग)प्रथम स्थानः आरुषि यादव गौर इंटरनेशनल स्कूल द्वितीय स्थानः मिशिका चौधरी डीपीएस एचआर आईटी स्कूल तृतीय स्थानः शनायरा डागर गौर इंटरनेशनल स्कूल ट्रेडिशनल ग्रुप (अंडर-14 पारंपरिक समूह)प्रथम स्थानः शान्वी चौधरी डीएवी प्रताप विहार प्रथम स्थानः अनन्या डीएवी प्रताप विहार द्वितीय स्थानः रिद्धि कुमारी सरस्वती विद्या मंदिर द्वितीय स्थानः भुविका डीएवी प्रताप विहार तृतीय स्थानः एलिना खुराना बाल भारती पब्लिक स्कूल, बृज विहार तृतीय स्थानः जेनिशा डीपीएस राजनगर एक्सटेंशन तृतीय स्थानः शान्वी त्रिपाठी केडीबी ह्यस्पोर्ट्स तरंग 2026ह्ल ने विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करने के साथ-साथ विभिन्न विद्यालयों के बच्चों को आपसी मेलजोल, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा एवं खेल भावना से जुड़ने का सुनहरा अवसर दिया। इस आयोजन ने यह संदेश दिया कि शिक्षा के साथ खेल एवं योग भी बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के उपाध्यक्ष दिनेश कुमार (सोप वाले), मैनेजर श्री ज्ञान प्रकाश गोयल एवं प्रधानाचार्या श्रीमती पूनम शर्मा ने विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने सभी प्रतिभागी छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी इसी प्रकार मेहनत, अनुशासन और लगन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। अंत में, प्रधानाचार्या श्रीमती पूनम शर्मा ने सभी छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें जीवन में निरंतर सफलता प्राप्त करने और आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम उत्साह, ऊर्जा, प्रतिभा एवं खेल भावना से परिपूर्ण रहा और सभी के लिए एक यादगार अनुभव बन गया।

बाल संस्कारशाला में महान वीरांगना झलकारी जयंती एवं वीरांगना बिग्रेड की स्थापना



झांसी विचार क्रांति अभियान बाल संस्कारशाला में अभिनन्दन ग्रन्थ समिति के तत्वाधान में कन्याओं द्वारा महामृत्युजय मंत्र की आहूतियां दीप यज्ञ द्वारा अर्पित की गयी एवं वीरांगना बिग्रेड की जयंती पर "महान वीरांगना बिग्रेड की स्थापना हुयी पुष्पांजलि अर्पित की गयी संकल्प लिया गया कि "मात्र इक्कीसवी सदी नारी सदी" के उद्घोषकर्ता युगऋषि के सपनों को साकार करने हेतु क्रांतिकारी कदम उठाऐंगे।
अनाचार बढता है कब सदाचार चुप रहता जब
सुनाए। जैसे नारों को बुलन्द करने का संकल्प लिया गया ममता गुप्ता ने क्रांतिकारी गीत "संग्राम जिदंगी है लड़ना उसे पड़ेगा"
सोनिया नायक , नीलम पाण्डेय ने वीरांगना बिग्रेड पर प्रकाश डाला अन्त में रमेश कुमार यादव (अधिवक्ता संघ) अध्यक्षन ने सभी का आभार व्यक्त किया।

यदि म्युनिसिपल सुविधाये ठीक नहीं है तो 2047 मे भारत विकसित कैसे बनेगा

राष्ट्रीय सुनहरा संसार आस मोहम्मद ब्यूरो चीफ



गाजियाबाद। शहीद स्मारक पार्क , मनन धाम मंदिर के सामने , मेरठ रोड ,गाजियाबाद आज यहाँ राष्ट्रीय सैनिक संस्था की गाजियाबाद इकाई द्वारा म्युनिसिपल सुविधाओ के ऊपर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम मे नगर आयुक्त को आमंत्रित किया गया था उनके अतिरिक्त नगर आयुक्त ने तीन बार रिमांडर के बाद कार्यक्रम के करीब अंत मे एक जूनियर इंजीनियर को भेजा कार्यक्रम म्युनिसिपल सुविधाओ पर केंद्रित था नगर आयुक्त के ना आने पर मुख्य अतिथि उत्तराखंड के पूर्व राज्यपाल जनरल गुरमीत सिंह ने आश्चर्य व्यक्त किया और सबके सामने कहा की इस घटना को मैं अवश्य ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और राज्यपाल को बताऊँगा। राष्ट्रीय सैनिक संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर चक्र प्राप्त कर्नल तेजेन्द्र पाल त्यागी ने अपने वेलकम एड्रेस मे कहा की समाज मे व्याप्त कुरीतियों का निवारण भी राष्ट्रीय सैनिक संस्था का एक उदेश्य है। जब जल अशुद्ध हो और प्रदूषण आसमान छू रहा हो और शहर की मुख्य नदी सांस लेने को तरस रही हो तो शहर वासियों का जीवन नर्क बनना स्वभाविक है` हम फौजी जब सरहद पर होते है तो देश की रक्षा करते है और सेवा निवृत होने के बाद हम समाज की सेवा करते है यदि गाजियाबाद का उदाहरण ले तो यह शहर स्वच्छता सर्वेक्षण में प्रथम पायदान पर रहा है परन्तु म्युनिसिपल सुविधाये देने में विलम्ब है और सुविधाए भी पर्याप्त नहीं है। हमारा सुझाव है की नगर निगम में प्रत्येक सुविधा के लिए एक अलग दफ्ळ (क्विक रिएक्शन टीम) बनाई जाए ,बहुमंजली इमारतो में बोरिंग के पानी की मीटरिंग कराई जाए , कूड़ा निस्तारण के लिए सेनेट्री लैंड फिल्स बनाई जाए , प्रदूषण नियंत्रण में सिविल सोसाइटी का सहयोग लिया जाये आदि उत्तराखंड के पूर्व राज्यपाल और भारतीय सेना के पूर्व सेनापति लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत ने कहा की आवश्यकता जवाबदेही की है।पहला तो सवाल ये उठता है की क्या शहर का प्रशासन शहर के नागरिकों के साथ नियमित बैठके करता है` जानकारी मिली है की नहीं सरकारी योजनाए अकसर इसलिए सफल नहीं होती क्योंकि इनमें उन्हे शामिल नहीं किया जाता जिनके लिए योजनाएं बनाई जाती है मेरा गाजियाबाद नगर नगम और प्रशासन से अनुरोध है की वो नागरिकों के साथ बैठके करे और इसमे गौरव सेनानी अपेक्षा से अधिक सहयोग करेंगे नगर निगम के प्रतिनिधि ने सभी सुझावों को नोट किया और उन्हें नगर आयुक्त तक पहुंचाने का वायदा किया। स्कोडा ग्रुप के मुख्य सलाहकार राजन छिब्बर ने कहा की 2047 में विकसित भारत की कल्पना तभी संभव है जब ग्राउंड रूट लेवल पर अधिकारियों को जवाबदेह बनाया जायेगा हर शहर में 15-20 लेबर अड्डे होते है जहां मजदुर अपनी दिहाड़ी की उम्मीद में इकठ्ठा होते है इन लेवर अड्डो पर ना कोई अस्थाई शेल्टर है , ना ही मोबाइल टॉयलेट है और ना ही स्वच्छ पीने का पानी उपलब्ध है। क्या ये विकसित देश के लिए आवश्यक नहीं है। प्रोफेसर डा नीलम पवार ने कहा की हमने स्वयंम समाज के सबसे निचले वर्ग यानी मेड्स सर्वेन्ट्स के संगठन घरेलू कामगार समिति का पंजीकरण कराया ताकि उनका शोषण ना किया जा सके। राष्ट्रिय राजधानी क्षेत्र के संयोजक राजीव खोसला और दिल्ली प्रदेश की महिला अध्यक्षा श्रीमती उर्वशी वालिया,कर्नल मुकेश त्यागी , कर्नल एस पी राघव , लेफ्टिनेंट वी पी शर्मा , सर्वेश मित्तल , ईशान त्यागी , कमांडर विनोद शर्मा ने अपने अपने शब्दों मे कहा की गड्ढो रहित सड़क , साफ पानी , लगातार बिजली , शुद्ध हवा , प्रदूषण रहित कूड़ा निस्तारण आदि बेशक छोटी बातें लगें परन्तु विकसित भारत 2047 के लिए आवश्यक है। श्रीमती सुमन त्यागी, श्रीमती सीमा त्यागी,श्रीमती उषा राणा , श्रीमती मोनिका गोयल ,सुश्री स्वाती बंसल को देश भक्ति उत्कृष्ट सेवा पदक देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य संयोजक गौरव सेनानी ज्ञान सिंह , श्रीमती राज शर्मा , पुष्कर बिष्ट , नमिता भल्ला , व्यवस्था इंचार्ज एडवोकेट सुनील कुमार , गौरव सेनानी चन्दन सिंह , राजेन्द्र त्रिपाठी , गणेश दत्त , भारती शर्मा सहित सेकंडो गौरव सेनानियों और देश भक्त नागरिको ने भाग लिया ।

श्री शिव शक्ति धाम मंदिर का विधि-विधान से भूमि पूजन एवं शिलान्यास संपन्न

सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार, गौसेवा, वृद्धजनों की सेवा एवं जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा के लिए बनेगा भव्य सेवा धाम।

राष्ट्रीय सुनहरा संसार आस
मोहम्मद ब्यूरो चीफ



लोनी (गाजियाबाद)। साईं ग्रीन कॉलोनी, ग्राम भनेड़ा खुर्द, लोनी, गाजियाबाद में श्री शिव शक्ति सेवा धाम मंदिर के निर्माण कार्य का शुभारंभ विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन एवं शिलान्यास समारोह आयोजित कर किया गया। इस पावन अवसर पर महंत अलखनाथ महाराज एवं महंत श्री विजय गिरि महाराज के सानिध्य में भूमि पूजन की धार्मिक रस्में संपन्न हुईं।कार्यक्रम में संत-महात्माओं, धमार्चार्यों एवं क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोगों ने उपस्थित होकर मंदिर निर्माण के इस पुनीत संकल्प में सहभागिता निभाई।

श्री शिव शक्ति सेवा धाम का उद्देश्य केवल मंदिर निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार, धार्मिक एवं आध्यात्मिक जागरूकता तथा समाजसेवा के एक प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित करने का संकल्प लिया गया है। प्रस्तावित योजना के अंतर्गत यहां विभिन्न देवी-देवताओं की मूर्तियों की स्थापना के साथ-साथ वृद्धाश्रम, गौशाला एवं गरीब और जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा के लिए भवन का निर्माण भी किया जाएगा। इसके माध्यम से धार्मिक गतिविधियों के साथ-साथ मानव सेवा, गौसेवा और सामाजिक उत्थान के कार्यों को भी आगे बढ़ाया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष पंडित संदीप शर्मा जी ने कहा कि श्री शिव शक्ति सेवा धाम की स्थापना के पीछे मुख्य उद्देश्य सनातन धर्म का प्रचार-प्रसार करना, समाज में धार्मिक संस्कारों एवं आध्यात्मिक चेतना को मजबूत करना और जरूरतमंद लोगों की सेवा करना है। उन्होंने कहा कि संस्था का प्रयास रहेगा कि यह धाम धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक सेवा का भी एक महत्वपूर्ण केंद्र बने, जहां प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति को सहयोग और सहारा मिल सके। महंत अलखनाथ महाराज ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सनातन धर्म हमारी संस्कृति, परंपरा और जीवन मूल्यों का आधार है।

जब हमारा सनातन धर्म मजबूत होगा, तभी हमारा समाज और राष्ट्र भी मजबूत होगा। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि वह सनातन संस्कृति, धार्मिक परंपराओं और संस्कारों के संरक्षण एवं प्रचार-प्रसार में अपना योगदान दे। महंत श्री विजय गिरि महाराज ने कहा कि श्री शिव शक्ति सेवा धाम का संकल्प धर्म के साथ मानव सेवा को जोड़ना है। इस आश्रम के माध्यम से बच्चों को शिक्षित करने, जरूरतमंद परिवारों की सहायता करने तथा वृद्धजनों को सम्मान और सहारा देने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कोई भी मां अपने बच्चों से अलग होकर बेसहारा जीवन जीने को मजबूर न हो और कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति स्वयं को अकेला महसूस न करे, यही हमारी सेवा भावना का उद्देश्य है। गौसेवा, शिक्षा, वृद्धजनों की सेवा और सनातन धर्म की अलख जगाना इस धाम की प्रमुख प्राथमिकताएं रहेंगी। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म की मजबूती में ही समाज की मजबूती निहित है तथा धर्म की रक्षा और मानवता की सेवा हम सभी का कर्तव्य है।

भूमि पूजन समारोह में श्री महंत पूजा गिरि महाराज (श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा) योगी प्रतापनाथ, योगी उत्तमनाथ, आनंद शर्मा, संजीव शर्मा, विनीत बंसल, गौरव, कुणाल, वासुदेव, योगेश, शिवनारायण, कंवरपाल चौधरी, सोनू, पवन प्रधान, अमित शर्मा, चौधरी राजेंद्र, सुभाष त्यागी, अनिल शर्मा सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक एवं धर्मप्रेमी उपस्थित रहे।

सभी उपस्थित संत-महात्माओं एवं गणमान्य अतिथियों ने श्री शिव शक्ति सेवा धाम के इस सेवा एवं धर्मपरायण संकल्प की सराहना करते हुए मंदिर निर्माण कार्य के सफल एवं निर्विघ्न संपन्न होने की मंगलकामना की।

श्री शिव शक्ति सेवा धाम का यह संकल्प धर्म, संस्कार, शिक्षा, गौसेवा और मानव सेवा को समर्पित एक ऐसे आध्यात्मिक एवं सामाजिक केंद्र की स्थापना करना है, जहां धार्मिक आस्था के साथ जरूरतमंदों को सेवा, सहयोग और सम्मान मिल सके।

श्रद्धेय नेताजी मुलायम सिंह यादव जी की जयंती पर समाजवादी पार्टी कार्यालय में विचार गोष्ठी एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित

राष्ट्रीय सुनहरा संसार आस मोहम्मद ब्यूरो चीफ

गाजियाबाद। समाजवादी विचारधारा के प्रणेता, समाजवादी पार्टी के संस्थापक, देश के पूर्व रक्षा मंत्री एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री श्रद्धेय नेताजी मुलायम सिंह यादव की जयंती आज दिनांक 22 नवंबर 2026 को समाजवादी पार्टी कार्यालय, फ्लैट-4, राजनगर, गाजियाबाद पर जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन एडवोकेट एवं महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट के नेतृत्व में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। साथ ही उनके जीवन, संघर्ष, राजनीतिक योगदान एवं समाजवादी विचारधारा पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन एडवोकेट ने अपने संबोधन में कहा कि श्रद्धेय नेताजी मुलायम सिंह यादव जी का जीवन संघर्ष, त्याग, समर्पण और सामाजिक न्याय की मिसाल रहा है। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन गरीबों, किसानों, मजदूरों, नौजवानों, पिछड़ों, दलितों एवं अल्पसंख्यकों के अधिकारों और सम्मान की लड़ाई लड़ने में समर्पित कर दिया। नेताजी ने हमेशा समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की आवाज को बुलंद किया और राजनीति को आम जनता की सेवा का माध्यम बनाया। उनके द्वारा स्थापित समाजवादी विचार धारा आज भी करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणास्रोत है। नेताजी के संघर्ष और उनके आदर्शों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट ने अपने संबोधन में कहा



झांसी : आज शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में वीरांगना झलकारी बाई की 196 वीं जयंती शहर अध्यक्ष मनोज गुप्ता की अध्यक्षता में कांग्रेसजनों ने एस पी आई इंटर कॉलेज के सामने स्थित झलकारीबाई पार्क पहुँचकर झलकारी बाई की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष ने कहा कि सन 1857 के प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम में वीरांगना झलकारी बाई ने अदम्य साहस और पराक्रम का परिचय देते हुये आजादी की बलि वेदी पर अपने प्राणो की आहुति दी। पी सी सी सदस्य राजेंद्र सिंह यादव ने कहा कि वीरांगना झलकारी बाई ने ब्रिटिश सेना को युद्ध में उलझाकर महारानी लक्ष्मीबाई को झांसी से सुरक्षित बाहर निकालने का कार्य कर उन्हें महान क्रांति का अवसर प्रदान किया। इस मौके पर डा. सुनील तिवारी, घनश्याम दास वर्मा, अमीर चंद आर्य, हरिओम श्रीवास, जीतू श्रीवास , शैलेन्द्र कुमार शीलू, वीरेंद्र सिंह कुशवाहा, डा. काशीराम भिटौरिया ,पार्वती चौधरी , प्रीति श्रीवास, पवन राज नगरा,सोहन तिवारी, इदरीश खान मुन्ना, सोम त्रिवेदी,रामकिशन कुशवाहा, सूरज प्रकाश राय, शाहरुख मंसूरी , कार्तिक पटैरिया, मनोज तिवारी, संकल्प अग्रवाल,एम सी वर्मा , जावेद बबुआ, इमरान खान, सिराज खान आदि मौजूद रहें।

द्वितीय ताइक्वांडो कप स्टेट चैंपियनशिप में बांदा के खिलाड़ियों ने जीते पदक



सुनहरा संसार ब्यूरो बांदा

दिनांक 21 व 22 नवंबर 2026 को डॉ. वीरेंद्र स्वरूप स्कूल, फतेहपुर में 2ल्ला ताइक्वांडो कप स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2026 का आयोजन हुआ। इसमें बांदा के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड, सिल्वर व ब्रॉन्ज मेडल जीते।

सेंट मैरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल
युवराज सिंह, कक्षा 8C - गोल्ड मेडल
रेचल कश्यप, कक्षा 11D - सिल्वर मेडल
कुमार काव्य, कक्षा 9D - ब्रॉन्ज मेडल
सेंट जेवियर स्कूल, बांदा
आरुषि सिंह, कक्षा 4C - गोल्ड मेडल
सोम्या अरवंशी, कक्षा 7B - गोल्ड मेडल
सेंट जॉर्ज स्कूल, बांदा
आर्य सिंह, कक्षा 8B - गोल्ड मेडल
खुशी, कक्षा 8B - सिल्वर मेडल,अधिराज शुक्ला - ब्रॉन्ज मेडल

पदक जीतने पर विद्यालय परिवार व अभिभावकों ने खिलाड़ियों को बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

लखनऊ–कानपुर एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा, देवरिया के युवक की मौत, पांच लोग घायल

हिंदी दैनिक सुनहरा संसार अमरनाथ सिंह, जिला ब्यूरो लखनऊ



लखनऊ। लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे पर दरोगा खेड़ा के पास हुए भीषण सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि स्कॉर्पियो में सवार अन्य लोग घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब देवरिया की ओर जा रही स्कॉर्पियो आगे चल रहे डीसीएम में जा भिड़ी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कॉर्पियो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, देवरिया निवासी विनोद सिंह के 22 वर्षीय भतीजे हिमांशु सिंह पुत्र उपेंद्र सिंह पांच अन्य साथियों के साथ स्कॉर्पियो वाहन संख्या वढ-52-उए-4720 से देवरिया जा रहे थे। वाहन में किशोर कुमार, धीरज सिंह, नितेश, अच्छेलाल यादव और सुधीव यादव भी सवार थे। बताया गया कि 6 नवंबर 2026 की भोर करीब तीन बजे जैसे ही स्कॉर्पियो दरोगा खेड़ा के पास पहुंची, तभी आगे चल रहे डीसीएम वाहन संख्या वढ-30-ळ-4779 के चालक ने कथित रूप से तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए बिना पर्याप्त संकेत दिए अचानक ब्रेक लगा दिया। अचानक डीसीएम रुकने से पीछे चल रही स्कॉर्पियो के चालक का वाहन पर नियंत्रण नहीं रह सका और स्कॉर्पियो सीधे डीसीएम में जा टकराई। हादसे में स्कॉर्पियो सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को बाहर निकालने में मदद की। स्थानीय लोगों की सहायता से सभी घायलों को लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने हिमांशु सिंह को मृत घोषित कर दिया। हादसे में घायल अन्य लोगों का अलग-अलग अस्पतालों में उपचार चल रहा है। हिमांशु की मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों के मुताबिक, शव का पोस्टमार्टम 6 नवंबर को लखनऊ में कराया गया। भतीजे के अंतिम संस्कार और अन्य जरूरी कर्मकांड पूरे करने के बाद कुछ सामान्य होने पर विनोद सिंह ने थाना सरोजनीनगर पहुंचकर दुर्घटना की लिखित शिकायत दी और डीसीएम चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की।हादसे में स्कॉर्पियो भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि डीसीएम चालक की लापरवाही के चलते यह दुर्घटना हुई। पुलिस को दी गई तहरीर के आधार पर मामले में कार्रवाई की जा रही है। एक परिवार ने अपना जवान बेटा खो दिया, वहीं हादसे में घायल अन्य लोग अभी अस्पतालों में जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहे हैं। दुर्घटना के कारणों और जिम्मेदार चालक की भूमिका की जांच पुलिस के स्तर पर की जा रही है।

लखनऊ में सजेगा जनजातीय संस्कृति का अंतरराष्ट्रीय मंच, विदेशी कलाकार भी बिखेरेंगे रंग

हिंदी दैनिक सुनहरा संसार अमरनाथ सिंह, जिला ब्यूरो लखनऊ



लखनऊ। जनजातीय संस्कृति, परंपराओं, लोककलाओं और सांस्कृतिक विरासत का अनूठा संगम राजधानी लखनऊ में होने जा रहा है। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर योगी सरकार की ओर से 23 से 26 नवंबर तक गोमती नगर स्थित यूपी दर्शन पार्क में अंतरराष्ट्रीय जनजाति भागीदारी उत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। चार दिवसीय इस उत्सव में देश के विभिन्न राज्यों के जनजातीय कलाकार अपनी लोकसंस्कृति, पारंपरिक नृत्य, संगीत, वेशभूषा और कलाओं का प्रदर्शन करेंगे, वहीं कजाकिस्तान, जिम्बाब्वे और मालदीव के कलाकारों की सहभागिता आयोजन को अंतरराष्ट्रीय रंग देगी। उत्सव के माध्यम से भारत सहित विभिन्न देशों की सांस्कृतिक विविधता, जनजातीय जीवनशैली और लोक परंपराओं को एक मंच पर देखने का अवसर मिलेगा। उत्सव की शुरूआत 23 नवंबर को सांस्कृतिक समागम शोभायात्रा से होगी। यह यात्रा अपराह्न तीन बजे 1090 चौराहे से शुरू होकर यूपी दर्शन पार्क तक पहुंचेगी। शोभायात्रा में विभिन्न राज्यों से आए कलाकार अपनी पारंपरिक वेशभूषा, लोकनृत्य, संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से जनजातीय समाज की पहचान और गौरव को प्रदर्शित करेंगे। आयोजन स्थल पर प्रतिदिन सुबह 11 बजे से रात नौ बजे तक शिल्प मेले का आयोजन होगा, जहां जनजातीय हस्तशिल्प, पारंपरिक कलाकृतियां और स्थानीय कारीगरों की प्रतिभा देखने को मिलेगी। संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय जनजाति भागीदारी उत्सव जनजातीय समाज की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, पारंपरिक ज्ञान और लोककलाओं को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की महत्वपूर्ण पहल है। जनजातीय समुदायों की परंपराएं भारतीय सभ्यता और सांस्कृतिक विविधता की अनमोल धरोहर हैं। उनकी कला, लोकसंगीत, नृत्य, शिल्प और जीवनशैली में पीढ़ियों से संचित ज्ञान समाहित है। ऐसे आयोजन इन परंपराओं के संरक्षण और संवर्धन के साथ युवा पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का माध्यम बनेंगे। विदेशी कलाकारों और विभिन्न राज्यों की सहभागिता सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देगी तथा उत्तर प्रदेश को जनजातीय संस्कृतियों के साझा मंच के रूप में नई पहचान दिलाएगी। उत्सव में 23 और 24 नवंबर को देश के विभिन्न हिस्सों की लोक एवं जनजातीय कलाओं की रंगारंग प्रस्तुतियां होंगी। सोनभद्र के कलाकार मादल वादन और करमा नृत्य से माहौल को जीवंत बनाएंगे, जबकि लखीमपुर खीरी के चंदन चौकी क्षेत्र की थारू जनजाति और बिजनौर के कुआं खेड़ा की बुक्सा जनजाति के कलाकार अपनी पारंपरिक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। चित्रकूट का जवारा और राई नृत्य, महाराष्ट्र के नासिक का बोहणा नृत्य, मध्य प्रदेश के धार का भगोरिया नृत्य और राजस्थान का तेरावाली नृत्य दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहेंगे। इन प्रस्तुतियों के साथ पश्चिम बंगाल का संथाली नृत्य, हिमाचल प्रदेश का सिरमौरी और लम्बाडा नृत्य, छत्तीसगढ़ के दुर्ग का पंडवानी गायन, प्रयागराज का बीन वादन, ओडिशा की आदिम जनजाति का बोडा नृत्य तथा उत्तराखंड का जौनसारी नृत्य भी मंच पर अपनी छटा बिखेरेंगे। इन लोककलाओं के जरिए अलग-अलग राज्यों की सांस्कृतिक पहचान, जीवनशैली, लोकविश्वास और पारंपरिक संगीत की समृद्ध परंपरा को करीब से जानने का अवसर मिलेगा। 25 और 26 नवंबर को उत्सव अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक रंगों से सराबोर होगा। कजाकिस्तान, जिम्बाब्वे और मालदीव के विशेष आमंत्रित कलाकार अपने देशों की पारंपरिक लोककलाओं, नृत्य और संगीत की प्रस्तुतियां देंगे। वहीं झारखंड का भगवान बिरसा मुंडा के जीवन और संघर्ष पर आधारित नाटक धरती आबा जनजातीय समाज के इतिहास, संघर्ष, स्वाभिमान और अधिकारों की कहानी को मंच पर जीवंत करेगा। सोनभद्र का झूमर और डोमकच, पीलीभीत का थारू नृत्य, छत्तीसगढ़ के गौर मड़िया और ककसार नृत्य तथा मध्य प्रदेश का बैगा परधौनी नृत्य भी दर्शकों को जनजातीय परंपराओं की अनूठी दुनिया से परिचित कराएंगे। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के अलावा उत्सव में जनजातीय व्यंजनों का विशेष आयोजन जेवनार होगा, जहां लोग पारंपरिक देसी स्वादों का आनंद ले सकेंगे।

वीरांगना झलकारी बाई की जयंती पर बुंदेलखंड क्रांति दल ने किया नमन

ब्यूरो एएच सिद्दीकी



झांसी। वीरांगना झलकारी बाई की जयंती पर बुंदेलखंड क्रांति दल (बीकेडी) की ओर से उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर सत्येन्द्र पाल सिंह ने कहा कि वीरांगना झलकारी बाई का साहस, त्याग और बलिदान बुंदेलखंड की गौरवशाली विरासत है। 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में उनका योगदान सदैव याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड की वीरांगनाओं और महापुरुषों के इतिहास को उचित सम्मान दिलाना हम सभी का दायित्व है। इस अवसर पर शरद प्रताप सिंह एड., मो. नईम मंसूरी, जिलाध्यक्ष कालीचरण श्रीवास, उपाध्यक्ष जगदीश विश्वकर्मा, हरी नारायण श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष विनोद वर्मा, आरिफ कमाल, मिश्रीलाल कोच साहब, अमर सिंह, जुबेर खान, शम्सुद्दीन राइन, गुलाब सिंह चौहान, राहुल त्रिवेदी, अनवार अहमद मंसूरी, अज्जू खान, राज सिंह शेखावत, अनिल सिंह शेखावत, मुकेश मास्टर साहब एवं राजू वंशकार प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

भोजला में झलकारी बाई की जयंती पर पुष्पांजलि समारोह, विधायक राजीव सिंह पारीछा ने किया नमन

ब्यूरो एएच सिद्दीकी



भोजला। ग्राम भोजला में वीरांगना झलकारी बाई की जयंती के अवसर पर वीरांगना झलकारी बाई कोरी समाज विकास समिति द्वारा पुष्पांजलि समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बबीना विधायक राजीव सिंह पारीछा शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक ने वीरांगना झलकारी बाई के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। अपने संबोधन में विधायक राजीव सिंह पारीछा ने कहा कि वीरांगना झलकारी बाई ने रानी लक्ष्मीबाई के साथ कंधे से कंधा मिलाकर देश की आजादी के लिए संघर्ष किया। उनका साहस, बलिदान और देशभक्ति आज भी हम सभी के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि ऐसे महापुरुषों की जयंती मनाना आने वाली पीढ़ी को उनके आदर्शों से जोड़ने का काम करता है। कार्यक्रम में इंजीनियर मोहनलाल सिंगरिया, जगदीश लाल, बृजेन्द्र सिंह यादव, अरविंद वशिष्ठ, कोमल सिंह यादव, दिनेश कुमार यादव,रिषभ कुशवाहा, श्रीमती नीतू सिंह एवं समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने झलकारी बाई को नमन करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। अंत में समिति द्वारा सभी अतिथियों एवं ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया गया।

रजि. नंबर RNI N0. UPHIN/2005/24731, प्रकाशक उमा सिंह व प्रधान संपादक राघवेन्द्र सिंह जादौन, उमा प्रिंटिंग प्रेस पंजीकृत कार्यालय इंदिरा नगर टूंडला चौराहा टूंडला फिरोजाबाद से प्रकाशित।
प्रधान कार्यालय एसबी/64 सेक्टर 70 नोयडा उत्तर प्रदेश- 9412162614। Email- sunharasansar@gmail.com, सभीवाद -विवादों का निपटारा आगरा न्यायालय में होगा।

स्कूल के समारोह में धनुष यज्ञ, नाटक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन, भारतीय संस्कृति और संस्कारों का दिया संदेश

सुनहरा संसार ब्यूरो बांदा



प्रतिभा उम्र की मोहताज नहीं होती, जरूरत होती है उसे मंच और अवसर देने की। कुछ ऐसा ही नजारा नरैनी ब्लॉक के संग्रामपुर छत्तूपुर खुर्द स्थित झल्लू राम पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव समारोह में देखने को मिला। यहां नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने अपनी शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, अभिनय और आत्मविश्वास से ऐसा समां बांधा कि पूरा परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। समारोह का शुभारंभ स्वागत गीत एवं मां सरस्वती की वंदना के साथ हुआ। विशिष्ट अतिथि अरुण कुमार पटेल का विद्यालय परिवार ने स्वागत गीत के माध्यम से अभिनंदन किया। इसके बाद विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रमों की ऐसी श्रृंखला प्रस्तुत की, जिसने दर्शकों को अंत तक बांधे रखा। 'मैं गोरी, तू तो करो सांवरिया' गीत पर आकर्षक प्रस्तुति ने जहां दर्शकों का मनोरंजन किया, वहीं धनुष यज्ञ और नाटक के मंचन ने भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं, सभ्यता और संस्कारों की जीवंत झलक पेश की।

छोटे-छोटे बच्चों ने मंच पर जिस आत्मविश्वास, सहजता और कलात्मक अंदाज में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, वह समारोह का सबसे खास आकर्षण रहा। किसी ने अभिनय से दर्शकों को प्रभावित किया तो किसी ने गीत-संगीत और नृत्य से खूब वाहवाही बटोरी। अभिभावकों और अतिथियों ने बच्चों की प्रस्तुतियों की जमकर सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। समारोह ने यह संदेश भी दिया कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि बच्चों में भारतीय संस्कृति, भाषा, नैतिक मूल्यों और सामाजिक संस्कारों का विकास भी जरूरी है। ऐसे आयोजन बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभा को निखारने के साथ उनका आत्मविश्वास बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम का संचालन अजय कुमार पटेल ने किया। देर रात 10 बजे तक चले समारोह के अंत में प्रधानाचार्य बलबीर सिंह ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक ओम प्रकाश सिंह, शिक्षक राजेश कुमार, देशराज, शिक्षिका मनीषा पटेल, कमलेश पटेल, दिनेश पटेल, रामनारायण प्रजापति, पत्रकार चंद्रकिशोर कुशवाहा, उमेश पटेल, शिवप्रसाद यादव सहित सैकड़ों अभिभावक एवं क्षेत्रीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

बांदा में खाद की दुकानों पर प्रशासन की छापेमारी, नियमों के उल्लंघन पर कार्यवाही की दी चेतावनी

सुनहरा संसार ब्यूरो बांदा



जिलाधिकारी बांदा के निर्देश पर रविवार को राजस्व एवं कृषि विभाग की संयुक्त टीमों ने जनपद में निजी उर्वरक विक्रेताओं की दुकानों पर सघन छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान दुकानों में उपलब्ध खाद के भौतिक स्टॉक का पीओएस मशीन में दर्ज स्टॉक से मिलान किया गया। साथ ही ओवररेटिंग और खाद की कालाबाजारी पर अंकुश लगाने के लिए विक्रेताओं की जांच की गई। जिला कृषि अधिकारी ने कालिंजर स्थित किसान घर खाद एवं बीज भंडार का निरीक्षण किया, जहां स्टॉक पीओएस मशीन के अनुसार सही पाया गया। वहीं नीलकंठ ट्रेडर्स कालिंजर पर 2.2 मीट्रिक टन डीएपी का स्टॉक उपलब्ध मिला, लेकिन दुकान पर स्टॉक एवं रेट बोर्ड नहीं लगा था। इस पर बिक्री प्रतिबंधित करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। नरैनी के परसिद्धपुर स्थित चिंतामणि ट्रेडर्स के यहां डीएपी उपलब्ध नहीं मिली, जबकि अन्य उर्वरकों का स्टॉक सही पाया गया। छापेमारी के दौरान पांच नमूने भी जांच के लिए लिए गए। अभियान के दौरान एग्जीक्यूटिव वन स्टॉप शॉप कल्याणपुर कालिंजर, पटेल बीज भंडार बघेलाबारी, माही इंटरप्राइजेज बघेलाबारी और शिवहरे खाद बीज भंडार कोलउंहा की दुकानें बंद मिलीं। प्रशासन इन चारों विक्रेताओं को नोटिस जारी करेगा। संतोषजनक जवाब न मिलने पर बिक्री प्रतिबंधित करने के साथ लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी। तहसीलदार सदर ने बांदा स्थित उमा खाद भंडार और मोहनी एग्रो एजेंसी का निरीक्षण किया। दोनों दुकानों पर स्टॉक एवं रेट बोर्ड नहीं मिले। वहीं यूरिया का पीओएस मशीन में दर्ज स्टॉक 284 बोरी था, जबकि मौके पर 600 बोरी मिली। विक्रेता ने बताया कि शेष यूरिया उसे एक दिन पहले प्राप्त हुई है और उसका स्टॉक मशीन में दर्ज नहीं हो पाया है। इसके समर्थन में बिल भी प्रस्तुत किया गया। नियमों का पालन न करने पर अधिकारियों ने नाराजगी जताते हुए कठोर कार्रवाई प्रस्तावित की। छापेमारी के दौरान अधिकारियों ने किसानों से ओवररेटिंग की जानकारी भी ली, हालांकि किसी किसान ने इसकी शिकायत नहीं की।जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जनपद में खाद की जमाखोरी, कालाबाजारी, टैगिंग और ओवररेटिंग किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने सहित कठोर कार्रवाई की जाएगी।

चलती बाइक से महिला के कान से कुंडल नोचे, बदमाश फरार

मोहम्मद सईद तहसील प्रभारी गोला सुनहरा संसार दैनिक समाचार पत्र



गोला गोकर्णनाथ लखीमपुर अजान/हैदराबाद, खीरी : थाना हैदराबाद की पुलिस चौकी अजान क्षेत्र में दिनदहाड़े बाइक सवार बदमाश ने चलती बाइक पर सवार महिला के कान से सोने के कुंडल नोच लिए और फरार हो गया। ग्राम विहारीपुर निवासी अमित कुमार जायसवाल 20 नवंबर को माता सुषमा देवी व दादी सोमवती को लेकर दानपुर मुढ़िया में मुंडन में जा रहे थे। दोपहर करीब एक बजे मढिया नहर पुल के पास पीछे से आए एचएफ डीलक्स सवार अज्ञात व्यक्ति ने वारदात को अंजाम दिया। घटना से महिला भयभीत हो गईं। पीड़ित ने 21 नवंबर को चौकी अजान में तहरीर दी है। पुलिस जांच में जुटी है।

धूमधाम से मनाई गई नेताजी मुलायम सिंह यादव की जयंती, पूर्व विधायक रामसरन ने किया नमन



बिझौली (लखीमपुर)। समाजवादी पार्टी के संस्थापक एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की जयंती पर रजागंज में कार्यक्रम आयोजित किया गया। पूर्व जिला पंचायत सदस्य महेश चंद्र कनौजिया के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक रामसरन ने नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान केक काटकर जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने मुलायम सिंह यादव के राजनीतिक जीवन और उनके योगदान को याद किया। इस मौके पर समलिया प्रसाद वर्मा,शिवदर्शन, आदि कार्यकता मौजूद रहे

चार दशक बाद दुधवा में फिर गूंजेगी जंगली जल भैंसों की आवाजाही, 2027 में बसाने की तैयारी तेज

सुनहरा संसार अशफी खान



लखीमपुर खीरी। दुधवा टाइगर रिजर्व से विलुप्त हो चुके जंगली जल भैंसों की वापसी की उम्मीद जगी है। करीब चार दशक पहले दुधवा से विलुप्त हुए वाइल्ड वाटर बफैलो को दोबारा यहां बसाने की तैयारी तेज कर दी गई है। इस महत्वाकांक्षी योजना को लेकर कागजी कार्रवाई चल रही है। सब कुछ योजना के मुताबिक रहा तो मार्च 2027 में जंगली जल भैंसों को दुधवा टाइगर रिजर्व लाया जा सकता है। इनके पुनर्वास से दुधवा के वन्यजीव संसार में एक नई प्रजाति की वापसी होगी। साथ ही क्षेत्र की जैव विविधता को भी मजबूती मिलने की उम्मीद है। यह पहल दुधवा के वन्यजीव संरक्षण के लिहाज से महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

हिंडालपुर पॉलिटेक्निक की दीवार पर दिखा विशाल अजगर, गांव में मचा हड़कंप भीड़ जुटी, काफी मशक्कत के बाद पकड़ा गया अजगर – किसी को नुकसान नहीं

राष्ट्रीय सुनहरा संसार/दीपक कुमार ब्यूरो चीफ हापुड़



पिलखुवा, हापुड़, पिलखुवा क्षेत्र के ग्राम हिंडालपुर स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज की दीवार पर विशाल अजगर दिखाई देने से इलाके में हड़कंप मच गया। अजगर को देखते ही मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। बताया जा रहा है कि कॉलेज की दीवार पर अचानक विशाल अजगर नजर आया। कुछ ही देर में यह खबर पूरे गांव में फैल गई और आसपास के लोगों में दहशत का माहौल बन गया। लोग दूर से ही अजगर को देखने लगे। ग्रामीणों ने इसकी सूचना संबंधित लोगों को दी, जिसके बाद अजगर को सुरक्षित तरीके से पकड़ने के प्रयास शुरू किए गए। काफी मशक्कत के बाद अजगर को पकड़ लिया गया। गनीमत रही कि इस दौरान अजगर ने किसी पर हमला नहीं किया और कोई जनहानि नहीं हुई। अजगर पकड़े जाने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। कॉलेज की दीवार पर अजगर मिलने की घटना पूरे गांव में चर्चा का विषय बनी रही।

मुलायम सिंह यादव की जयंती पर सपा ने किया फल वितरण, विचार गोष्ठी और खिचड़ी भोज का आयोजन

सुनहरा संसार ब्यूरो बांदा



समाजवादी पार्टी के संस्थापक, पूर्व रक्षा मंत्री एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री धरतीपुत्र श्रद्धेय मुलायम सिंह यादव की जयंती रविवार को जनपद बांदा में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर जिला समाजवादी पार्टी के तत्वावधान में फल वितरण, श्रद्धांजलि सभा, विचार गोष्ठी एवं खिचड़ी भोज सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 8 बजे जिला अस्पताल में मरीजों को फल वितरित कर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना के साथ हुई। इसके बाद सुबह 9 बजे वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को फल वितरित किए गए। फल वितरण में वीरेंद्र गुप्ता बाबू ने सहयोग किया। इसके बाद बिजलीखेड़ा स्थित जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय में नेता जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान आयोजित विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने उनके संघर्षपूर्ण जीवन, राजनीतिक योगदान और समाजवादी विचारधारा पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि मुलायम सिंह यादव ने जीवनभर किसानों, मजदूरों, नौजवानों, गरीबों, पिछड़ों एवं वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। उनके विचार और आदर्श सदैव समाजवादी कार्यकताओं को प्रेरित करते रहेंगे। वहीं, युवजन सभा के राष्ट्रीय सचिव ओम नारायण त्रिपाठी विदित ने अपने कार्यालय में खिचड़ी भोज का आयोजन किया। जनपद में कई स्थानों पर विचार गोष्ठियां भी आयोजित हुईं। इस दौरान दर्जनों लोगों ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष उमेश यादव, प्रदेश सचिव मुमताज अली, छात्रसभा के राष्ट्रीय सचिव प्रमोद गुप्ता राजा, लालमन यादव, मुन्ना पटेल, सुमन दिवाकर, इमरान अली राजू, विजय करण यादव, शमीम बांदवी, रामलाल प्रजापति, महेंद्र सिंह वर्मा, राजा भैया वर्मा, अशोक गौर, दिलीप पटवा, भूपत यादव, दिनेश यादव, कमल पाल, अवध पटेल, उर्मिला वर्मा, निशा वर्मा, शगुफ्ता सिद्दीकी, प्रिंसु पटेल, आमिर खान मन्नी सहित सैकड़ों पदाधिकारी, नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन कुदरत उल्ला खान ने किया।

कोरी समाज सेवा समिति ने मनाई वीरांगना झलकारी बाई की जयंती, किया नमन

सुनहरा संसार ब्यूरो बांदा



कोरी समाज सेवा समिति, बांदा के पदाधिकारियों ने स्वराज कॉलोनी में बैठक आयोजित कर 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की वीरांगना माता झलकारी बाई की जयंती धूमधाम से मनाई। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों ने उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में वक्ताओं ने वीरांगना झलकारी बाई के अदम्य साहस, वीरता, शौर्य, त्याग, बलिदान और पराक्रम को याद करते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि माता झलकारी बाई ने स्वतंत्रता संग्राम में अपनी वीरता और साहस से इतिहास में अमिट स्थान बनाया। उनका जीवन समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। उपस्थित सभी लोगों ने उनके चरणों में कोटि-कोटि नमन करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान समिति के अध्यक्ष कल्लूराम राम वर्मा, उपाध्यक्ष हृदयेश कुमार वर्मा, मंत्री एडवोकेट शिवकुमार बुलेट, उपमंत्री कमलेश कुमार वर्मा, कार्यकारिणी सदस्य सचिन प्रताप सिंह, संरक्षक सदस्य चुनुवाद कबीर एवं चंद्रपाल कोरी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की जानकारी समिति के मंत्री एडवोकेट शिवकुमार बुलेट ने दी।

सनशाइन हॉस्पिटल नें मूड़ा सवारन में लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य कैम्प

सुनहरा संसार सुनील श्रीवास्तव बिझौली लखीमपुर

ग्रामीण अंचलों तक स्वास्थ्य लाभ पंहुचाने के उद्देश्य से 139 गोला विधानसभा के अलीगंज इलाके के ग्राम मूड़ा सवारन बाजार में एक निःशुल्क स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन सनशाइन हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर ग्रुप के संचालक वरिष्ठ आथोर्पेडिक सर्जन एवं भाजपा नेता डॉ कौशल वर्मा के द्वारा किया गया है। जिसमें डॉ कौशल वर्मा एवं डॉ संजय कुमार एमबीबीएस,जनरल मेडिसिन एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ व हॉस्पिटल स्टाफ मौजूद रहा। कैंप में क्षेत्र के कई गांवो के तकरीबन 200 से अधिक मरीजों नें निःशुल्क जांच व दवाएं प्राप्त कर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया है। हड्डियों में कैल्शियम की मात्रा की जांच, आर,बी,एस जांच, न्यूरोपैथी जांच, यूरिक एसिड, हीमोग्लोबिन की जांच निःशुल्क की गई हैं। डॉ कौशल वर्मा ने बताया कि जरूरतमंद पीड़ित मानव की सेवा ही उनका धर्म है। हॉस्पिटल की तरफ से लखीमपुर सीतापुर पीलीभीत बरेली जनपदों में सैकड़ो निःशुल्क स्वास्थ्य कैंप लगाए जा चुके हैं। यह आयोजन वर्षों से अनवरत जारी है। जिनमें हजारों लोग स्वास्थ्य लाभ पा चुके हैं।

वहीं कई जरूरतमंदों को विभिन्न प्रकार के विकलांग उपकरण भी निःशुल्क दिए जा चुके हैं।इसके अलावा प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान करना,बच्चों नगदी एवं पाठ्य सामग्री देना,गरीब बेटियों की शादी में आर्थिक मदद एवं उपहार देना भी शामिल है। बाढ़ की आपदा व अग्निपीड़ितों को मदद पहचाना उनका सेवा मिशन बना चुका है। गोला इलाके के सैकड़ो गांव के हजारों लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुचाने के उद्देश्य से कैम्प लगाने का अभियान जारी रहेगा।

निजी क्षेत्र को दी जा रही रियायतों और सब्सिडी का लाभ युवाओं व आम जनता तक पहुंचे, आउटसोर्सिंग कर्मियों को बढ़ा मानदेय समय से देने के निर्देश

हिंदी दैनिक सुनहरा संसार अमरनाथ सिंह जिला ब्यूरो लखनऊ



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में संचालित विकास परियोजनाओं, औद्योगिक निवेश, बुनियादी ढांचे और जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि नए एक्सप्रेसवे, औद्योगिक परियोजनाओं और प्रदेश के विकास से जुड़ी योजनाओं में किसी भी स्तर पर अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए। सरकार की प्राथमिकता प्रदेश को विकास, निवेश और रोजगार के नए अवसरों के केंद्र के रूप में स्थापित करना है। रविवार को स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन की बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश में निवेश के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया है। उद्योगों, निजी क्षेत्र और निवेशकों को विभिन्न सुविधाएं, टैक्स रियायतें तथा सब्सिडी उपलब्ध कराई जा रही हैं। सरकार की नीतियों और निर्णयों का मूल उद्देश्य प्रदेश की जनता का हित सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निजी क्षेत्र को दी जाने वाली सुविधाओं और रियायतों के परिणामस्वरूप सृजित रोजगार तथा अन्य लाभों का अधिकतम फायदा प्रदेश के युवाओं और स्थानीय नागरिकों को मिलना चाहिए। बैठक में स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन के सीईओ मनोज कुमार सिंह ने विभिन्न विकास परियोजनाओं की प्रगति का प्रस्तुतीकरण किया। मुख्यमंत्री ने एक्सप्रेसवे परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे की निविदा प्रक्रिया आगामी 30 नवंबर तक पूरी करने के निर्देश दिए। फरुर्खाबाद लिंक एक्सप्रेसवे के लिए 91.46 प्रतिशत भूमि क्रय किया जा चुका है तथा निर्माण के लिए चयनित फर्म को लेटर ऑफ अवार्ड (एलओए) जारी कर दिया गया है। आगरा-लखनऊ-पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेसवे के लिए 82.98 प्रतिशत, झांसी लिंक एक्सप्रेसवे के लिए 86.04 प्रतिशत और जेवर लिंक एक्सप्रेसवे के लिए 83.45 प्रतिशत भूमि उपलब्ध हो चुकी है। इन परियोजनाओं में भी निर्माण कार्य के लिए चयनित कंपनियों को एलओए जारी किया जा चुका है। मेरठ-हरिद्वार एक्सप्रेसवे, विंध्य एक्सप्रेसवे और विंध्य-पूर्वांचल स्पर के सत्यापन का कार्य पूरा हो चुका है। अधिकांश जनपदों में भूमि दरों का अनुमोदन भी कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने इन परियोजनाओं के लिए शीघ्र भूमि अधिग्रहण शुरू करने और निर्माण संबंधी प्रक्रियाओं में तेजी लाने के निर्देश दिए। औद्योगिक विकास की समीक्षा के दौरान उन्होंने ग्रेटर नोएडा में मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक हब की वित्तीय बिड अगले दो सप्ताह में खोलने तथा मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क से संबंधित कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाने को कहा। आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के हितों पर विशेष जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नई व्यवस्था के तहत मानदेय में की गई बढ़ोतरी का लाभ सभी विभागों में कार्यरत कर्मचारियों को मिलना चाहिए। प्रदेश के 88 विभागों में तैनात 3,10,437 आउटसोर्सिंग कर्मियों के भुगतान की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक कर्मचारी को बढ़ा हुआ मानदेय समय से और पूरा भुगतान किया जाए। इस मामले में किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने जीरो पावर्टी अभियान के तहत चिह्नित 12.50 लाख परिवारों को सरकार की बुनियादी सुविधाओं से संतृप्त करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि पात्र परिवारों को आवास, आयुष्मान कार्ड, अंत्योदय कार्ड और रोजगारपरक प्रशिक्षण उपलब्ध कराने की प्रक्रिया तेज की जाए, ताकि जरूरतमंद परिवार आत्मनिर्भर बन सकें। बैठक में बताया गया कि चिह्नित परिवारों में 59,447 पीएम/सीएम आवास स्वीकृत किए जा चुके हैं। वहीं आयुष्मान कार्ड से वंचित परिवारों को बीओसीडब्ल्यू के माध्यम से पंजीकृत कर अब तक 1,04,583 परिवारों को आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। शेष पात्र परिवारों को भी जल्द योजना से जोड़ने की कार्रवाई जारी है। 10.60 लाख परिवारों के एक-एक सदस्य को कौशल प्रशिक्षण देने के लक्ष्य के तहत अब तक 11,298 युवाओं को प्रशिक्षित कर सेवायोजित किया गया है। मुख्यमंत्री ने इस अभियान में और तेजी लाने के निर्देश दिए। श्रम विभाग की समीक्षा में बताया गया कि एक सितंबर 2026 से प्रदेश के सभी 75 जिलों में लेबर अड्डों पर 8,950 शिविर आयोजित कर 2,73,391 श्रमिकों का पंजीकरण किया गया है।

बांदा प्रीमियर लीग जूनियर अंडर-14 सीजन-1 के ट्रायल में 220 खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम, चार राज्यों के खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा



सुनहरा संसार ब्यूरो बांदा

जनपद बांदा में क्रिकेट प्रतिभाओं को बेहतर मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित बांदा प्रीमियर लीग जूनियर अंडर-14 सीजन-1 के ट्रायल में आज कुल 220 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। इस ट्रायल में उत्तर प्रदेश के अलावा मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और दिल्ली सहित विभिन्न राज्यों के प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। ट्रायल में खिलाड़ियों ने अपनी बल्लेबाजी, गेंदबाजी, विकेटकीपिंग एवं क्षेत्ररक्षण कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। विभिन्न राज्यों से खिलाड़ियों की भागीदारी ने प्रतियोगिता को और अधिक प्रतिस्पर्धात्मक बना दिया। इस क्रिकेट ट्रायल में चंद्रमौली भारद्वाज,सुनील सक्सेना, अबरार फारूकी ,राजोल मिश्रा,भुवनेंद रावत,नरेन्द्र सिंह,कमल यादव ,जीतू यादव, संदीप तिवारी, प्रदीप गुप्ता, राम मिलन गुप्ता, मोहम्मद अहमद,शिवम सिंह, रवि यादव ,कौशिक यादव ,डा शरीफ ,अजय यादव, धनंजय करवरिया, मनोज मिश्रा सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस ट्रायल में चयनकर्ता के रूप में मोहम्मद सैफ (रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी) एवं सलमान हाशमी (ठक्कर क्रिकेट कोच) ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। चयनकर्ताओं ने खिलाड़ियों की तकनीक, खेल कौशल, फिटनेस एवं प्रदर्शन का बारीकी से आकलन किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन सलमान हाशमी, विप्रांश यादव एवं शुभम सिंह गहलोत द्वारा किया जा रहा है। आयोजकों का उद्देश्य बुंदेलखंड सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों की छिपी हुई क्रिकेट प्रतिभाओं को पहचान दिलाना और उन्हें बेहतर मंच प्रदान करना है, ताकि युवा खिलाड़ी भविष्य में जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकें। आयोजकों ने बताया कि अंडर-14 आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए इस तरह की प्रतियोगिताएं उनके खेल कौशल को निखारने और प्रतिस्पर्धात्मक क्रिकेट का अनुभव प्राप्त करने का महत्वपूर्ण अवसर हैं। ट्रायल में 220 खिलाड़ियों की सहभागिता को देखते हुए आयोजक मंडल ने सभी खिलाड़ियों, अभिभावकों, प्रशिक्षकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। बांदा प्रीमियर लीग जूनियर अंडर-14 सीजन-1 बुंदेलखंड की क्रिकेट प्रतिभाओं को एक नई पहचान देने और उन्हें बड़े मंच तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

अखिलेश यादव से मिले मौलाना इरफान उल हक कादरी और रियाज खां, पीलीभीत के सियासी हालात पर हुई चर्चा



सुनहरा संसार क्राइम ब्यूरो चीफ आमिर मलिक की रिपोर्ट पीलीभीत

पीलीभीत। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से शुक्रवार, 20 नवंबर को लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में समाजवादी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष मौलाना इरफान उल हक कादरी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में पीलीभीत समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व सदस्य जिला पंचायत रियाज खांन के साथ कारी रईसुद्दीन, इलियास मंसूरी, हाफि ज रफी नूरी आदि मौजूद रहे। इस दौरान पीलीभीत जनपद के मौजूदा राजनीतिक हालात, पार्टी संगठन की स्थिति और आगामी रणनीति को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पीलीभीत के संगठनात्मक हालात की जानकारी ली और स्थानीय स्तर पर पार्टी की गतिविधियों पर बातचीत की। बातचीत के दौरान अखिलेश यादव ने पीलीभीत समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष धर्मेश गंगवार की पार्टी के प्रति सकारात्मक सोच और संगठन को मजबूत करने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने विश्वास जताया कि धर्मेश गंगवार के नेतृत्व में पीलीभीत में समाजवादी पार्टी नई ऊंचाइयों को छुएगी और संगठन एक नया आयाम स्थापित करेगा। मुलाकात के बाद रियाज खांन ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का आत्मीय व्यवहार और पीलीभीत के संगठन को लेकर उनकी गंभीरता कार्यकताओं के लिए हौसला बढ़ाने वाली है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व का मार्गदर्शन जिले में पार्टी को और अधिक मजबूती प्रदान करेगा।

स्वस्तिक , केवल एक चिन्ह नहीं, जीवन का सम्पूर्ण दर्शन है

करन राठौर पत्रकार सुनहरा संसार ब्लॉक मोहम्मदी



आर्यसमाज का साप्ताहिक यज्ञ दिनाँक 22 नवम्बर2026 रविवार प्रातः8:30 पर डॉ0 सुभाष चन्द्र गुप्ता के आवास पर मंत्री अतुल रस्तोगी ने सम्पन्न कराया, मुख्य यजमान डॉ0 सुभाष चन्द्र गुप्ता व उनकी धर्मपत्नी नीलम गुप्ता रहे,नियम हरिओम गुप्ता तथा सुमधुर भजन सुमन पाण्डेय, प्रिया गुप्ता, सुधीर श्रीवास्तव, डॉ0 रमा शंकर गुप्ता ने सुनाये, नवीन गृह प्रवेश के अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने हार्दिक शुभकामनाएं दी, अपने संबोधन में अतुल रस्तोगी ने कहा कि,,भारतीय संस्कृति में स्वस्तिक को सबसे पवित्र, सबसे मांगलिक और सबसे प्राचीन प्रतीक माना गया है। घर के द्वार पर, पूजा की थाली में, नए बहीखाते के पहले पृष्ठ पर, विवाह के मंडप में, हर शुभ कार्य की शुरूआत में स्वस्तिक बनाया जाता है। इसके भीतर गहरे अर्थ छिपे है, स्वस्तिक को साधारण रेखाओं में नहीं, बल्कि जीवन-दर्शन के रूप में दिखाया गया है। इसकी चार भुजाओं, चार बिंदुओं, चारों कोनों और मध्य में लिखे शब्द मिलकर मनुष्य के मन से लेकर मोक्ष तक की पूरी यात्रा को बता देते हैं। स्वस्तिक धन का प्रतीक मात्र नहीं है, यह धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष, मन, बुद्धि, चित्त, अहंकार, श्रद्धा, विश्वास, प्रेम, समर्पण और अंत में परमात्मा से एकाकार होने का मार्ग है। स्वस्तिक शब्द बना है - सु + अस्ति + क। सु का अर्थ है शुभ, कल्याणकारी। अस्ति का अर्थ है होना, अस्तित्व। क का अर्थ है करने वाला। अर्थात जो कल्याण करे, जो शुभ को स्थापित करे, वही स्वस्तिक है। वेदों में कहा गया है - स्वस्ति न इन्द्रो वृद्धश्रवा, अर्थात इन्द्र, पूषा, गरुड़, बृहस्पति हमारा कल्याण करें। स्वस्तिक उसी स्वस्ति कामना का दृश्य रूप है। इसकी चार भुजाएं चारों दिशाओं में शुभता फैलाती हैं। इसकी भुजाएं दक्षिणावर्त घूमती हैं, जो गति, प्रगति और सूर्य की गति का प्रतीक है। यह स्थिरता नहीं, गतिशील शुभता का प्रतीक है।

घर के मुख्य द्वार पर स्वस्तिक बनाने का महत्व यही है कि घर में प्रवेश करने वाली हर ऊर्जा शुभ हो जाए। नकारात्मकता द्वार पर ही रुक जाए और सकारात्मकता भीतर प्रवेश करे। यही कारण है कि दीपावली पर लक्ष्मी पूजन से पहले द्वार पर स्वस्तिक बनाकर ही लक्ष्मी का आवाहन किया जाता है। बिना स्वस्तिक के लक्ष्मी पूजन अधूरा माना जाता है। हिन्दू दर्शन कहता है कि मनुष्य जीवन के चार लक्ष्य हैं - धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष। धर्म जीवन का आधार है। धर्म का अर्थ केवल पूजा-पाठ नहीं, कर्तव्य है। पिता का धर्म, माता का धर्म, पुत्र का धर्म, राजा का धर्म, प्रजा का धर्म। जो व्यक्ति धर्म पर चलता है, उसका अर्थ भी पवित्र होता है। बिना धन के गृहस्थ जीवन नहीं चल सकता। परन्तु, अर्थ को बीच में रखा गया है, ताकि वह धर्म से बंधा रहे और मोक्ष की ओर ले जाए। धर्महीन अर्थ लोभ बन जाता है, और धर्मयुक्त अर्थ लक्ष्मी बन जाता है। काम केवल वासना नहीं, जीवन की हर शुभ इच्छा है - संतान की इच्छा, प्रेम की इच्छा, यश की इच्छा। यदि काम धर्म के अनुसार हो, तो वह भी मोक्ष का साधन बन जाता है। मोक्ष का अर्थ जन्म-मरण के बंधन से मुक्ति, दुखों से मुक्ति, अपने वास्तविक स्वरूप को जान लेना है। स्वस्तिक की एक भुजा मोक्ष है, यह बताता है कि जीवन की यात्रा का अंतिम पड़ाव मोक्ष ही है। धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष सब ब्रह्म से निकलते हैं और ब्रह्म में ही विलीन होते हैं। जैसे स्वस्तिक की चारों भुजाएं केंद्र से जुड़ी हैं, वैसे ही जीवन के चारों पुरुषार्थ ब्रह्म से जुड़े हैं। मन, बुद्धि, चित्त, अहंकार। भारतीय मनोविज्ञान इन्हें अंतःकरण चतुष्टय कहता है। मन संकल्प-विकल्प करता है। यह चंचल है। मन ही इच्छा करता है, मन ही भटकता है। बुद्धि निर्णय करती है। क्या सही है, क्या गलत, यह बुद्धि तय करती है। बुद्धि यदि शुद्ध हो तो मन को सही दिशा देती है। चित्त स्मृति और संस्कारों का भंडार है। हमारे पिछले कर्म, पिछले जन्मों के संस्कार चित्त में पड़े रहते हैं। अहंकार मैं का भाव है। मैं करता हूँ, मेरा है, यही अहंकार है। अहंकार ही सबसे बड़ी बाधा है। जब तक अहंकार है, तब तक ईश्वर का अनुभव नहीं होता। स्वस्तिक का संदेश है कि इन चारों को साधना होगा। मन को स्थिर करो, बुद्धि को विवेक से भरों, चित्त को शुद्ध करो और अहंकार को गलाओ। जब ये चारों शुद्ध हो जाते हैं, तब मनुष्य स्वस्तिक की तरह शुभ बन जाता है।

भक्ति के चार सोपान : सालोक्य, सामीप्य, सारूप्य, सायुज्य यह भक्ति मार्ग के चार चरण हैं, मुक्ति के चार प्रकार हैं, सालोक्य का अर्थ है, भगवान के लोक में निवास। भक्त कहता है, मुझे तुम्हारे धाम में जगह दे दो। यह भक्ति की पहली सीढ़ी है। सामीप्य का अर्थ है, भगवान के समीप रहना। केवल उसी लोक में नहीं, उनके पास बैठना, उनकी सेवा करना। सारूप्य का अर्थ है भगवान के समान रूप प्राप्त करना। भक्त का रूप, गुण भगवान जैसे हो जाते हैं।

सायुज्य अंतिम अवस्था है - भगवान में लीन हो जाना, एक हो जाना। जैसे नदी सागर में मिलकर सागर हो जाती है, वैसे ही आत्मा परमात्मा में मिलकर परमात्मा हो जाती है। सायुज्य को सबसे ऊपर रखा गया है, क्योंकि वही परम लक्ष्य है। स्वस्तिक केवल सांसारिक शुभता का नहीं, आध्यात्मिक मुक्ति का भी प्रतीक है। स्वस्तिक में चार बिंदु होते हैं, श्रद्धा, विश्वास, प्रेम (आस्था), समर्पण।

बिना श्रद्धाके कोई साधना सफल नहीं होती। श्रद्धा का अर्थ अंधविश्वास नहीं, गुरु, शास्त्र और ईश्वर पर दृढ़ भरोसा है। विश्वास श्रद्धा का ही दूसरा रूप है। विश्वास टूट जाए तो साधना टूट जाती है। प्रेम, आस्था भक्ति का प्राण है। जहाँ प्रेम नहीं, वहाँ भगवान नहीं। प्रेम ही भगवान को बांधता है।

समर्पण, अंतिम है। अपना सब कुछ ईश्वर को सौंप देना। मेरी बुद्धि, मेरा मन, मेरा धन, मेरा जीवन सब तेरा है, यही समर्पण है। ये चारों बिंदु स्वस्तिक को पूर्ण करते हैं। जैसे बिना बिंदु के स्वस्तिक अधूरा है, वैसे ही बिना श्रद्धा, विश्वास, प्रेम और समर्पण के जीवन अधूरा है। वास्तु लाभःघर में स्वस्तिक बनाने से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है। वास्तु दोष शांत होता है। मुख्य द्वार पर लाल या पीले रंग का स्वस्तिक लगाने से घर में लक्ष्मी का स्थायी वास होता है। मानसिक लाभ, स्वस्तिक को ध्यानपूर्वक देखने से मन एकाग्र होता है। इसकी सममित आकृति मस्तिष्क को शांति देती है। पूजा के समय स्वस्तिक पर ध्यान लगाने से चंचल मन स्थिर होता है। आध्यात्मिक लाभ, स्वस्तिक गणेश जी का प्रतीक भी माना जाता है। गणेश जी विघ्नहर्ता हैं। स्वस्तिक की पूजा करने से विघ्न दूर होते हैं, कार्य सिद्ध होते हैं। आर्थिक लाभ, दीपावली, अक्षय तृतीया, नए व्यापार की शुरूआत में स्वस्तिक बनाकर पूजा करने से धन वृद्धि होती है। व्यापारी अपने बहीखाते पर स्वस्तिक बनाते हैं, ताकि वर्ष भर लाभ हो। स्वास्थ्य लाभ,प्राचीन मान्यता है कि स्वस्तिक की ऊर्जा सकारात्मक तरंगें उत्पन्न करती है, जो घर के वातावरण को शुद्ध करती है। शुद्ध वातावरण में रोग कम होते हैं। पारिवारिक लाभ,जहाँ स्वस्तिक की पूजा होती है, वहाँ कलह कम होता है। धर्म, प्रेम और समर्पण की भावना परिवार को जोड़कर रखती है, स्वास्तिक हमें सिखाता है कि जीवन को टुकड़ों में मत देखो। मन अलग, धन अलग, धर्म अलग नहीं है। सब एक ही स्वस्तिक के अंग हैं। यदि आप केवल अर्थ के पीछे भागेंगे, तो अहंकार बढ़ेगा। यदि केवल मोक्ष की बात करेंगे, पर धर्म नहीं निभाएंगे, तो जीवन अधूरा रहेगा। सच्चा जीवन वह है जहाँ धर्म से अर्थ कमाया जाए, अर्थ से काम की पूर्ति हो, और काम के बाद मन मोक्ष की ओर जाए। और इस यात्रा में चार साथी चाहिए - श्रद्धा, विश्वास, प्रेम, समर्पण। और चार साधन चाहिए - मन को साधो, बुद्धि को शुद्ध करो, चित्त को निर्मल करो, अहंकार को मिटाओ।

विश्व हिन्दू परिषद ने हितचिन्तक अभियान का किया शुभारम्भ, घर-घर पहुंचकर समाज को संगठन से जोड़ेंगे कार्यकर्ता



सुनहरा संसार ब्यूरो पवन पाठक

एटा। विश्व हिन्दू परिषद, ब्रज प्रान्त के प्रान्त सह विशेष सम्पर्क प्रमुख अरविन्द सिंह चौहान के नेतृत्व में हितचिन्तक अभियान का शुभारम्भ किया गया। अभियान के माध्यम से परिषद के कार्यकर्ता घर-घर पहुंचकर हिन्दू समाज के लोगों से संपर्क करेंगे तथा उन्हें संगठन की विचारधारा, उद्देश्यों और सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों से अवगत कराते हुए हितचिन्तक बनाएंगे।इस अवसर पर प्रान्त सह विशेष सम्पर्क प्रमुख अरविन्द सिंह चौहान ने कहा कि हितचिन्तक अभियान हिन्दू समाज को संगठित करने, अधिकाधिक लोगों को संगठन से जोड़ने तथा सामाजिक एवं सांस्कृतिक चेतना को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ता घर-घर पहुंचकर समाज के लोगों को इस अभियान से जोड़ने का कार्य करेंगे।उन्होंने हिन्दू समाज के लोगों से अभियान में बढ़-चढ़कर सहभागिता करने की अपील करते हुए कहा कि मात्र 20 रुपये सहयोग राशि देकर विश्व हिन्दू परिषद के हितचिन्तक बन सकते हैं। समाज के प्रत्येक व्यक्ति का छोटा-सा सहयोग भी संगठन के सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यों को गति प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।विहिप जिला मंत्री मुकेश राठौर ने कहा कि हितचिन्तक अभियान के माध्यम से संगठन का उद्देश्य हिन्दू समाज के प्रत्येक परिवार तक पहुंचना और अधिक से अधिक लोगों को संगठन की गतिविधियों से जोड़ना है। कार्यकर्ता गांव-गांव और घर-घर जाकर लोगों को अभियान के प्रति जागरूक करेंगे।जिला उपाध्यक्ष अभिनव मिश्रा ने कहा कि हिन्दू समाज की एकता, संगठन और सांस्कृतिक चेतना को सशक्त बनाना समय की आवश्यकता है। हितचिन्तक अभियान के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने समाज के लोगों से अभियान में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया।जिला गौ रक्षा प्रमुख अतुल भदौरिया ने कहा कि सामाजिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण के साथ गौ संरक्षण और संवर्धन के प्रति जनजागृति लाना भी आवश्यक है। संगठन के कार्यकर्ता समाज को जागरूक करते हुए सेवा, संरक्षण और सामाजिक उत्तरदायित्व के कार्यों में सहभागिता के लिए प्रेरित करेंगे।इस अवसर पर विहिप जिला मंत्री मुकेश राठौर, जिला उपाध्यक्ष अभिनव मिश्रा, जिला गौ रक्षा प्रमुख अतुल भदौरिया सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बंद पड़ी फैक्ट्री में चोरी करने का आरोपित गिरफ्तार, ल्यूमिनस बैटरी बरामद



सुनहरा संसार ब्यूरो पवन पाठक

एटा। थाना जलेसर पुलिस ने बंद पड़ी फैक्ट्री में चोरी की घटना से संबंधित एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की गई एक ल्यूमिनस बैटरी बरामद की है। गिरफ्तार आरोपित के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।पुलिस के अनुसार, वादी ने थाना जलेसर में प्रार्थना-पत्र देकर बताया था कि उसकी फैक्ट्री लगभग दो माह से बंद पड़ी थी। बीते 24 अक्टूबर 2026 को अज्ञात चोर ने फैक्ट्री में घुसकर एक इन्वर्टर, दो बैटरियां, लोहे की सरिया तथा अन्य सामान चोरी कर लिया। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना जलेसर में मुकदमा अपराध संख्या 430/26, धारा 305(ए) भारतीय न्याय संहिता के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया था।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. इलामारन के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्वेताभ पाण्डेय एवं अपर पुलिस अधीक्षक अपराध सच्चिदानंद के निकट पर्यवेक्षण में, क्षेत्राधिकारी जलेसर ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अभियोग से संबंधित आरोपित मल्ला उर्फ आकिब पुत्र रामभरोसे, निवासी ग्राम मकसूदपुर डेरा, थाना जलेसर, जनपद एटा को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने गिरफ्तार आरोपित के कब्जे से चोरी की गई एक ल्यूमिनस बैटरी बरामद की है। पुलिस के अनुसार, आरोपित के विरुद्ध थाने स्तर से आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक ब्रजमोहन सिंह, मुख्य आरक्षी इन्द्रपाल सिंह, आरक्षी गौरव कुमार तथा आरक्षी उमेश कुमार शामिल रहे।

पिलखुवा: झलकारी बाई की 196वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई, झलकारी बाई पार्क में उमड़ी भारी भीड़

राष्ट्रीय सुनहरा संसार जिला हापुड़ संवाददाता महिपाल तोमर



पिलखुवा / हापुड़ - पिलखुवा नगर के झलकारी बाई पार्क में वीरांगना झलकारी बाई कोली की 196वीं जयंती बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में सुबह से ही भारी भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने झलकारी बाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनकी वीरता को याद किया। जानकारी के अनुसार पिलखुवा नगर के झलकारी बाई पार्क में जयंती समारोह का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम की शुरूआत झलकारी बाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर की गई। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, जिसमें बच्चों ने झलकारी बाई के जीवन पर आधारित नाटक और नृत्य प्रस्तुत किए। पूरे पार्क को फूलों और गुब्बारों से सजाया गया था। झलकारी बाई के जयकारों से पूरा पार्क गूंज उठा।

वक्ताओं ने किया संबोधन -

कार्यक्रम में पहुंचे वक्ताओं ने झलकारी बाई के जीवन पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि झलकारी बाई ने 1857 की क्रांति में रानी लक्ष्मीबाई के साथ मिलकर अंग्रेजों के खिलाफ जमकर लोहा लिया था। उन्होंने रानी लक्ष्मीबाई का वेश धारण कर अंग्रेजी सेना को चकमा दिया था और देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया था। वक्ताओं ने युवाओं से झलकारी बाई के आदर्शों पर चलने और समाज व देश के लिए काम करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि झलकारी बाई की वीरता आने वाली पीढ़ियों को हमेशा प्रेरणा देती रहेगी। कार्यक्रम के दौरान समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं और प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में नगर के कई गणमान्य लोग, समाजसेवी, महिपाल तोमर धौलाना विकासखंड अध्यक्ष और किसान संघ, सचिन शर्मा उपाध्यक्ष भारतीय किसान संघ नगर अध्यक्ष बृजमोहन कोरी भारतीय किसान संघ और बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे मौजूद रहे।

जनपद हापुड़ के पिलखुवा नगर क्षेत्र स्थित रजनी विहार कॉलोनी में बुनियादी सुविधाओं की बदहाल स्थिति को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश

राष्ट्रीय सुनहरा संसार जिला हापुड़ संवाददाता महिपाल तोमर



रजनी विहार,निवासियों का गुस्सा अब सड़कों पर दिखाई देने लगा है। करीब 15 वर्षों से सड़क निर्माण का इंतजार कर रहे कॉलोनीवासियों ने रविवार को नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर अपनी नाराजगी जाहिर की। स्थानीय गणमान्य,लोगों का आरोप है कि पिछले करीब 15 वर्षों से कॉलोनी में सड़क निर्माण की मांग की जा रही है, लेकिन आज तक उनकी समस्या का कोई स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। सड़कें बदहाल होने के कारण लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने के चलते कॉलोनी में जगह-जगह गंदा पानी जमा रहता है, जिससे गंदगी और दुर्गंध का माहौल बना हुआ है। कॉलोनीवासियों का कहना है कि जलभराव और गंदगी के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है और आसपास रहने वाले लोगों को बीमारियों का खतरा बना हुआ है। बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को भी आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसके बावजूद नगर पालिका प्रशासन की ओर से समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है। वहीं, आम आदमी पार्टी के उत्तर प्रदेश प्रवक्ता सीएम चौहान ने भी इस मामले को लेकर नगर पालिका प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि पिलखुवा की रजनी विहार कॉलोनी में 15 वर्षों से सड़क का निर्माण नहीं होना बेहद गंभीर विषय है।

जनता सड़क और जल निकासी जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए परेशान है।

घरों के आसपास गंदा पानी जमा होने से बीमारियों का खतरा बना हुआ है। उन्होंने नगर पालिका प्रशासन से मांग की कि मामले का तत्काल संज्ञान लेते हुए कॉलोनी में सड़क निर्माण कराया जाए और जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

पत्रकारों के हक की ढाल बने अनुराग सारथी अब मोहम्मदी के विकास के सारथी बनने को तैयार

संदीप शुक्ला



लखीमपुर-खीरी। पत्रकारों के अधिकारों की लड़ाई से राजनीतिक मैदान तक अनुराग एम. सारथी ने अपनी अलग पहचान बनाई है। ऐप्जा के माध्यम से पत्रकारों के मुद्दे उठाने के साथ वह सामाजिक और जनहित के सवालों पर भी सक्रिय रहे हैं। अब उनकी नजर 2027 के विधानसभा चुनाव पर है। वर्ष 2022 में एक्शन पार्टी के टिकट पर मोहम्मदी से चुनाव लड़ चुके अनुराग सारथी इस बार फिर इसी सीट से उतरने की तैयारी में हैं। वह ऐप्जा के मुख्य समन्वयक और एक्शन पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव हैं। ?4 जुलाई 1992 को जन्मे अनुराग स्नातक हैं। उनके पिता रवींद्र कुमार मिश्र ऐप्जा के अध्यक्ष और एक्शन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। वर्ष 2001 में स्थापित ऐप्जा की प्रमुख मांगों में पत्रकारों के लिए 'मीडिया निर्वाचन क्षेत्र' और नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए 'गारंटीड अधिकार आयोग' का गठन शामिल है। पिता की शुरू की गई इस मुहिम को अनुराग सारथी विभिन्न जिलों में संगठनात्मक गतिविधियों और आंदोलनों के जरिए आगे बढ़ा रहे हैं। ?संगठन के मुताबिक 9 फरवरी 2012 को 11वें स्थापना दिवस पर लखनऊ से दिल्ली तक रैली निकालकर जंतर-मंतर पर धरना दिया गया और तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को ज्ञापन सौंपा गया। फरवरी 2013 में विधानभवन के सामने 12 दिन धरना देकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन और प्रधानमंत्री को पत्र भेजा गया। वर्ष 2014 में 13वें स्थापना दिवस पर सीतापुर में कार्यक्रम हुआ। इसके बाद 14वें स्थापना दिवस पर 14 दिवसीय एक्शन रैली, 15वें पर 15 दिवसीय लखनऊ-दिल्ली रैली और 17वें स्थापना दिवस पर 17 दिवसीय रथयात्रा निकाली गई। इन अभियानों के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी ज्ञापन सौंपे गए। बीते दिनों लखीमपुर जिले के ?पत्रकार दीपक पंडित पर कथित फर्जी मुकदमे के विरोध में लखीमपुर में एसपी कार्यालय के बाहर चार घंटे जाम लगाया गया। पसगवां में पत्रकार अखिलेश सिंह के साथ कथित अभद्रता के बाद 18 घंटे प्रदर्शन और लखनऊ-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर छह घंटे जाम किया गया। निघासन में किसान आंदोलन के दौरान मारे गए पत्रकार रमन कश्यप के परिवार के समर्थन में संगठन पहुंचा। लखीमपुर में प्रदर्शन के दौरान घायल पत्रकार मुशीर अहमद के परिवार को 51 हजार रुपये की सहायता दी गई। पीलीभीत के पूरनपुर में पत्रकार सबलू के विरोध में कोतवाली का घेराव किया गया। सीतापुर के महोली में पत्रकार राघवेंद्र बाजपेयी की हत्या के बाद संगठन ने जिला मुख्यालय सीतापुर के लालबाग 12 घंटे चक्का जाम कर कार्रवाई की मांग उठाई। संगठन का दावा है कि पीड़ित परिवार को 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता और बच्चों की शिक्षा में सहयोग भी दिया गया। पत्रकारों के मुद्दों के साथ राजनीतिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए 05 दिसंबर 2013 को लखनऊ के डालीबाग स्थित कीमत होटल में ऐक्शन पार्टी के गठन की घोषणा हुई। वर्ष 2015 में पार्टी का पंजीकरण कराया गया। वर्ष 2014 के सीतापुर लोकसभा चुनाव में अनुराग सारथी की मां पुष्पा देवी ने पार्टी के टिकट पर प्रेशर कुकर चुनाव चिह्न से चुनाव लड़ा था। उस समय अनुराग ने प्रचार अभियान की जिम्मेदारी संभाली थी। पार्टी ने 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा को समर्थन दिया था। अनुराग सारथी के अनुसार पार्टी पूर्व में भी लोकसभा और विधानसभा चुनावों में भाजपा का समर्थन कर चुकी है। वर्ष 2020 में संगठन ने सात दिवसीय जनसंवाद यात्रा निकाली। 15 सितंबर 2022 को लखनऊ के गांधी भवन में अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस पर संगोष्ठी, 23 जनवरी 2023 को सीतापुर में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती सम्मेलन, 11 जुलाई 2023 को लखीमपुर में विश्व जनसंख्या दिवस पर संगोष्ठी और 15 सितंबर 2023 को लखनऊ में राष्ट्रीय सद्भावना सम्मेलन आयोजित किया गया। इसके अलावा सीतापुर में रोजगार गारंटी, कई जिलों में वोट फॉर गारंटी रैली, बाराबंकी में स्थानीय समस्याओं और बहराइच में शिक्षा के मुद्दे पर प्रदर्शन किए गए। अनुराग सारथी ने वर्ष 2022 में ऐक्शन पार्टी के प्रत्याशी के रूप में मोहम्मदी विधानसभा सीट से चुनाव लड़ा था। अब वह 2027 में फिर इसी सीट से मैदान में उतरने की तैयारी कर रहे हैं। पत्रकारों के अधिकारों से जुड़े आंदोलनों, सामाजिक मुद्दों पर सक्रियता और संगठन विस्तार के जरिए उन्होंने अपनी राजनीतिक जमीन तैयार करने की कोशिश की है।

राजनीतिक जानकारों और स्थानीय समर्थकों का मानना है कि आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में यदि कोई प्रमुख राजनीतिक दल अनुराग एम. सारथी को मोहम्मदी विधानसभा सीट से अपना समर्थित प्रत्याशी बनाता है, तो इसका सीधा चुनावी लाभ उस पार्टी को मिल सकता है। ? वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में मोहम्मदी सीट पर हार-जीत का अंतर महज 4,871 वोटों का रहा था, जहां भाजपा को 99,377 और सपा को 94,506 वोट मिले थे। बेहद कम अंतर वाली इस सीट पर अनुराग सारथी की पत्रकारों के बीच पकड़ और सामाजिक सक्रियता निर्णायक भूमिका निभा सकती है। ऐप्जा और ऐक्शन पार्टी के माध्यम से अनुराग सारथी का संगठन लखीमपुर-खीरी, सीतापुर, बाराबंकी, बहराइच, बरेली, शाहजहांपुर, हरदोई और पीलीभीत सहित प्रदेश के कई जिलों में सक्रिय है। समर्थकों का आकलन है कि यदि किसी बड़े दल के साथ उनका तालमेल बनता है

थानाबाबूगढ़: के बागड़पुर ततारपुर कट के पास शराब से लदा ट्रक पलटा, एक घायल, हाईवे पर मचा हड़कंप



राष्ट्रीय सुनहरा संसार जिला हापुड़ संवाददाता महिपाल तोमर

बाबूगढ़ / हापुड़ - थाना बाबूगढ़ क्षेत्र में बागड़पुर ततारपुर कट के पास नए हाईवे पर शराब से लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ट्रक चालक घायल हो गया। ट्रक पलटते ही हाईवे पर शराब की बोतलें बिखर गईं और मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। जानकारी के अनुसार एक ट्रक शराब से लद,कर नए हाईवे से होकर जा रहा था। जैसे ही ट्रक बागड़पुर ततारपुर कट के पास पहुंचा, तभी अचानक चालक का ट्रक से नियंत्रण हट गया और ट्रक हाईवे किनारे पलट गया। ट्रक पलटते ही उसमें भरी शराब की पेटियां सड़क पर बिखर गईं। कई पेटियां टूट गईं, जिससे शराब सड़क पर फैल गई। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर दौड़ पड़े। लोगों की भीड़ देखकर पुलिस को मौके पर पहुंचकर भीड़ को नियंत्रित करना पड़ा। हादसे में ट्रक चालक घायल हो गया। आसपास के लोगों ने चालक को ट्रक से बाहर निकालकर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना बाबूगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और घायल चालक को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल बाबूगढ़ भिजवाया। ट्रक पलटने से नए हाईवे पर काफी देर तक यातायात बाधित रहा। पुलिस ने क्रेन की मदद से पलटे ट्रक को सड़क से हटवाया और सड़क पर बिखरी शराब की बोतलों को हटवाकर यातायात सुचारू कराया। पुलिस का कहना है कि शराब की पेटियों को कब्जे में ले लिया गया है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। चालक के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

राजस्थान में पंचायतों का कार्यकाल रहेगा पूरे पांच साल, कार्यकाल घटाने की चचाओं पर राज्य निर्वाचन आयोग ने जारी किया स्पष्ट आदेश

सुनहरा संसार संवाददाता विजय पाल, सादुलशहर

राजस्थान में पंचायती राज संस्थाओं के कार्यकाल को लेकर चल रही चचाओं के बीच राज्य निर्वाचन आयोग ने महत्वपूर्ण कार्यालय आदेश जारी किया है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि प्रदेश की समस्त पंचायती राज संस्थाओं एवं उनके निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का कार्यकाल पूर्व की भांति पांच वर्ष ही रहेगा। इसमें किसी प्रकार की कटौती नहीं की जाएगी। राजस्थान सरकार के राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से 21 नवंबर 2026 को जारी कार्यालय आदेश क्रमांक प.1(15)रा.नि.आ./पंचा./आदेश/2026/412 में पंचायतों के कार्यकाल की अवधि को लेकर स्थिति स्पष्ट की गई है। यह आदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री राजेश्वर सिंह के निदेर्शानुसार जारी किया गया है। पांच साल का कार्यकाल यथावत रहेगा आयोग द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि राज्य की समस्त पंचायती राज संस्थाओं और उनके निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का कार्यकाल पहले की तरह पांच वर्ष ही रहेगा। पंचायतों के कार्यकाल में किसी प्रकार की कटौती नहीं की जाएगी। आदेश में बताया गया है कि राजस्थान पंचायती राज अधिनियम के अंतर्गत सरपंच, वार्ड पंच, प्रधान, जिला प्रमुख, पंचायत समिति सदस्य एवं जिला परिषद सदस्यों के निर्धारित कार्यकाल में कोई संशोधन अथवा परिवर्तन नहीं किया गया है। सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों का कार्यकाल पांच वर्ष निर्धारित है।



भाजपा शहर एससी मोर्चा अध्यक्ष पप्पू राम की बेटी की शादी में जुटे भाजपा नेता व गणमान्य नागरिक,नगर पालिका चेयरमैन सत्यदेव, जॉइंट्स ग्रुप के अध्यक्ष खेमराज खंडेलवाल सहित कई कार्यकताओं ने दिया आशीर्वाद



दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ हिमांशु मोटी

कामां - कामां कस्बे में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता और बूथ संख्या 231 के भाजपा शहर एससी मोर्चा अध्यक्ष व धोबी समाज के पप्पू राम धोबी की बेटी की शादी का कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। शादी समारोह में नगर के भाजपा नेता, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिकों ने शिरकत कर वर-वधू को सुखद दांपत्य जीवन का आशीर्वाद दिया और परिवार को बधाई दी। इस अवसर पर नगर पालिका चेयरमैन सत्यदेव शर्मा, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष रवि तिवारी, जायंट्स ग्रुप ऑफ कामवन के अध्यक्ष खेमराज मातूकी वाले, अपना घर के अध्यक्ष प्रमोद पुजारी, डॉ. संजय शर्मा, बृजेश तिवारी, हरि साहू, हरि कुम्हेरिया, गोविन्द गुप्ता, लक्ष्मण प्रसाद (दिल्ली पुलिस), मोहित गर्ग, प्रेमचंद कोली, दीपक गर्ग, संवाददाता मोनू खंडेलवाल सहित कई कार्यकर्ता और गणमान्य लोग मौजूद रहे। समारोह में सभी ने वर-वधू को फूल-मालाओं से स्वागत कर उज्ज्वल भविष्य, सुख-समृद्धि और खुशहाल वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दीं। पूरे कार्यक्रम के दौरान खुशी, अपनापन और उत्साह का माहौल बना रहा। पप्पू राम ने समारोह में पहुंचे सभी अतिथियों, भाजपा कार्यकताओं और गणमान्य नागरिकों का आभार व्यक्त किया और सभी के स्नेह व आशीर्वाद के लिए धन्यवाद दिया.

कामवन में श्री निम्बार्क अष्ट सखी पद यात्रा का भव्य स्वागत, भक्तों ने फूल-मालाओं से किया सम्मान



दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ हिमांशु मोटी

कामवन / डीग - कामवन में श्री निम्बार्क अष्ट सखी पद यात्रा का भक्तों ने जगह-जगह भव्य स्वागत किया। श्री राधा कृष्ण ब्रजधाम मंदिर और श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर के महंत ब्रज भूषण शरण महाराज फलाहारी बाबा के सानिध्य में यह यात्रा दिनांक 13/11/2026 से प्रारंभ हुई थी। यात्रा आज मंदिर श्री राधा गोपीनाथ पहुंची, जहां भक्तों ने फूल-मालाओं से यात्रियों का जोरदार स्वागत-सम्मान किया। मंदिर पर सभी यात्रियों को भक्तों द्वारा बाल भोग प्रसादी कराई गई। दोपहर को यात्रा देहरे वाली चामड़ माता मंदिर के पास स्थित राधा कृष्ण मंदिर पहुंची। वहां आदित्य दास बंगाली बाबा ने यात्रा का फूल-माला पहनाकर स्वागत-सम्मान किया और भोजन प्रसादी कराई। इसके साथ ही अन्य भक्तों ने भी यात्रा का स्वागत किया। स्वागत-सम्मान करने वालों में कल्ला पंडित, दीवान चंद माहौर पूर्व पार्षद प्रतिनिधि, पप्पू ठाकुर, किशन सैनी, लोकमणि शर्मा, इंदु भूषण शर्मा, विनोद शर्मा, सोनू शर्मा, विक्रम सैनी सहित आदि भक्त शामिल रहे। पूरी यात्रा के दौरान भक्ति, श्रद्धा और उत्साह का माहौल बना रहा।

डीग जिला परिषद प्रमुख पद के लिए 25 नवंबर को होगा निर्वाचन, पंचायत समिति सभागार में होगी बैठक

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोटी

डीग - जिला परिषद डीग के प्रमुख पद के निर्वाचन के लिए 25 नवंबर 2026 को बैठक आयोजित होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक मनीष ने बताया कि बैठक प्रातः 10 बजे पंचायत समिति डीग सभागार में आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि राजस्थान पंचायतीराज अधिनियम, 1994 तथा राजस्थान पंचायतीराज (निर्वाचन) नियम, 1994 के नियम 59, 61 एवं 62 तथा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निदेशों के अनुसार निर्वाचन की संपूर्ण प्रक्रिया संपादित की जाएगी।

निर्वाचन कार्यक्रम इस प्रकार रहेगा -
बैठकः प्रातः 10 बजे
नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुतः प्रातः 11 बजे तक
नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षाः प्रातः 11:30 बजे से
नाम वापसीः दोपहर 1 बजे तक
मतदान (आवश्यकता होने पर): अपराह्न 3 बजे से 5 बजे तक

जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिला परिषद डीग के समस्त संबंधित निर्वाचित सदस्यों से निर्धारित दिनांक, समय एवं स्थान पर निर्वाचन बैठक में उपस्थित होना सुनिश्चित करने की अपील की है।

दक्षिणी दिल्ली में धूमधाम से मना जिलाध्यक्ष माया विष्ट का जन्मदिन, सांसद बिधूड़ी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता पहुंचे

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोटी

नई दिल्ली - दक्षिणी दिल्ली जिलाध्यक्ष श्रीमती माया बिष्ट का जन्मदिन रविवार को बड़े ही धूमधाम और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम स्थल पर सुबह से ही कार्यकताओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। ढोल-नगाड़ों, फूल-मालाओं और जयकारों के बीच जिलाध्यक्ष का भव्य स्वागत किया गया। इस शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में दक्षिणी दिल्ली सांसद श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी उपस्थित रहे। उन्होंने श्रीमती माया विस्ट को पुष्पगुच्छ भेंट कर जन्मदिन की बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में जिला प्रभारी गौरव खारी, एडवोकेट ओमप्रकाश जी, मंडल अध्यक्ष श्री रामअवतार राय, मंडल महामंत्री प्रिया जगरनाथ, निगम पार्षद ममता पवन सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। जन्मदिन समारोह में सुंदर पाठ एवं भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। भक्तिमय भजनों पर कार्यकर्ता झूमते नजर आए। पूरे माहौल में उत्साह, श्रद्धा और अपनापन देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान केक काटा गया और सभी ने जिलाध्यक्ष को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। कार्यकताओं ने कहा कि माया विस्ट के नेतृत्व में दक्षिणी दिल्ली संगठन लगातार मजबूत हो रहा है। अंत में सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

कामां: दीपदान महायज्ञ में विशेष सहयोग पर हेड कांस्टेबल पप्पूराम सैनी का सम्मान

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ हिमांशु मोटी



कामां (डीग) - कस्बे के प्रसिद्ध तीर्थराज विमल कुंड स्थित हरिकृपा आश्रम पर आयोजित दीपदान महायज्ञ में विशेष सहयोग करने पर कामां थाने के हेड कांस्टेबल पप्पूराम सैनी पहलवान का भव्य सम्मान किया गया। आश्रम परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में नगरपालिका अध्यक्ष सत्यदेव शर्मा, पालिका उपाध्यक्ष शिव राम सैनी और स्वामी हरि चैतन्यपुरी महाराज ने फूल माला और दुपट्टा पहनाकर उनका सम्मान किया। इस दौरान आश्रम में मौजूद साधु-संतों और श्रद्धालुओं ने तालियां बजाकर उनका अभिनंदन किया। बताया गया कि दीपदान महायज्ञ के दौरान पप्पूराम सैनी ने व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था और यातायात प्रबंधन में उनके सहयोग की सभी ने सराहना की। महायज्ञ में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे, ऐसे में शांतिपूर्ण आयोजन के लिए उनका योगदान सराहनीय रहा। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष सत्यदेव शर्मा ने कहा कि पप्पूराम सैनी ने न केवल पुलिसकर्मी के रूप में, बल्कि समाजसेवी के रूप में भी हमेशा आगे बढ़कर काम किया है। धार्मिक आयोजनों में उनका सहयोग हमेशा मिलता रहता है। पालिका उपाध्यक्ष शिव राम सैनी ने कहा कि पुलिस और जनता के बीच ऐसा तालमेल ही समाज में शांति और भाईचारा बनाए रखता है। पप्पूराम सैनी का व्यवहार और सेवाभाव सभी के लिए प्रेरणा है। स्वामी हरि चैतन्यपुरी महाराज ने आशीर्वाद देते हुए कहा कि जो व्यक्ति धर्म और समाज सेवा के लिए समर्पित रहता है, उसे सभी का स्नेह और सम्मान मिलता है। उन्होंने पप्पूराम सैनी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

सम्मानित होने पर हेड कांस्टेबल पप्पूराम सैनी ने सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उन्हें और अधिक सेवा करने के लिए प्रेरित करेगा। वे आगे भी धर्म, समाज और जनता की सेवा में लगे रहेंगे। कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, पुलिसकर्मी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। अंत में सभी ने महायज्ञ की सफलता पर खुशी व्यक्त की और प्रसाद ग्रहण किया।

देव दिवाली: जब धरती पर उतरता है देवताओं का प्रकाश,प्रकाश का ऐसा उत्सव, जब काशी के घाटों पर स्वर्ग उतर आता है

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोटी



कामवन - भारतीय संस्कृति में दीपक सिर्फ मिट्टी का दिया नहीं है। वह अंधकार से प्रकाश की ओर, अज्ञान से ज्ञान की ओर और निराशा से आशा की ओर ले जाने वाला प्रतीक है। दिवाली के ठीक पंद्रह दिन बाद, कार्तिक पूर्णिमा की रात जब पूरा देश फिर से दीयों से जगमगा उठता है, तब मनाई जाती है देव दिवाली – देवताओं की दिवाली। मान्यता है कि इस दिन भगवान शिव स्वयं काशी नगरी में पधारते हैं और गंगा के घाटों पर दीप प्रज्वलित करते हैं। इसलिए काशी में इस रात का दृश्य किसी स्वर्ग से कम नहीं लगता।

त्रिपुरासुर वध और शिव की विजय

पौराणिक कथा के अनुसार, राक्षस त्रिपुरासुर ने अपने अत्याचार से देवताओं और ऋषियों का जीना मुश्किल कर दिया था। उसके आतंक से त्रिलोक त्रस्त था।

तब कार्तिक पूर्णिमा के दिन भगवान शिव ने त्रिपुरासुर का वध कर संसार को उसके भय से मुक्त किया। देवताओं ने इस विजय का उत्सव दीप जलाकर मनाया। तभी से यह दिन त्रिपुरारी पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। देव दिवाली हमें यही सिखाती है – बुराई पर अच्छाई की, अहंकार पर विनम्रता की और अधर्म पर धर्म की विजय हमेशा होती है, बस धैर्य और आस्था बनाए रखनी होती है।

काशी: जहाँ गंगा पर उतर आते हैं तारे

देव दिवाली का सबसे भव्य और दिव्य रूप वाराणसी में देखने को मिलता है।दशाश्वमेध घाट, अस्सी घाट, पंचगंगा घाट समेत गंगा के सभी घाट लाखों दीयों से जगमगा उठते हैं। गंगा आरती की लौ, शंखनाद की गूंज, मंत्रोच्चार की ध्वनि और दीयों की रोशनी – सब मिलकर ऐसा वातावरण बनाते हैं, जिसे शब्दों में बयान करना मुश्किल है। गंगा की लहरों पर तैरते दीये ऐसे लगते हैं, जैसे आकाश के तारे धरती पर उतर आए हों। दूर से देखने पर लगता है कि पूरी काशी सोने की रोशनी में नहा रही है।

यही कारण है कि देव दिवाली पर काशी में देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु और पर्यटक पहुंचते हैं।

स्नान, दान और दीपदान का महत्व

कार्तिक पूर्णिमा को गंगा सहित सभी पवित्र नदियों में स्नान का विशेष महत्व है। इस दिन किया गया स्नान, दान, जप-तप और दीपदान जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लाता है। घरों, मंदिरों, घाटों, तालाबों और नदियों के किनारे दीप जलाने की परंपरा सदियों से चली आ रही है। माना जाता है कि इस दिन श्रद्धा से किया गया दान मनुष्य के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और कल्याण का मार्ग खोलता है।

सिर्फ त्योहार नहीं, संस्कृति और पर्यावरण का संदेश

देव दिवाली केवल धार्मिक आयोजन नहीं है। यह भारतीय संस्कृति, सामूहिक भागीदारी और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का पर्व है।

लेकिन आज जरूरत है कि हम इस पर्व को स्वच्छता और पर्यावरण के साथ मनाएं। नदियों में प्लास्टिक, पॉलिथीन, रसायन और कूड़ा न डालें। मिट्टी के दीयों को प्राथमिकता दें। जल स्रोतों को स्वच्छ रखने का संकल्प लें। क्योंकि गंगा मैली होगी तो आरती की लौ भी फीकी लगेगी।

दिलों में भी जलाएं दीपक

आज समाज को सिर्फ घरों और गलियों में दीये जलाने की जरूरत नहीं है, बल्कि मन के अंधकार को मिटाने की भी जरूरत है – अज्ञानता, कटुता, ईर्ष्या, भेदभाव और नकारात्मकता को मिटाने की।

जब किसी जरूरतमंद बच्चे के जीवन में शिक्षा का दीपक जलेगा, जब समाज में सद्भाव का प्रकाश फैलेगा, जब मानवता सबसे ऊपर होगी – तभी देव दिवाली का सच्चा उद्देश्य पूरा होगा। देव दिवाली हमें याद दिलाती है कि एक छोटा सा दीपक भी घोर अंधकार को चुनौती दे सकता है।

दौसा में जिला स्तरीय योगा ओलंपियाड का शानदार आयोजन, प्रिया बैरवा बनीं बेस्ट ऑफ बेस्ट

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ हिमांशु मोटी



दौसा - राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् एवं जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा, दौसा के तत्वावधान में जिला स्तरीय योगा ओलंपियाड प्रतियोगिता 2026-27 का शानदार आयोजन शनिवार को इंद्रा कॉलोनी स्थित योग भवन, दौसा में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता सुबह 8:00 बजे से प्रारंभ हुई। इसमें जिले के स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय अंग्रेजी माध्यम एवं कस्तूरबा गांधी राजकीय आवासीय विद्यालय के विद्यालय स्तर के विजेता छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर योगासन एवं प्राणायाम का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक वीरेंद्र सिंह और मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दौसा अखिलेश शर्मा रहे। इस अवसर पर सहायक परियोजना समन्वयक रामगोपाल सोनी, योग गुरु सुरेश शर्मा, पतंजलि योग समिति की जिला प्रभारी कीर्ति शर्मा, प्राचार्य संगीता मीना सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे -

जूनियर छात्र वर्गः स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल, महवा के अनुज मीणा एवं रिहान खान ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जूनियर छात्रा वर्गः मॉडल स्कूल, महवा की अनुष्का मीना एवं हर्षिता कुमारी ने शानदार प्रदर्शन किया।

- सीनियर छात्रा वर्गः स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल, सिकराय की प्रिया बैरवा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। व्यक्तिगत प्रतियोगिताः महात्मा गांधी विद्यालय, टोरडा के योगेश सिंह महावर एवं छात्रा सानिया कुमारी बैरवा ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। बेस्ट स्कूल अवार्डः महात्मा गांधी विद्यालय, टोरडा को सम्मानित किया गया। बेस्ट ऑफ बेस्टः स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल, सिकराय की छात्रा प्रिया बैरवा बनीं। कार्यक्रम अधिकारी समग्र शिक्षा लोकेश शर्मा ने कहा कि जिला स्तरीय योगा ओलंपियाड का उद्देश्य बच्चों में योग के प्रति रुचि पैदा करना है। बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया। विजेता प्रतिभागी राज्य स्तर पर भी जिले का नाम रोशन करेंगे। अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक वीरेंद्र सिंह ने कहा, "योग विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। बच्चों ने जिस अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ प्रदर्शन किया, वह काबिले तारीफ है।" मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अखिलेश शर्मा ने कहा, "योग से बच्चों में एकाग्रता, अनुशासन और आत्मविश्वास बढ़ता है। सभी विद्यालयों को नियमित रूप से योग अभ्यास करवाना चाहिए।

सहायक परियोजना समन्वयक रामगोपाल सोनी ने कहा कि सभी विद्यालयों का सहयोग सराहनीय रहा और दौसा जिले में योग की मजबूत नींव तैयार हो रही है। अंत में सभी विजेता एवं प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए तथा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम का संचालन नरेंद्र शर्मा एवं नवनीत शर्मा ने किया। योग गुरु सुरेश शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

यात्रियों की परेशानी दरकिनार, राजस्व वसूली पर जोर!,भरतपुर रोडवेज की बस में ओवरलोडिंग पर चुप्पी, सुरक्षा के नाम पर यात्रियों को किया परेशान

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोटी



कामाँ - राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। मामला रोडवेज बस वाहन संख्या फख-05 7061 का है, जो प्रतिदिन भरतपुर - कुम्हेर, डीग, कामां होती हुई कोसी से जाती है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आज दोपहर कोसी बस स्टैंड से रोडवेज रवाना हुई. कंडक्टर सभी यात्रियों से बदसलूकी करते हुए टिकट काट रहा था. बस में मौजूद दैनिक प्राइम न्यूज व सुनहरा संसार व दैनिक जनगणदूत के ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी से भी कंडक्टर ने इस दौरान भारी बदतमीजी करते हुए टिकट थमाया. इस दौरान यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई यात्रियों को ट्रेन पकड़नी थी, किसी को डॉक्टर के पास जाना था तो किसी को जरूरी काम से समय पर पहुंचना था, लेकिन चालक से यात्रियों की बहस व बदसलूकी के नाम पर बसें खड़ी रखने से उनका समय बर्बाद हुआ। परिचालक अपने कर्त्तव्यों के प्रति उदासीन दिखा, उसने न केवल यात्रियों से बद सलूकी की बल्कि बस में मौजूद यात्रियों के सामने ही अवैध रूप से सामान भी रखा और उचित टिकट भी न देकर पैसे अपनी जेब में रखे.

इस तरह ये परिचालक राजस्थान रोडवेज को भारी पलीता लगा रहे हैं.

परिचालक निर्धारित यूनिफॉर्म में था या नहीं, लगेज के टिकट बनाए गए थे या नहीं, फर्स्ट एड बॉक्स उपलब्ध था या नहीं, शिकायत पुस्तिका रखी गई थी या नहीं और यात्रियों को उनके अधिकारों की जानकारी दी जा रही थी या नहीं?

सबसे गंभीर सवाल परिचालकों को लेकर है। बताया जा रहा है कि बस में निर्धारित क्षमता से अधिक यात्री सवार थे। कई यात्री खड़े होकर सफर कर रहे थे, बस में सांस लेने तक की जगह नहीं थी। इसके बावजूद ओवरलोडिंग पर क्या कार्रवाई की गई, यह जांच का विषय है। क्षमता से अधिक सवारी भरकर चलाना यात्रियों की सुरक्षा से खिलवाड़ है। इससे बस का संतुलन बिगड़ सकता है, ब्रेकिंग पर दबाव बढ़ता है, टायर फटने का खतरा रहता है और दुर्घटना या आग लगने पर यात्रियों को बाहर निकलने में कठिनाई होती है। आरोप है कि निगम के स्पष्ट आदेशों के बावजूद परिचालक केबिन में चालक के परिचितों को बैठाया जा रहा है। परिचालक चालक की भी बात नहीं माँ रहा था.उनसे बातचीत में व्यस्त रहता है, जिससे उसका ध्यान सड़क से भटकता है और दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है। अब सवाल है कि निगम के आदेशों की खुलेआम अनदेखी किसके संरक्षण में हो रही है? क्या जांच के दौरान केबिन में अनधिकृत व्यक्तियों की मौजूदगी की जांच अधिकारियों की जिम्मेदारी नहीं है? यात्रियों का आरोप है कि टिकट जांच के दौरान उनके समय और असुविधा का ध्यान नहीं रखा गया और ओवरलोडिंग के बावजूद कार्रवाई नहीं की गई। अब जरूरत है कि निगम के उच्च अधिकारी इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करवाएं और ओवरलोडिंग, सुरक्षा नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करें।

जनहित में सवाल यही है – रोडवेज का उद्देश्य केवल राजस्व बढ़ाना है या यात्रियों व चालकों द्वारा सुरक्षित, सुविधाजनक और समयबद्ध यात्रा उपलब्ध करवाना भी है?

इस सम्बन्ध में लोहागढ़ डिपो के अधिकारी राकेश सैनी ने फोन उठाना और मैसेज देखना भी मुनासिब नहीं समझा. क्या रोडवेज के उच्च अधिकारी देंगे यात्रियों की सुविधा व सुरक्षा का ध्यान?

कनवाड़ा में शिवनारायण गुर्जर की ऐतिहासिक जीत, वार्ड नं. 15 से बने पंचायत समिति सदस्य

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ हिमांशु मोटी



कामवन - ग्राम पंचायत कनवाड़ा मुल्लाका की देवतुल्य जनता ने अपने बेटे, अपने सेवक शिवनारायण गुर्जर कनवाड़ा को वार्ड नं. 15 से पंचायत समिति सदस्य (डायरेक्टर) बनाकर भारी मतों से विजयी बनाया है। जीत के बाद शिवनारायण गुर्जर ने समस्त ग्रामवासियों का दिल से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा - "आप सभी ने अपना अमूल्य वोट देकर मुझे अपना बेटा, अपना सेवक चुना है। मैं और मेरा परिवार सदैव आपका आभारी रहेगा। मैं 24 घंटे आपकी सेवा में सदैव तत्पर रहूंगा।" उन्होंने विशेष रूप से कामवन विधायक बहिन नौक्षम चौधरी का दिल की गहराइयों से बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया, जिन्होंने अपने छोटे भाई को भारतीय जनता पार्टी का टिकट देकर विजयी बनवाया और राजनीति में प्रवेश करवाया। ग्रामवासियों में जीत को लेकर भारी उत्साह है। लोगों का कहना है कि अब वार्ड 15 में विकास की नई गंगा बहेगी।

करमूका वास में फातिमा डायरेक्टर की बड़ी जीत, 156 वोटों से जीता वार्ड नंबर 18 का चुनाव, समर्थकों ने पुत्र अकरम खान का किया जोरदार स्वागत



दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ हिमांशु मोटी

कामां - डीग जिले के कामां तहसील के गांव करमूका वास से बड़ी खबर सामने आई है। वार्ड नंबर 18 के डायरेक्टर पद के चुनाव में फातिमा डायरेक्टर ने शानदार जीत हासिल की है।फातिमा ने अपने प्रतिद्वंदी को 156 वोटों के भारी अंतर से हराया। जैसे ही नतीजा सामने आया, पूरे गांव में खुशी का माहौल छा गया। समर्थकों ने नारे लगाते हुए फातिमा परिवार के लोगों को कंधों पर उठा लिया। जीत के बाद गांव में फातिमा डायरेक्टर के पुत्र अकरम का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान रुक्को, जोरू, नफीस, शौकीन, सलमान, अलीम, कासम और सद्दाम ने माला पहनाकर, मिठाई खिलाकर जोरदार स्वागत किया। गांव के लोगों ने ढोल-नगाड़ों के साथ जुलूस निकाला और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। फातिमा डायरेक्टर के पुत्र अकरम ने कहा - "यह जीत हमारी नहीं, पूरे करमूका वास और वार्ड नंबर 18 की जनता की जीत है। हम सबके विश्वास पर खरे उतरेंगे और वार्ड के विकास के लिए दिन-रात काम करेंगे. ग्रामीणों का कहना है कि इस जीत से गांव में विकास की नई उम्मीद जगी है।

नौनेरा में नव निर्वाचित सरपंच कमल कुमार और उपसरपंच किशोरी श्याम सैनी का भव्य स्वागत, जाटव समाज सरदारी ने किया सम्मान

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ हिमांशु मोटी



कामाँ / डीग - ग्राम पंचायत नौनेरा, तहसील कामाँ, जिला डीग (भरतपुर) में नव निर्वाचित सरपंच कमल कुमार एवं उपसरपंच किशोरी श्याम सैनी तथा समस्त नव कार्यकारिणी का भव्य स्वागत-सम्मान समारोह आयोजित किया गया। नौनेरा की जाटव समाज सरदारी द्वारा आयोजित इस सम्मान समारोह में नव निर्वाचित सरपंच और उपसरपंच को साफा पहनाकर, फूल-मालाओं से लादकर और मिठाई खिलाकर जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर समाज के गणमान्य लोगों ने नव निर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई दी और आशा व्यक्त की कि नई पंचायत के नेतृत्व में गांव में विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। गांव में सड़क, पानी, बिजली, सफाई, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया गया। समारोह के दौरान पूरे गांव में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला। बड़ी संख्या में ग्रामीण, बुजुर्ग, युवा और महिलाएं उपस्थित रहे। सभी ने नई कार्यकारिणी के उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। अंत में सरपंच कमल कुमार ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे गांव के सर्वांगीण विकास के लिए सबको साथ लेकर चलेंगे।

पुण्य धाम चकलेश्वर महादेव पर बलराम गिरी जी महाराज को श्रद्धांजलि, सभा के बाद भंडारा प्रसादी में उमड़े श्रद्धालु

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ हिमांशु मोटी



कामां - पुण्य धाम चकलेश्वर महादेव पर आज रविवार का दिन श्रद्धा और भक्ति को समर्पित रहा। बलराम गिरी जी महाराज के निर्वाण उपरांत आयोजित श्रद्धांजलि सभा व भंडारा प्रसादी में शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। सुबह से ही धाम पर श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। मंदिर प्रांगण में जैसे ही श्रद्धांजलि सभा शुरू हुई, पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। संतों और श्रद्धालुओं ने महाराज के जीवन, उनके त्याग और आध्यात्मिक साधना को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि बलराम गिरी जी महाराज ने अपना जीवन धर्म, सेवा और समाज कल्याण के लिए समर्पित कर दिया। उनका सरल स्वभाव और आध्यात्मिक ज्ञान हमेशा श्रद्धालुओं को मार्ग दिखाता रहेगा। श्रद्धांजलि सभा के बाद भंडारा प्रसादी का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बैठकर प्रसादी ग्रहण की। सेवादारों ने पूरी श्रद्धा और व्यवस्था के साथ सभी को प्रसादी वितरित की। धाम पर भक्ति, शांति और सेवा का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस पावन अवसर पर शिवराम सैनी वाइस चेयरमैन, देवेंद्र सैनी सतर्कता समिति सदस्य, राजेंद्र सिंह गहलोत वाइस प्रिंसिपल, वीरसिंह सैनी अध्यक्ष, रिंकू सैनी पार्षद, भगवान सिंह, गजेंद्र सैनी उर्फ गज्जू, भूरा सैनी बादीपुरिया और भूपेंद्र सैनी व्याख्याता सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने महाराज के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और भंडारा प्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। श्रद्धालुओं ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने और संस्कारों को जीवित रखने का काम करते हैं।

फिरोजाबाद में सघन पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ, 4.62 लाख बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की खुराक



सुनहरा संसार

जनपद फिरोजाबाद में रविवार को सघन पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम बदन राम ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धनपुरा, उपकेंद्र मक्खनपुर, विकासखंड शिकोहाबाद में बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर किया। सीएमओ ने बताया कि जनपद में 1170 पोलियो बूथों के माध्यम से 0 से 5 वर्ष तक के कुल 4,62,951 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बूथ दिवस के बाद 23 से 27 नवंबर तक स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगी। वहीं 30 नवंबर को विशेष अभियान चलाकर छूटे हुए बच्चों को दवा पिलाई जाएगी। इस दौरान सीएमओ ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलवाएं। उन्होंने कहा कि पहले पोलियो की दवा पी चुके बच्चों को भी प्रत्येक अभियान में दो बूंद जरूर पिलाएं, ताकि कोई भी बच्चा छूटने न पाए। कार्यक्रम में जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के प्रतिनिधि, चिकित्सा अधीक्षक सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। सीएमओ ने जनपदवासियों से अपील की कि "दो बूंद हर बार, पोलियो पर जीत रहे बरकरार" के संकल्प के साथ अभियान को सफल बनाएं।

बस व कार की आमने-सामने की भिड़ंत चालक व सवारियां बालबाल बची

सुनहरा संसार



फतेहाबाद। बीती रात ग्यारह बजे बाह फतेहाबाद मार्ग पर लोहिया पेट्रोल पम्प के सामने बस व कार की आमने-सामने की भिड़ंत बड़ा हादसा टला सवारियां वह चालक बाल बाल बचे। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात 11:00 बजे के करीब आगरा की तरफ से आ रही कार व बाह की तरफ से आ रही बस आपस में आमने-सामने टकरा गई बस को चालक प्रमोद कुमार पुत्र मोहरमन सिंह निवासी ग्राम जवासा मुरलीपुरा थाना भिंड मध्य प्रदेश बस भिंड मप्र से दिल्ली जा रही थी।वहीं कार चालक रोहित शर्मा पुत्र श्रीराम शर्मा निवासी कुतकपुर गोला थाना फतेहाबाद आगरा दिल्ली से जैतपुर जा रहे थे।तभी रात 11.00 बजे दोनों गाडियां आमने सामने से टकरा गयी। कार चालक शराब के नशे में था। जो मौके से भाग गया पुलिस ने दोनों वाहनों को सड़क से हटाया किसी और के कोई चोट नहीं आई है।

सोशल मीडिया पर फायरिंग के वीडियो को लेकर पिता पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज

सुनहरा संसार

फतेहाबाद। भाई की शादी में नाचते समय पिता की लाइसेंसी रिवाल्वर से फायरिंग करने वाले वायरल वीडियो के आधार पर थाना फतेहाबाद में पुत्र व पिता के खिलाफ मुकदमा दर्ज पुलिस ने पुत्र को पकडा। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा था जिसमें एक व्यक्ति शादी समारोह में नाचते हुए रिवाल्वर से अंधाधुंध फायरिंग कर रहा है जिसको लेकर डीसीपी पूर्वी के द्वारा जांच कर कार्रवाई के आदेश किए गए थे। जिसमें थाना फतेहाबाद पुलिस के द्वारा जांच में पाया गया की 20 नवंबर को भाई की शादी की रस्म में रिषभ पुत्र सुनील कुमार निवासी गढ़ी दरियाव थाना फतेहाबाद के द्वारा अपने पिता की लाइसेंसी रिवाल्वर से अंधाधुंध फायरिंग की जा रही है। जिसमें पुलिस के द्वारा रिषभ पुत्र सुनील व पिता सुनील के खिलाफ विभिन्न धाराओं में थाना फतेहाबाद में मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें पुलिस के द्वारा रिषभ को गिरफ्तार कर शांति भंग में पाबन्द किया गया है।

डिप्टी सीएमओ डॉ. कमल किशोर वर्मा ने मुख्यमंत्री आरोग्य मेले व पल्स पोलियो बूथ का किया निरीक्षण



सुनहरा संसार

फिरोजाबाद,जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कमल किशोर वर्मा ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिविल लाइन, डबरई का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में मरीजों को मिल रही निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं, दवाओं की उपलब्धता, जांच सुविधाओं एवं मरीजों के पंजीकरण का जायजा लिया। साथ ही पल्स पोलियो बूथ का निरीक्षण कर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने की व्यवस्थाएं देखीं। डॉ. वर्मा ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए टीबी उन्मूलन, नियमित टीकाकरण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, कुष्ठ रोग नियंत्रण और गैर संचारी रोगों की स्क्रीनिंग सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति जानी। उन्होंने स्वास्थ्यकर्मियों को सभी निर्धारित लक्ष्यों को समय से पूरा करने और पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने साफ-सफाई, दवाओं की उपलब्धता और मरीजों के प्रति संवेदनशील व्यवहार बनाए रखने पर जोर देते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

हिंदी प्रवक्ताओं का पांच दिवसीय शिक्षण दक्षता सेमिनार संपन्न, 50 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ हिमांशु मोटी



नई दिल्ली – रोहिणी स्थित सर्वोदय कन्या विद्यालय अवंतिका में हिंदी प्रवक्ताओं का पांच दिवसीय शिक्षण दक्षता संबंधित सेमिनार सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस सेमिनार में कुल 50 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और हिंदी शिक्षण को और अधिक रोचक व प्रभावी बनाने पर गहन विचार-विमर्श किया गया। सेमिनार के दौरान पाठ्यक्रम, पाठ्यपुस्तकों और मूल्यांकन के बीच तालमेल बिठाकर छात्रों में अपेक्षित भाषाई दक्षताओं के विकास पर विशेष जोर दिया गया। अधिगम की कमियों को पहचानकर उनका समाधान करने के व्यावहारिक तरीकों पर भी चर्चा हुई। गद्य, पद्य और व्याकरण पढ़ाने के लिए कहानी-कथन, समाचार-वाचन, संवाद, चित्रों और अन्य रोचक गतिविधियों के उपयोग पर प्रतिभागियों को अभ्यास कराया गया। साथ ही स्मार्ट कक्षाओं और अनुभवात्मक शिक्षण के माध्यम से कक्षा को अधिक सहभागी बनाने के सुझाव दिए गए। प्रवक्ताओं ने अपने-अपने कक्षा के अनुभव, पाठ योजनाएं और मूल्यांकन के व्यावहारिक तरीके एक-दूसरे के साथ साझा किए। इससे सभी को नई शिक्षण तकनीकों को समझने का अवसर मिला। कार्यक्रम में सहभागी रहे हिंदी साहित्य के विद्वान प्रवक्ता उदय शंकर पाण्डेय ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों की नितांत आवश्यकता है, जिससे हिंदी भाषा और साहित्य को अधिक रोचक तरीके से विद्यालयों में प्रस्तुत किया जा सके। उन्होंने कहा कि बच्चों की साहित्य पढ़ने की रुचि लगभग खत्म होती जा रही है, उसको जीवंत बनाए रखना सामाजिक और व्यावहारिक चेतना के लिए आवश्यक है। इस दौरान कोऑर्डिनेटर मंजू डबास, डाइट पीतमपुरा*' की सहभागिता रही। उनके साथ बतौर सहभागी डॉ. प्रदीप कुमार पाण्डेय, राधेश्याम पाण्डेय, रत्नेश झा, मीनाक्षी शुक्ला, बनी सिंह, रजनीकांत शुक्ला, डॉ. पवन कुमार, डॉ. हेमंत कुमार सिंह, मनोज त्रिपाठी, जयशंकर शुक्ला, शबनम त्रिपाठी, आलोक रंजन पांडेय, डॉ. रविकांत त्रिपाठी आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

सेमिनार के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने हिंदी शिक्षण को और अधिक जीवंत व छात्र-केंद्रित बनाने का संकल्प लिया।

एकतरफा प्यार में ममेरा देवर बना हत्यारोपित, भाभी की गला घोंटकर हत्या; रसोई में मिला शव

सुनहरा संसार



फिरोजाबाद। भाभी से एकतरफा प्रेम में कथित तौर पर पागल ममेरे देवर ने खौफनाक वारदात को अंजाम दे दिया। महिला पर घर छोड़कर साथ भागने का दबाव बनाया जा रहा था। विरोध करने पर आरोपी ने कथित तौर पर उसके साथ मारपीट की और गला घोंटकर हत्या कर दी। शनिवार सुबह पति काम से घर लौटा तो रसोई में पत्नी का शव देखकर उसकी चीख निकल गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई। छह साल की बेटी ने पुलिस को आरोपी के घर आने और मां से विवाद होने की जानकारी दी है। घटना थाना नारखी क्षेत्र के कपावली ठार गांव की है। यहां गौरव अपनी पत्नी तनु शर्मा, तीन बेटियों और मां रानी देवी के साथ रहता है। गौरव शादी समारोहों में सजावट का काम करता है। बताया गया कि उसकी मां रानी देवी इन दिनों अपने मायके गई हुई थीं। घर में तनु अपनी तीन बेटियों के साथ थी। शुक्रवार को गौरव काम के सिलसिले में शादी समारोह में गया हुआ था। शनिवार सुबह करीब पांच बजे जब गौरव घर लौटा तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। काफी आवाज देने के बाद छह वर्षीय बेटी सोम्या ने दरवाजा खोला। घर के अंदर पहुंचने पर गौरव ने रसोई में पत्नी तनु का शव पड़ा देखा। पत्नी की हालत देखकर उसकी चीख निकल गई। महिला के गले और चेहरे पर चोटों के निशान थे। शरीर पर नाखूनों के निशान भी बताए गए हैं। शुरूआती जानकारी के अनुसार महिला की पिटाई के बाद गला दबाकर हत्या की गई। परिजनों के मुताबिक, छह वर्षीय बेटी सोम्या ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार रात सिरसागंज क्षेत्र के गांव गुड़िया टिकुर निवासी रोहित घर आया था। वह रिश्ते में तनु का ममेरा देवर बताया गया है। घर पहुंचने के बाद उसका तनु से विवाद हुआ। इसके बाद रोहित ने सोम्या और उसकी दोनों बहनों परी तथा तीन माह की आराध्या को दूसरे कमरे में सोने के लिए भेज दिया। पुलिस इस बयान के आधार पर घटनाक्रम की जांच कर रही है। गौरव का आरोप है कि रोहित उसकी पत्नी तनु से एकतरफा प्रेम करता था। वह फोन करके उसे परेशान करता था और घर छोड़कर अपने साथ भाग चलने का दबाव बनाता था। तनु के विरोध करने के बावजूद आरोपी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा था। शुक्रवार रात घर में तनु को अकेला पाकर आरोपी वहां पहुंचा और कथित तौर पर उसकी हत्या कर दी। घटना की सूचना पर थाना पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। गौरव की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी रोहित के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। महिला के मोबाइल फोन की कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) की जांच में दोनों के बीच बातचीत होने की जानकारी सामने आई है।

गरौठा विधानसभा की विधायक खेल स्पर्धा का भव्य समापन, 1660 खिलाड़ियों ने किया प्रतिभाग

ब्यूरो एएच सिद्दीकी



झांसी। युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के अंतर्गत आयोजित की जा रही विधायक खेल स्पर्धा के क्रम में गरौठा विधानसभा क्षेत्र की दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन 21 एवं 22 नवंबर 2026 को खैर इंटर कॉलेज ग्राउंड, गरौठा रोड, गुरसराय में किया गया। प्रतियोगिता में गरौठा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के कुल 1660 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के प्रथम दिवस 21 नवंबर को मुख्य अतिथि विधायक गरौठा जवाहर लाल राजपूत एवं भाजपा जिला अध्यक्ष श्री प्रदीप पटेल ने खेल स्पर्धा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अतिथियों ने मार्च पास्ट की सलामी ली तथा सद्भावना के प्रतीक गुब्बारे उड़ाकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए खेल भावना के साथ प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में धनप्रकाश तिवारी, प्रधानाचार्य, त्यागमूर्ति आत्माराम खैर इंटर कॉलेज, शिवराम सिंह, जिला युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल अधिकारी सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता के द्वितीय दिवस एवं समापन अवसर पर विभिन्न खेल विधाओं में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रमुख प्रतियोगिताओं के परिणाम निम्नवत रहे–

टीम स्पधाओं के परिणाम सब-जूनियर बालक कबड्डी में हनुमत इंटर कॉलेज, बामौर की टीम विजेता रही।

सीनियर बालक कबड्डी में दुरबई की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जूनियर बालिका वॉलीबॉल में केआईसी की टीम विजेता रही।

एकल स्पधाओं के परिणाम
जूनियर बालक लंबी कूद - अखिलेश
सीनियर बालक ऊंची कूद - कृष्णा
सीनियर बालक 1500 मीटर दौड़ - सुमित
सीनियर बालक गोला फेंक - तेजपाल
जूनियर बालिका गोला फेंक - कृतिका वर्मा
सीनियर बालिका गोला फेंक - अंजली
जूनियर बालिका लंबी कूद - नव्या
सब-जूनियर बालिका लंबी कूद - चाइना

प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को मेडल, प्रमाण पत्र, शील्ड एवं थर्मोप्लास्टिक बोतल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

फतेहाबाद में धूमधाम से मनाई गई पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की जयंती

सुनहरा संसार



फतेहाबाद। समाजवादी पार्टी के संस्थापक, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं देश के पूर्व रक्षा मंत्री धरतीपुत्र स्व मुलायम सिंह यादव की जयंती फतेहाबाद में बड़े धूमधाम और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं ने नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। साथ ही उनके बताए समाजवादी विचारों और सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के बरिष्ठ नेता डा बच्चू सिंह निषाद ने कहा कि मुलायम सिंह यादव का जीवन संघर्ष, सादगी, सामाजिक न्याय और गरीबों, किसानों, मजदूरों तथा पिछड़े वर्गों के अधिकारों की लड़ाई के लिए समर्पित रहा। उन्होंने राजनीति में जमीन से जुड़े लोगों को आगे बढ़ाने का काम किया और समाज के कमजोर वर्गों को राजनीतिक भागीदारी दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिसमें समाजवादी पार्टी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी उप्र के प्रदेश सचिव नीरज चक ने कहा कि नेताजी के बताए रास्ते पर चलते हुए समाज के हर वर्ग को सम्मान, अधिकार और न्याय दिलाने के लिए पार्टी कार्यकर्ता निरंतर संघर्ष करते रहेंगे।कार्यक्रम में सुनील नीलम, अरसद खान, जीतू सविता, सरीफ खान, जसबन्त सिह, ऐन उदीन खान धनपाल सिंह आदि थे

पुलिस की निगरानी में हुआ विवाहिता का अंतिम संस्कार



सुनहरा संसार

फतेहाबाद। शनिवार को इलाज के दौरान विवाहिता की मौत के बाद रविवार को गांव में पहुंच शव पुलिस की निगरानी में हुआ अंतिम संस्कार । बताते चलेंगे पिंकी पत्नी महावीर सिंह उम्र 40वर्ष निवासी गढ़ी सावराय थाना फतेहाबाद की जहरीली दवा खाने से इलाज के दौरान मौत हो गई थी। जिसमें मायका पक्ष के द्वारा पुलिस को सूचना देकर पोस्टमार्टम कराया गया था इसी दौरान ससुराल पक्ष के द्वारा मायका पक्ष के लोगों पर हमला कर मारपीट की गई थी जिसमें पांच लोग घायल हुए थे जहां रविवार को दोपहर 2:00 बजे के करीब आगरा से शव गांव पहुंचा लेकिन परिजन डर की वजह से शव को लेकर थाने पहुंचे तभी मामले की गंभीरता को लेकर प्रभारी निरीक्षक फतेहाबाद विनोद कुमार मिश्रा के द्वारा दोपहर से ही गांव में बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात किया गया था लेकिन मायका पक्ष के लोगों के द्वारा अपने साथ अनहोनी की आशंका व्यक्त की जा रही थी तभी थाने से अतिरिक्त फोर्स के साथ शव को गांव में ले जाया गया और मृतका के शव का खेत पर अंतिम संस्कार किया गया।

कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह ने जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी के ब्रॉशर का किया विमोचन

सुनहरा संसार



फिरोजाबादः- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के तत्वाधान में जिलाधिकारी फिरोजाबाद संतोष कुमार शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह एवं जिला विद्यालय निरीक्षक श्रीमती मुदिता पाण्डेय की सहमति एवं निर्देशन में जनपद के सभी बोर्डों के कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन एवं विद्यालय के निदेशक अंशुल खंडेलवाल के संयोजन में दिनाँक 23 नवम्बर 2026 को प्रातः 9:30 बजे से अमेजिंग वर्ल्ड, इटावा रोड सिरसागंज में किया जा रहा है।

जयवीर सिंह, कैबिनेट मंत्री पर्यटन एवं संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार ने जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी के ब्रॉशर का विमोचन करते हुए जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के कार्यों की सराहना की।

अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि जनपद स्तर पर जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता के अंतर्गत क्रमशः कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों के 100 मॉडल प्रस्तुत किए जायेंगे।

जनपद स्तर पर गठित तकनीकी मूल्यांकन समिति द्वारा 15 मॉडलों का चयन करते हुए मण्डल स्तर हेतु उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्हीं 15 चयनित मॉडलों में से मूल्यांकनोंपरांत कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार हेतु क्रमशः रु 5000, रु 3000 व रु 2000 एवं 02 विद्यार्थियों को सान्त्वना पुरस्कार हेतु रु 1000, (प्रत्येक को) दिए जाने के साथ प्रशस्ति पत्र, सम्मान, प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह एवं निर्धारित नकद धनराशि से सम्मानित किया जाएगा एवं अन्य प्रतिभागियों को भी प्रतिभागिता प्रमाण पत्र दिया जाएगा। अंशुल खंडेलवाल ने जनपद के समस्त बोर्डों के विद्यालयों के प्रधानाचार्यों से अपील की है कि वे अपने विद्यार्थियों को उनके मार्गदर्शक शिक्षकों के साथ ससमय प्रतिभाग करा कर उनके वैज्ञानिक दृष्टिकोण में वृद्धि करें।

सियासी खींचतान

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोटी



डीग – जिले में पंचायती राज चुनाव के नतीजों के बाद बोर्ड गठन से पहले ही कांग्रेस में जीतने वाले सदस्य आखिर कहां गायब हो गए हैं और पार्टी को जरूरत पड़ने पर वह नजर क्यों नहीं आ रहे हैं। पूर्व मंत्री ने पूछा है कि क्या इन सदस्यों का पार्टी से नाता केवल चुनाव लड़ने और वोट हासिल करने तक ही सीमित था। डीग कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव चौधरी ने इन आरोपों को खारिज करते हुए दावा किया है कि कांग्रेस का कोई भी सदस्य गायब नहीं है और सभी पार्टी के संपर्क में हैं। जिलाध्यक्ष के अनुसार पहाड़ी और नगर पंचायत समिति में कांग्रेस के पास स्पष्ट बहुमत है और वहां पार्टी का ही बोर्ड बनेगा जबकि कम सीटों वाली जगहों पर भी जोड़-तोड़ की रणनीति जारी है। प्राप्त जानकारी अनुसार पंचायतीराज चुनाव के अधिकारिक चुनावी आंकड़ों पर नजर डालें तो डीग जिला परिषद की 29 सीटों में से कांग्रेस ने 14, भाजपा ने 10 और निर्दलीयों ने 5 सीटों पर जीत दर्ज की है। नगर पंचायत समिति की 29 सीटों में कांग्रेस को 15, निर्दलीयों को 9 और भाजपा को 4 सीटें मिली हैं। पहाड़ी पंचायत समिति की 29 सीटों में निर्दलीयों ने 15, कांग्रेस ने 13 और भाजपा ने 1 सीट पर कब्जा जमाया है। डीग जिले के पंचायतीराज चुनाव के अधिकारिक आंकड़ों के अनुसार कांग्रेस कई जगह बोर्ड बनाने की मजबूत स्थिति में नजर आ रही है लेकिन जीत के तुरंत बाद कई नवनिर्वाचित सदस्यों के संपर्क से बाहर होने ने पार्टी नेतृत्व की चिंता बढ़ा दी है। प्राप्त जानकारी अनुसार सियासी गलियारों में इस बात की जोरदार चर्चा है कि भाजपा ने निर्दलीयों के साथ-साथ कांग्रेस के भी कुछ जीते हुए सदस्यों को अपनी बाड़ेबंदी में ले लिया है, जिसके चलते अब जिले में प्रधान और जिला प्रमुख की कुर्सी हथियाने के लिए सियासी जोड़-तोड़ और रस्साकशी का दौर चरम पर पहुंच गया है।

विजयनगर रेंज रायसिंहनगर रेंज में अवैध आरा मशीनों और लकड़ी के कारोबार का मामला, वन विभाग की कार्रवाई पर उठ रहे सवाल

रायसिंहनगर/विजयनगर महेन्द्र पाल मेघवाल

विजयनगर रेंज रायसिंहनगर रेंज क्षेत्र में अवैध आरा मशीनों के संचालन, अवैध लकड़ी परिवहन और लकड़ी के अवैध भंडारण जैसी गतिविधियों को लेकर सवाल उठ रहे हैं। यदि इन गतिविधियों की शिकायतें सही हैं तो यह वन संपदा की सुरक्षा और वन विभाग की निगरानी व्यवस्था के लिए गंभीर चिंता का विषय है। क्षेत्र में कथित रूप से बिना आवश्यक अनुमति आरा मशीनें संचालित होने, लकड़ी का परिवहन किए जाने तथा विभिन्न स्थानों पर लकड़ी का भंडारण किए जाने की शिकायतों की निष्पक्ष जांच की आवश्यकता है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि क्षेत्र में इस प्रकार की गतिविधियां चल रही हैं तो संबंधित विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को इसकी जानकारी क्यों नहीं मिल रही? क्या वन विभाग द्वारा नियमित निरीक्षण और निगरानी की जा रही है? अवैध लकड़ी के कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ अब तक क्या कार्रवाई की गई है? स्थानीय स्तर पर इन मामलों की जांच करवाकर अवैध आरा मशीनों के लाइसेंस एवं अनुमति संबंधी दस्तावेजों की जांच, लकड़ी के परिवहन से जुड़े दस्तावेजों का सत्यापन और संदिग्ध स्थानों पर रखी लकड़ी के भंडारण की जांच करवाना जरूरी है। मामले में उच्च वन अधिकारियों से मांग है कि विजयनगर रेंज रायसिंहनगर रेंज क्षेत्र में विशेष जांच अभियान चलाया जाए। अवैध आरा मशीनें पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई हो तथा अवैध लकड़ी परिवहन और भंडारण की शिकायतों की जांच कर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। अब देखना यह होगा कि वन विभाग इन शिकायतों को कितनी गंभीरता से लेता है और वन संपदा की सुरक्षा के लिए क्या कदम उठाता है

लखीमपुर में गुरु नानक 557 वीं जयंती पर नगर कीर्तन निकला



सुनहरा संसार ब्यूरो प्रमुख जियाउल्ला खान

लखीमपुर खीरी में गुरु नानक देव जी की 557वीं जयंती पर रविवार को प्रकाश उत्सव के तहत नगर कीर्तन निकाला गया। पंज प्यारों की अगुवाई में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की सवारी निकली। इसमें बड़ी संख्या में सिख संगत और श्रद्धालु शामिल हुए। शहर के प्रमुख रास्तों पर लोगों ने फूल बरसाकर स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 11 बजे सेठ घाट रोड़ स्थित श्री निर्मल आश्रम में श्री अखंड पाठ साहिब के साथ हुई। दोपहर 2 बजे श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की सवारी के साथ नगर कीर्तन रवाना हुआ। नगर कीर्तन मेला मैदान चौराहा, संकटा देवी चौराहा, गल्ला मंडी, सराफा बाजार, श्रीराम चौराहा, अस्पताल रोड, गुरु गोबिंद सिंह चौक, हीरालाल धर्मशाला, रोडवेज और इमली चौराहा समेत शहर के प्रमुख रास्तों से गुजरा। शहर के प्रमुख चौराहों पर गतका दल ने सिखों की पारंपरिक युद्ध कला दिखाई। युवाओं ने तलवार, लाठी और ढाल के साथ करतब दिखाए। इसे देखने के लिए राहगीर और स्थानीय लोग भी रुके। शोभायात्रा में गुरु नानक देव जी के मानवता, समानता, भाईचारे और सेवा के संदेश दिए गए।

इस्कॉन झाँसी में भव्य कीर्तन मेले का हुआ आयोजन

ब्यूरो एएच सिद्दीकी

झांसी अंतरराष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन), झाँसी द्वारा कार्तिक मास के पावन अवसर पर रविवार, 22 नवंबर को चतुर्थ वार्षिक कीर्तन मेला 2026 का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालु एकत्रित हुए और भगवान श्रीकृष्ण के पवित्र नामों का सामूहिक संकीर्तन किया। गौरतलब है कि भगवान श्री चैतन्य महाप्रभु ने संकीर्तन आंदोलन के माध्यम से हरिनाम के प्रचार-प्रसार का संदेश पूरे विश्व को दिया था। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए श्रील प्रभुपाद ने इस दिव्य आंदोलन को विश्व के अनेक देशों तक पहुँचाया। आज इस्कॉन के सैकड़ों केंद्रों में एक साथ सामूहिक संकीर्तन के माध्यम से विश्व शांति, सद्भावना और मानव कल्याण का संदेश प्रसारित किया जा रहा है। झाँसी में आयोजित इस कीर्तन मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने अत्यंत शांतिपूर्ण एवं भक्तिमय वातावरण में हरे कृष्ण महामंत्र का विभिन्न मधुर धुनों में गायन किया। एक ही महामंत्र को अनेक धुनों में गाने की यह परंपरा इसकी सार्वभौमिकता और आध्यात्मिक महिमा को दर्शाती है। इस महामंत्र को सभी मंत्रों का सार माना गया है। अनेक लोगों ने हरिनाम संकीर्तन से अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन एवं आध्यात्मिक शांति का अनुभव किया है। यह आयोजन कार्तिक मास के पावन अवसर पर तथा भीष्म पंचक के दौरान किया गया, जो भगवान के प्रति समर्पण, साधना एवं भक्ति का विशेष समय माना जाता है।